संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 09 नवंबर 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 300 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

प्रदूषण: दिल्ली के स्कूलों में शीतकालीन अवकाश

ग्रैप 4 लागू

8 9 नवंबर से 18 नवंबर तक के लिए सर्दियों की छुट्टियां घोषित कर दी, प्रदूषण के चलते निदेशालय को पहले ही आयोजित करना पड़ा

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

वायु प्रदूषण के खराब स्तर को देखते हुए दिल्ली में ग्रेप (ग्रेडेड एक्शन रिस्पांस) का चौथा चरण लागू हो गया है। इसी को देखते हुए शिक्षा निदेशालय ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 का शीतकालीन अवकाश अभी से ही घोषित कर दिया है। प्रदूषण के चलते निदेशालय को इसे पहले ही आयोजित करना पड़ा। दिल्ली सरकार ने 9 नवंबर से 18 नवंबर तक के लिए सर्दियों की छुट्टियां घोषित कर दी हैं।

हर बार 1 जनवरी से होती हैं छुट्टियां: स्कूलों में शीतकालीन अवकाश हर बार 15 दिनों के लिए एक से 15 जनवरी तक आयोजित होता रहा है जिसे लेकर निदेशालय ने स्पष्ट किया कि शीतकालीन अवकाश की बची हुई छुट्टियां बाद में घोषित की जाएंगी। दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने इसका नोटिफिकेशन जारी करते हुए बताया है कि यह अर्ली विंटर वैकेशन यानी समय पूर्व शीतकालीन अवकाश है। यह शीतकालीन अवकाश का पहला भाग है।

एंटी ओपन बर्निंग अभियान चलाया गया

ओपन बर्निंग: पर्यावरण मंत्री ने बताया कि दिल्ली में जो ओपन बर्निंग की घटनाएं होती हैं और जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने का निर्देश जारी किया था, उसके लिए हमने एमसीडी, डीपीसीसी व राजस्व विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों की 611 टीमें बनाई है। एंटी ओपन बर्निंग अभियान के तहत गुरुवार से स्पेशल अभियान चलाया जाएगा। ये सभी टीमें दिल्ली में ओपन बर्निंग की घटनाओं की निगरानी और उसे रोकने का काम करेंगी। गोपाल राय ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश जारी किया है कि राजधानी में केवल दिल्ली में पंजीकृत ऐप आधारित टैक्सियों के चलाने की ही अनुमति दें। इस आदेश के अमल के लिए हमने परिवहन आयुक्त को आवश्यक निर्देश जारी कर दिया है।

ऑड-ईवन: अंत में गोपाल राय ने कहा कि ऑड-ईवन के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने इसके प्रभाव के बारे में स्टडी का जिक्र किया था। इस सबंध में दो स्टडी की गई हैं। पहली स्टडी हावर्ड एवं शिकागों विश्वविद्यालय की संयुक्त स्टडी है और दूसरी दिल्ली टेक्निकल विश्वविद्यालय की है। इन दोनों की स्टडी रिपोर्ट को अगली सुनवाई पर कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा और कोर्ट का जैसा आदेश होगा, उसी के अनुसार इस पर निर्णय लिया जाएगा। विभाग ने नोटिफिकेशन में यह भी कहा है कि शीतकालीन अवकाश के बचे भाग की घोषणा बाद में की जाएगी।

भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी: मोदी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दमोह में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा, 'आज, भारत का झंडा ऊंचा लहरा रहा है और इसने वैश्विक व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी स्थिति मजबूत की है।' उन्होंने कहा कि भारत की जी-20 प्रेसिडेंसी और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 मिशन की सफलता इसका प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने कहा, गरीबों और वंचितों समेत पूरे मध्य प्रदेश राज्य और इसके लोगों के दिल में मैं हूं और इसका कारण यह है कि मोदी हर समय उनकी सेवा में है। सभी का विकास और सशक्तिकरण सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस के कई दशकों के शासन के बावजूद, भारत में गरीबी एक निरंतर समस्या बनी हुई है।" विभिन्न वैश्विक संकेतकों पर मोदी ने पलटवार करते हुए कहा कि भारत ने कई वैश्विक संकेतकों में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। उन्होंने कहा, "यह मोदी की गारंटी है कि मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी।" उन्होंने कहा, "भारत की आर्थिक शक्ति और पुनरुत्थान बेहतर बुनियादी ढांचे के खर्च, गरीबी उन्मूलन और सभी के विकास और सशक्तिकरण को सक्षम करेगा।" कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने दोहराया, 'कांग्रेस भारत के लोगों की कीमत पर घोटाले, लालच, आपसी कलह, धोखे और आत्म-विकास की पार्टी है।'

दावा

8 "कांग्रेस के कई दशकों के शासन के बावजूद, भारत में गरीबी एक निरंतर समस्या बनी हुई है'

फास्ट न्यूज

विधेयकों की मंजूरी में राज्यपाल की देरी पर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

नई दिल्ली। केरल सरकार ने केरल हाई कोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है जिसमें राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने में जानबूझकर देरी करने के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी गई थी। राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में ये केरल सरकार की दूसरी याचिका है। ये याचिका केरल हाई कोर्ट के एनार्कुलम बेंच के 30 नवंबर, 2022 के आदेश के खिलाफ दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई पहले की याचिका में केरल सरकार ने राज्यपाल को बिना किसी देरी के लंबित बिलों का निपटान करने का निर्देश दिए जाने की मांग करते हुए कहा है कि राज्यपाल उनके समक्ष प्रस्तुत विधेयक को उचित समय के भीतर निपटाने के लिए बाध्य हैं। केरल सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान राज्य विधानसभा से पारित विधेयकों पर विचार करने में देरी कर रहे हैं। पब्लिक वेल्फेयर से जुड़े आठ से अधिक बिल पर विचार करने में अनुचित देरी करके राज्यपाल अपने संवैधानिक कर्तव्यों में विफल रहे हैं।

एनआईए को नक्सली हमले के आरोपितों की तलाश

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिलान्तर्गत टकालगुडियाम में सुरक्षा बलों पर नक्सली हमले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को छह आरोपितों की तलाश है। इनके बारे में सूचना देने वालों को इनाम देने की घोषणा की गई है। एनआईए ने इन आरोपितों के बारे में सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखने का भरोसा भी दिया है। सुरक्षा बलों पर नक्सली हमले के मामले में एनआईए को जिन आरोपितों की तलाश है, उनमें पुरुष और महिला शामिल हैं। एनआईए ने इन आरोपितों के नाम और फोटो के साथ एक पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें 62 वर्षीय रघु रेड्डी उर्फ विकास उर्फ कुनकट्टी वेंकटेस उर्फ शायलु उर्फ श्रीवन्नना उर्फ कुवाती वेंकटेश के बारे में सूचना देनेवाले को दस लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है। यह आरोपित कूटीगल मददूर मंडल, जिला वारंगल, तेलंगाना का रहने वाला है।

सीएम नीतीश के बयान पर मचा सियासी तूफान

= 'नेता ने माताओं-बहनों की उपस्थिति में ऐसी भद्दी भाषा में बातें की जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती: मोदी

नीतीश को घेरा

8 'बिस में माता-बहनों का अपमान हुआ', 'इंडिया' के नेता ने माताओं-बहनों के अपमान पर एक शब्द भी नहीं बोला"

टीम एक्शन इंडिया/गुना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को बिहार विधानसभा में जनसंख्या नियंत्रण मामले पर बोलते हुए एक अभद्र टिप्पणी की। नीतीश कुमार के इस बयान पर सियासी तूफान मचा हुआ है। इसी बीच बुधवार को पीएम मोदी ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। मध्य प्रदेश के गुना में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा,"कल आपने अखबार और टीवी पर एक घटना देखी होगी। आई.एन.डी.आई. गठबंधन के एक बहुत बड़े नेता, जो इनका झंडा लेकर घूम रहे हैं, उस नेता ने विधानसभा में माताओं-बहनों की उपस्थिति में ऐसी भद्दी भाषा में बातें की जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्हें ऐसी बातें कहने पर शर्म भी नहीं आई। पीएम मोदी ने आगे कहा,"इंडिया गठबंधन' के एक भी नेता ने माताओं-बहनों के इतने भयंकर अपमान पर एक शब्द भी नहीं बोला।"

आखिर क्या है पूरा मामला: दरअसल मंगलवार को सीएम नीतीश कुमार राज्य के प्रजनन दर पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने महिला शिक्षा और जनसंख्या नियंत्रण मामले पर बोलते हुए कहा, "हम चाहते हैं लड़की पढ़ाई करे। जब शादी होगा लड़का-लड़की में, तो जो पुरुष है वो तो रोज रात में करता है ना... तो उसी में और (बच्चा) पैदा हो जाता है। और लड़की पढ़ लेती है तो उसको मालूम रहेगा कि ऊ (पति) करेगा ठीक है, लेकिन अंतिम में भीतर मत घुसाओ, उसको बाहर कर दो। उसी वजह से संख्या घट रही है।" सीएम नीतीश के इस बयान के बाद पटना से लेकर दिल्ली तक राजनीतिक टिप्पणियों की एक लहर आ गई।

उनकी इतनी हिम्मत कैसे हुई: सुशील कुमार

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने एक्स हैंडल पर लिखा,"नीतीश कुमार आप मुख्यमंत्री हैं और आपके सदन में महिलाओं और देशों की नारी शक्ति के बारे में क्या टिप्पणी है! यह बहुत ही अशोभनीय, शर्मनाक और निंदनीय है।" नीतीश कुमार के माफी मांगने के बाद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि भले ही उन्होंने माफी मांग ली है, लेकिन पूरे बिहार को शर्मसार होना पड़ा। उनकी इतनी हिम्मत कैसे हुई इस तरह का लैंगिक बयान देने की?

सीएम नीतीश कुमार ने मांगी माफी

बुधवार को सीएम नीतीश कुमार ने अपने बयान के लिए माफी भी मांग ली। उन्होंने कहा, मैंने महिला उत्थान के लिए यह बयान दिया था, मेरा इरादा किसी को दुख पहुंचाने का नहीं था। यदि किसी को इस बात से ठेस पहुंची हो तो मैं माफी मांगता हूं और अपने शब्द वापस लेता हूं।" सीएम ने आगे यह भी कहा,"मैं न सिर्फ शर्म कर रहा हूं बल्कि खुद की निंदा भी करता हूं। नीतीश कुमार ने कहा कि अगर हमने कोई बात कही और इस पर इतनी निंदा हो रही है तो मैं अपने शब्दों को वापस लेता हूं। अगर कोई मेरी निंदा करता रहता था तो मैं उनका अभिनंदन करता रहता हूं।"

एनजीटी ने सात राज्यों में बढ़ते वायु प्रदूषण पर चिंता जताई

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बढ़ते वायु प्रदूषण पर चिंता जताई है। एनजीटी ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सातों राज्यों से वायु प्रदूषण को रोकने के लिए तुरंत कदम उठाने को कहा। एनजीटी ने राज्यों के मुख्य सचिवों, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के चेयरमैन, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। एनजीटी ने पराली जलने पर पंजाब सरकार को फटकार लगाई।

कल भारत आएंगे अमेरिकी विदेश-रक्षा मंत्री

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के लिए दो दिन बाद यानी 10 नवंबर को भारत आएगा। इसमें रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भी शामिल होंगे। बताया गया है कि यह दोनों देशों के बीच 2+2 फ्रेमवर्क के मद्देनजर पांचवीं बैठक होगी। इस्त्राइल और हमास में जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के दो शीर्ष नेताओं का भारत आना अपने आप में काफी बड़ा घटनाक्रम है। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया के हालात को देखते हुए अमेरिका लगातार संघर्ष को रोकने की कोशिश कर रहा है।

ऐसे में दोनों देश इस मुद्दे को लेकर अहम चर्चा कर सकते हैं। इसके अलावा दोनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्री क्वाड गठबंधन को लेकर भी बैठक करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री जयशंकर अपने समकक्षों के साथ अलग-अलग बैठकों में भी हिस्सा लेंगे। गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर पहले ही कह चुके हैं कि, विदेश मंत्री ब्लिंकन दो से दस नवंबर तक तेल अवीव (इस्त्राइल), अम्मान (जॉर्डन), अंकारा (तुर्किए), टोक्यो (जापान), सिओल (कोरिया गणराज्य) और नई दिल्ली (भारत) का दौरा करेंगे।

2+2 वार्ता

8 रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री जयशंकर समकक्षों के साथ अलग-अलग बैठकों में भी हिस्सा लेंगे

मप्र: 'जनता को हनुमान बनकर कांग्रेस की सरकार वापस लानी है'

टीम एक्शन इंडिया/भोपाल

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को मप्र विधानसभा चुनाव 2023 के प्रचार-अभियान के तहत इंदौर जिले के सांवेर और देवास जिले के खातेगांव में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित किया।

प्रियंका गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब अत्याचार होता है और कुनीति का राज होता है तो हमें उसके खिलाफ लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अहिरावण ने भगवान राम और लक्ष्मण के साथ छल करने का काम किया था। उसी तरह आपके द्वारा बनाई गई 2018 में पूर्ण बहुमत की कांग्रेस सरकार को भाजपा ने गिराने का काम किया और जनता से छल किया। कुछ बहुरूपियों ने छल-कपट करके 2018 की आपकी कांग्रेस सरकार का अपहरण किया। अब जनता को हनुमान बनाकर उसी कमलनाथ सरकार को वापस लाने का काम करना है।

'संकट आया, इसलिए राहुल गांधी केदारनाथ गए'

टीम एक्शन इंडिया/निवाड़ी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार दूसरे दिन मध्य प्रदेश के चुनावी समर में उतरे। सीएम ने साढ़े छह वर्ष में बदले यूपी की विकास गाथा को सुनाया तो कांग्रेस को निशाने पर रखा। बोले कि उत्तराखंड त्रासदी जब आई थी तो केंद्र व प्रदेश में कांग्रेस सरकार थी, लेकिन लोग कई-कई महीनों तक भटकते रहे। जब मोदी आए तो केंद्र व भाजपा की प्रदेश सरकार ने मिलकर इसे भव्य स्वरूप दिया। सीएम ने कहा कि पुष्प को हाथ में लेंगे तो उसकी सुगंध व कोमलता आनंद देगी, लेकिन बिच्छू को हाथ में बैठाएंगे तो वो काटेगा ही। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी योगी आदित्यनाथ के निशाने पर रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव में कांग्रेस हार रही है, इसलिए संकट के समय राहुल जी केदारनाथ में रहकर प्रार्थना कर रहे हैं कि भगवान आने वाले समय में क्या होगा। सीएम ने मध्य प्रदेश वासियों को अयोध्या आने का आमंत्रण दिया।

कांग्रेस निशाने पर

8 चुनाव में कांग्रेस हार रही है, इसलिए संकट के समय राहुल केदारनाथ में रहकर प्रार्थना कर रहे हैं: योगी

राहुल गांधी को न कांग्रेस गंभीरता से लेती है, न जनता: सीएम योगी आदित्यनाथ ने पन्ना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बृजेंद्र प्रताप सिंह के पक्ष में वोट देने की अपील की। बोले-यह पूरा क्षेत्र यूपी के बुंदेलखंड से जुड़ा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेतीबाड़ी के बहाने लोग इधर से उधर जाते हैं, इसलिए यह क्षेत्र हमसे दूर नहीं है। दोनों राज्यों के अंदर चलने वाली गतिविधियों का प्रभाव एक-दूसरे क्षेत्रों में चलता है। हम लोग नया नोएडा बसा रहे हैं।

अतिक्रमण हटाने की डीडीए की नोटिस निरस्त

नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने डीडीए को निर्देश दिया है कि महरौली आर्कियोलॉजिकल पार्क इलाके में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया नए सिरे से शुरू करके संबंधित लोगों को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त मौका दें। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने अतिक्रमण हटाने के लिए डीडीए की नोटिस को निरस्त कर दिया है।

डीडीए ने 12 दिसंबर, 2022 को अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया था।

वॉटर राईडिंग मुख्यमंत्री ने हथिनी कुंड बैराज पर वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का किया शुभारंभ, हरियाणा पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ रहा आगे

हथिनी कुंड क्षेत्र बनेगा पर्यटन का नया केंद्र: मुख्यमंत्री मनोहर लाल

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में हरियाणा आगे बढ़ रहा है। टूरिज्म एक ऐसा क्षेत्र है जिसे पूरी दुनिया के लोग सर्च करके घुमने आते है। जहां-जहां टूरिज्म बढ़ा है वहां के इलाके की प्रगति हुई है। लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। हरियाणा में भी पर्यटन के नाते लोगों का रुझान बढ़े, इसके लिए हथिनी कुंड बैराज पर वॉटर राईडिंग व यमुना में बोटिंग की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि हथिनी कुंड बैराज पर पार्क बनाया जा रहा है। इस पार्क का नाम भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम और नूहं जिलों के क्षेत्र में करीब 10 हजार एकड़ मे जंगल सफारी प्रोजेक्ट बनाया जाएगा। इसकी शीघ्र शुरूआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। आज के युवा का साहसिक खेलों की ओर रुझान ज्यादा है। पर्यटन के नाते हरियाणा में बहुत से क्षेत्रों में ऐसी गतिविधियों को बढ़ाया जा सकता है। पर्यटन के नाते कलेसर से कालका तक पहाड़ी के नीचे-नीचे बहुत सी संभावना है, जैसे कि पैदल ट्रैकिंग,साइकिल ट्रैकिंग व मोटरसाइकिल इत्यादि के माध्यम से विभिन्न स्थानों जैसे आदि बद्री, लोहगढ़, त्रिलोकपुर देवी का मंदिर का भ्रमण कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त बहुत से मनोरंजन के स्थान भी पहाड़ी के साथ पड़ते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ताजे वाला हैड पहले छोटा था। उसके बाद हथिनी कुंड बैराज बनाया गया, परन्तु पानी की अधिकता के कारण कलेसर में 50 मीटर ऊंचा डैम बनाया जाएगा। इस डैम से हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। यह प्रोजेक्ट 4 प्रदेशों का मिलन बिन्दु हैं। यहां पर पर्यटन की संभावना होगी और चारों प्रदेशों में पानी की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।

पर्यटन पर जोर

8 गुरुग्राम और नूहं जिलों के क्षेत्र में करीब 10 हजार एकड़ मे जंगल सफारी प्रोजेक्ट बनाया जाएगा: सीएम खट्टर

मानव तस्करी: एनआईए की छापेमारी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

मानव तस्करी के मामले में एनआईए ने बुधवार को देश के दस राज्यों में छापेमारी कर 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये छापेमारी त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक , तमिलनाडु , तेलंगाना , हरियाणा, राजस्थान, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा पुडुचेरी में चल रहे मानव तस्करी नेटवर्क के सिलसिले में की गई। बताया गया है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राज्य पुलिस बलों के साथ निकट समन्वय में आज यह व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान दौरान गुवाहाटी, चेन्नई, बेंगलुरु, जयपुर में एनआईए शाखाओं में मानव तस्करी के 4 मामले दर्ज कर दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 55 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर तलाशी ली। इन राज्यों से मानव तस्करी के 4 मामलों में 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण, दस्तावेज के साथ भारतीय व विदेशी मुद्रा भी बरामद की गई।

44 गिरफ्तार

8 गिरफ्तार आरोपतों को संबंधित क्षेत्राधिकार वाली अदालतों के समक्ष पेश किया जाएगा: एनआईए

बुधवार के आपरेशन के दौरान एनआईए ने कुल 44 गुर्गों को गिरफ्तार किया है। इनमें त्रिपुरा से 21, कर्नाटक से 10, असम से 5, पश्चिम बंगाल से तीन, तमिलनाडु से दो, पुडुचेरी, तेलंगाना और हरियाणा से एक एक गिरफ्तारी हुई है।

खेतों से ट्यूबवेल के इंजन चोरी करने वाले गिरोह के आरोपी अरेस्ट

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत
कमाल हुसैन

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए टू पुलिस टीम ने खेतों से ट्यूबवेल के इंजन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के सरगना सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरीशुदा इंजन खरीदने वाले आरोपी कबाड़ी को भी गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम को मंगलवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के तीन युवक टाटा एस गाड़ी में टयूबवेल इंजन के पार्टस रखकर मतलौडा में कवि रोड पर खड़े है। उक्त सामान चोरी का होने की संभावना है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर तीनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान अजय उर्फ मिक्कू पुत्र दलबीर, रोहित पुत्र जनाब व कमल पुत्र रणधीर निवासी जयसिंहपुरा के रूप में बताई। पुलिस टीम ने इंजन पार्टस बारे पूछताछ की तो आरोपियों ने 29 अक्तूबर की रात को गांव कारद खेतों से टयूबवेल के दो इंजन चोरी करने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना इसराना में वीरेंद्र पुत्र भीम सिंह

निवासी कारद की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने 25 अक्तूबर की रात गांव डुमियाना खेत से एक अन्य ट्यूबवेल का इंजन चोरी करने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना मतलौडा में चैन सिंह पुत्र चंद्रभान निवासी डुमियाना की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में आरोपियों ने चोरीशुदा दो इंजन गांव निवासी कबाड़ी रविंद्र पुत्र सुंडाराम को उधार में 12 हजार रूपए में बेचने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कबाड़ी रविंद्र को गिरफ्तार कर उसकी दुकान से चोरीशुदा दो इंजनों के पार्टस बरामद किये। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपियो से खुलासा हुआ गिरोह का सरगना आरोपी अजय उर्फ मिक्कू है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया तीनों आरोपियों ने मिलकर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए चोरी की उक्त वारदातों का अंजाम दिया। तीनों आरोपी रात के समय अजय की टाटा एस गाड़ी में सवार होकर खेतों से टयूबवेल के इंजन चोरी कर गांव निवासी कबाड़ी रविन्द्र को बेच देते थे।

पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर वृंदावन में रोकी बड़ी वारदात

टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। फिरोजाबाद और मथुरा जनपद की पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन चला कर वृंदावन में महंत की हत्या के लिए जुटे भाडे के 11 बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान चार बदमाशों को पुलिस की गोली लगी है। गिरफ्तार हुए बदमाशों में बिहार के चार शूटर भी शामिल हैं। ऑपरेशन को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में नौ पुलिसकर्मी फिरोजाबाद और 20 पुलिसकर्मी मथुरा के थे। टीम में शामिल 29 पुलिसकर्मियों को 50 हजार का इनाम दिया गया है। इसके अलावा प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। एडीजी और डीजी मुख्यालय द्वारा भी इस कार्य की प्रशंसा की गई है। पुलिस के अधिकारियों को जो खुलासा किया है उसके मुताबिक महंत की हत्या की योजना महंत के बिहार की एक जेल में बंद पुत्र और पुत्रवधू ने मिलकर बनाई थी। घटना की मीडिया को जानकारी देने के लिए मथुरा पुलिस लाइन में आईजी आगरा रेंज दीपक कुमार ने पत्रकारवार्ता की। इस दौरान एसएसपी मथुरा शैलेश पांडेय तथा एसएसपी फिरोजाबाद भी मौजूद रहे। आईजी आगरा रेंज दीपक कुमार ने बताया कि हमारी रेंज के दो जनपद मथुरा और फिरोजाबाद के एसएसपी के द्वारा समन्वय स्थापित कर के वृंदावन में डकैती और हत्या की जो लोग योजना बना रहे थे, उस योजना को फलीभूत नहीं होने दिया। इसके लिए अधिकारी बधाई के पात्र हैं। यहां पर एक आश्रम वृंदावन धाम में था जिसके महंत की तिवारी थे। उनका पुत्र अपने चाचा की हत्या के एक मामले में बिहार की एक जेल में बंद था।

वहां से उसने एक योजना अपनी पत्नी के द्वारा बनाई। आश्रम के सामने एक दवाई की दुकान थी, जिसका संचालक एक स्थानीय व्यक्ति था। उसके साथ योजना बनाई और उसने चार शूटर बिहार से लिये और फिरोजाबाद से भाडे के अपराधी हायर किये। इस तरह से इस पूरी योजना में 11 लोगों को शामिल किया गया।

'वीरवार से आगामी आदेशों तक 12वीं तक के स्कूलों में नहीं लगेंगी कक्षाएं' डीसी

पानीपत/कमाल हुसैन

बढ़ते प्रदूषण के चलते वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग व प्रदूषण नियंत्रण आयोग की अनुशंसा के आधार पर डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने वीरवार 9 नवंबर से बारहवीं कक्षा तक स्कूलों में कक्षाएं ना लगाए जाने के आदेश जारी किए हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने ये निर्देश बुधवार को जारी किए। उन्होने मंगलवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पी राघवेंद्र राव से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बातचीत करने के बाद बीते रोज ही प्री नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के स्कूलों को बंद करने के निर्देश जारी किए थे। उन्होंने बताया कि एयर क्वालिटी इंडेक्स में लगातार बढ़ोतरी होने से ग्रैप के स्टेज 4 की स्थिति आ गई है। अत्यंत गंभीर श्रेणी की स्थिति बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव का अंदेशा बना हुआ हैं। यह आदेश जिला के सभी निजी व सरकारी शिक्षण संस्थाओं में आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेंगे।

'लोगों की आशाओं पर खरा उतरने के लिए पूर्ण प्रयास किये जा रहे'

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत

सेवा का अधिकार आयोग हरियाणा के मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता ने आम जन का आह्वान किया कि वे आयोग से आस रखें उन्हें निराश नहीं करेंगे। लोगों की आशाओं पर खरा उतरने के लिए पूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले हैं। सोनीपत में 6 नवंबर, 2023 का आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि अंत्योदय सरल केंद्र में करीब 25 लाख 47 हजार 928 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 25 लाख 29 हजार 900 में सेवाएं प्रदान की गई। जबकि ऑटो अपील सिस्टम (आस) के तहत 35135 लोगों ने

अपील की जिनमें से 34955 का समाधान किया जा चुका है। सेवा का अधिकार आयोग हरियाणा के संयोजन में लघु सचिवालय में बुधवार को संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश से अवगत करवाया कि जनसंवाद मे आने वाले लोगों के हर आवेदन को पूरा करवाया जाए।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को वितरित किए स्मार्ट फोन

मथुरा। प्रदेश सरकार की ओर से छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन, टैबलेट वितरण के लिए चलाई गई योजना के तहत बुधवार को बाबा कन्हैया महाविद्यालय गढ़ी कोलाहर नौहझील बाजना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। स्मार्ट फोन वितरण स्कीम के तहत सभी विकास खंड नौहझील में यह वितरण समारोह महाविद्यालयों में किया जाएगा। बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी स्मार्ट महाविद्यालय गढ़ी कोलाहर नौहझील बाजना मे मुख्य अथिति के रूप मे उपस्थित हुए और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

श्याम चौधरी ने जूनियर नेशनल गेम्स में जीता कांस्य पदक

मथुरा। ब्रज के बेटे ने नेशनल गेम्स में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। नौहझील क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी श्याम चौधरी ने तमिलनाडु में चल रहे 38 वे जूनियर नेशनल खेलों में प्रतिभाग कर कांस्य पदक जीता है। श्याम चौधरी ने यहां सात नवंबर से तमिलनाडु में चल रही जूनियर नेशनल में डिस्कस थ्रो में 53.0 मीटर थ्रो लगाकर कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

श्याम चौधरी ने दूसरी बार मेडल जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 59/2023-2024 दिनांक 11.10.2023 क्र.सं. 02 निविदा संख्या 77236028 खुलने की तिथि 16.11.2023
उपरोक्त संदर्भित निविदा को खोलने की तिथि 16.11.2023 से बढ़ाकर 23.11.2023 कर दी गयी है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
नोट : उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह दूसरा शुद्धिपत्र है।
दिनांक 08.11.2023 3509/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2023

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 09.11.2023 से 16.11.2023 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

विशेष गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	स्थान	ठहराव
दिनांक 09.11.2023 (गुरुवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची						
04066	आनन्द विहार टर्मिनल	23:00	पटना जं.	16:00	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और दानापुर स्टेशन
01676	आनन्द विहार टर्मिनल	23:15	मुजफ्फरपुर जं.	21:15	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, चंदौसी, लखनऊ, गोरखपुर, छपरा और हाजीपुर स्टेशन
04080	नई दिल्ली	19:20	वाराणसी जं.	09:45	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और प्रतापगढ़ स्टेशन
05116	आनन्द विहार टर्मिनल	14:45	छपरा	09:30	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया और सीवान स्टेशन
04006	दिल्ली जं.	23:05	जयनगर	23:45	शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन
02248	आनन्द विहार टर्मिनल	00:30	पटना जं.	18:30	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
04016	नई दिल्ली	14:55	बनमनखी	18:45	3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास	मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, सिमरी बख्तियारपुर, सहरसा और दौरम मधेपुरा स्टेशन
05068	नई दिल्ली	14:00	गोरखपुर	04:15	3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास	गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन
04058	आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल)	08:30	जयनगर	07:00	सामान्य	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन
दिनांक 10.11.2023 (शुक्रवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची						
04060	आनन्द विहार टर्मिनल	10:30	जयनगर	15:15	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन
04012	नई दिल्ली	19:20	दरभंगा जं.	16:45	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढ़ी स्टेशन
01670	नई दिल्ली	08:10	गया जं.	00:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम और डेहरी–ऑन–सोन स्टेशन
02250	नई दिल्ली (राजधानी एक्स. स्पेशल)	19:10	पटना जं.	07:30	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
04002	आनन्द विहार टर्मिनल	00:05	पटना जं.	15:45	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
04022	नई दिल्ली	15:30	सहरसा जं.	16:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन
04494	आनन्द विहार टर्मिनल (गति शक्ति एक्स. स्पेशल)	16:40	लखनऊ	02:15	3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास	गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर जं. और हरदोई स्टेशन
04498	आनन्द विहार टर्मिनल	08:30	वाराणसी जं.	23:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, सुल्तानपुर और जौनपुर सिटी स्टेशन
02246	नई दिल्ली	23:45	पटना जं.	15:50	3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा स्टेशन
04146	आनन्द विहार टर्मिनल	10:15	प्रयागराज जं.	20:00	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	अलीगढ़, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी और फतेहपुर स्टेशन
05072	नई दिल्ली	10:00	छपरा	04:15	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, गोमतीनगर, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया और सीवान स्टेशन
दिनांक 11.11.2023 (शनिवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची						
04080	नई दिल्ली	19:20	वाराणसी जं.	09:45	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और प्रतापगढ़ स्टेशन
04488	आनन्द विहार टर्मिनल	23:15	गोरखपुर जं.	14:00	2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा और बस्ती स्टेशन
04002	आनन्द विहार टर्मिनल	00:05	पटना जं.	15:45	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
04022	नई दिल्ली	15:30	सहरसा जं.	16:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन
02252	नई दिल्ली (वंदे भारत एक्सप्रेस)	07:25	पटना जं.	19:00	वाता. कुर्सीयान	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
03578	आनन्द विहार टर्मिनल	11:55	आसनसोल जं.	10:20	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं.दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी–ऑन–सोन, गया, कोडरमा और धनबाद स्टेशन
02246	नई दिल्ली	23:45	पटना जं.	15:50	3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
04490	नई दिल्ली	19:35	दरभंगा जं.	16:45	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढ़ी स्टेशन
02248	आनन्द विहार टर्मिनल	00:30	पटना जं.	18:30	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
04052	आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल)	22:45	सहरसा जं.	03:30	सामान्य	हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन
04048	आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल)	15:30	पूर्णिया जं.	16:05	सामान्य	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी और कटिहार स्टेशन
04004	नई दिल्ली (अनारक्षित स्पेशल)	00:10	सीतामढ़ी जं.	23:30	सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज और रक्सौल स्टेशन
दिनांक 12.11.2023 (रविवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची						
04062	दिल्ली जं.	06:05	बरौनी जं.	06:30	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा और हाजीपुर स्टेशन
05284	आनन्द विहार टर्मिनल	13:25	मुजफ्फरपुर जं.	07:00	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर और हाजीपुर स्टेशन
04006	दिल्ली जं.	23:05	जयनगर	23:45	शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन
04016	नई दिल्ली	14:55	बनमनखी	16:45	3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास	मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, सिमरी बख्तियारपुर, सहरसा और दौरम मधेपुरा स्टेशन
04058	आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल)	08:30	जयनगर	07:00	सामान्य	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन
दिनांक 13.11.2023 (सोमवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची						
04080	नई दिल्ली	19:20	वाराणसी जं.	09:45	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और प्रतापगढ़ स्टेशन
01670	नई दिल्ली	08:10	गया जं.	00:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम और डेहरी–ऑन–सोन स्टेशन
04066	आनन्द विहार टर्मिनल	23:00	पटना जं.	16:00	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और दानापुर स्टेशन
01676	आनन्द विहार टर्मिनल	23:15	मुजफ्फरपुर जं.	21:15	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, चंदौसी, लखनऊ, गोरखपुर, छपरा और हाजीपुर स्टेशन
01664	आनन्द विहार टर्मिनल	11:10	सहरसा जं.	11:20	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, [illegible], बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन
02250	नई दिल्ली (राजधानी एक्स. स्पेशल)	19:10	पटना जं.	07:30	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
04002	आनन्द विहार टर्मिनल	00:05	पटना जं.	15:45	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
04022	नई दिल्ली	15:30	सहरसा जं.	16:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन
05024	दिल्ली जं.	14:30	गोरखपुर जं.	07:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन
05180	नई दिल्ली	00:30	छपरा	19:25	सामान्य	गाजियाबाद, इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज, थावे और सीवान स्टेशन
दिनांक 14.11.2023 (मंगलवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची						
04060	आनन्द विहार टर्मिनल	10:30	जयनगर	16:15	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन
04012	नई दिल्ली	19:20	दरभंगा जं.	16:45	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढ़ी स्टेशन
04010	आनन्द विहार टर्मिनल	23:45	जोगबनी जं.	06:20	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया, नौगछिया, कटिहार, पूर्णिया, अररिया कोर्ट, अररिया और फारबिसगंज स्टेशन
04002	आनन्द विहार टर्मिनल	00:05	पटना जं.	15:45	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
04022	नई दिल्ली	15:30	सहरसा जं.	16:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन
02252	नई दिल्ली (वंदे भारत एक्सप्रेस)	07:25	पटना जं.	19:00	वाता. कुर्सीयान	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
02246	नई दिल्ली	23:45	पटना जं.	15:50	3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
02260	नई दिल्ली	18:15	भागलपुर	15:15	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, किऊल, अभयपुर, जमालपुर और सुल्तानगंज स्टेशन
03438	आनन्द विहार टर्मिनल	18:30	मालदा टाउन	23:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, अभयपुर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, साहिबगंज, बरहरवा और न्यू फरक्का स्टेशन
03228	आनन्द विहार टर्मिनल	09:30	आरा	04:00	शयनयान एवं सामान्य	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, दिलदारनगर, गहमर, बक्सर, डुमरांव और बिहिया स्टेशन
04048	आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल)	15:30	पूर्णिया जं.	16:05	सामान्य	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया, मानसी और कटिहार स्टेशन
04052	आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल)	22:45	सहरसा जं.	03:30	सामान्य	हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन
04004	नई दिल्ली (अनारक्षित स्पेशल)	00:10	सीतामढ़ी जं.	23:30	सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज और रक्सौल स्टेशन
दिनांक 15.11.2023 (बुधवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची						
02250	नई दिल्ली (राजधानी एक्स. स्पेशल)	19:10	पटना जं.	07:30	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
02246	नई दिल्ली	23:45	पटना जं.	15:50	3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
04490	नई दिल्ली	19:35	दरभंगा जं.	16:45	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, पनियहवा, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढ़ी स्टेशन
04146	आनन्द विहार टर्मिनल	10:15	प्रयागराज जं.	20:00	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	अलीगढ़, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी और फतेहपुर स्टेशन
04006	दिल्ली जं.	23:05	जयनगर	23:45	शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन
04016	नई दिल्ली	14:55	बनमनखी	18:45	3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास	मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, सिमरी बख्तियारपुर, सहरसा और दौरम मधेपुरा स्टेशन
05070	नई दिल्ली	00:30	गोरखपुर	14:45	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन
04058	आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल)	08:30	जयनगर	07:00	सामान्य	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन
दिनांक 16.11.2023 (गुरुवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची						
04080	नई दिल्ली	19:20	वाराणसी जं.	09:45	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और प्रतापगढ़ स्टेशन
04066	आनन्द विहार टर्मिनल	23:00	पटना जं.	16:00	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और दानापुर स्टेशन
01676	आनन्द विहार टर्मिनल	23:15	मुजफ्फरपुर जं.	21:15	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, चंदौसी, लखनऊ, गोरखपुर, छपरा और हाजीपुर स्टेशन
05284	आनन्द विहार टर्मिनल	13:25	मुजफ्फरपुर जं.	07:00	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर और हाजीपुर
04002	आनन्द विहार टर्मिनल	00:05	पटना जं.	15:45	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
04022	नई दिल्ली	15:30	सहरसा जं.	16:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन
02252	नई दिल्ली (वंदे भारत एक्सप्रेस)	07:25	पटना जं.	19:00	वाता. कुर्सीयान	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
05116	आनन्द विहार टर्मिनल	14:45	छपरा	09:30	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया और सीवान स्टेशन
02248	आनन्द विहार टर्मिनल	00:30	पटना जं.	18:30	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
02246	नई दिल्ली	23:45	पटना जं.	15:50	3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन
05068	नई दिल्ली	14:00	गोरखपुर	04:15	3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास	गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन
03228	आनन्द विहार टर्मिनल	09:30	आरा	04:00	शयनयान एवं सामान्य	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, दिलदारनगर, गहमर, बक्सर, डुमरांव और बिहिया स्टेशन

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय–सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

DESTINATION UTTARAKHAND
GLOBAL INVESTORS SUMMIT 2023
December, 2023 Dehradun (Uttarakhand) Peace To Prosperity

उत्तराखण्ड शासन | G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

संकल्प
नये उत्तराखण्ड का

राज्य स्थापना दिवस
9 नवम्बर की



माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।

पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हार्दिक शुभकामनाएं

21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है।

ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा

नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री

केदारनाथ बदरीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपये के पुनर्निर्माण/पुनर्विकास कार्य, चारधाम यात्रा के दौरान रिकॉर्ड 55 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये दर्शन।

मानस खण्ड मंदिर माला मिशन।

4000 से अधिक होम-स्टे विकसित, 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।

मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के तहत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन।

पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को बेस्ट एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन का अवार्ड।

रेल कनेक्टिविटी : ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, टनकपुर बागेश्वर रेल लाईन।

रोड कनेक्टिविटी : चारधाम ऑल वेदर रोड, दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड व अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास।

रोप-वे कनेक्टिविटी : पर्वतमाला परियोजना, गौरीकुण्ड-केदारनाथ रोप-वे कनेक्टिविटी, गोविन्द घाट – हेमकुण्ड, सुरकण्डा देवी रोप-वे।

जमरानी बांध परियोजना को केन्द्रीय कैबिनेट की आर्थिक मामलों की कमेटी ने दी मंजूरी।

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के लिये अब तक 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू।

एस.जी.एस.टी. संग्रह में 33 प्रतिशत वृद्धि, राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 12 प्रतिशत से अधिक वृद्धि।

राजकीय विद्यालयों के साथ राजकीय सहायता प्राप्त (अशासकीय) विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें।

- देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून।
- लखपति दीदी योजना के तहत 1.25 लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य।
- पलायन रोकने तथा रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने हेतु "मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना"।
- मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना व मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना।
- मिशन दालचीनी, मिशन तिमरू, एरोमा पार्क व एरोमा वैली।
- राज्य में शहीद सैनिकों के परिवारों के एक सदस्य को रोजगार तथा विशिष्ट सेवा मेडल अवार्ड राशि में बढ़ोत्तरी।
- राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण।
- दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अन्तर्गत किसानों को 3 लाख और स्वयं सहायता समूहों को ₹ 5 लाख तक की धनराशि का ब्याज रहित ऋण।
- स्टेट मिलेट मिशन में स्थानीय कृषकों से झंगोरा, मंडुवा, सोयाबीन एवं चौलाई का उचित मूल्य पर क्रय।
- हॉर्टिकल्चर को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार पॉलीहाउस का बजट प्रावधान।
- राज्य के युवाओं के लिए "विदेश रोजगार प्रकोष्ठ का गठन"।
- समान नागरिक संहिता के लिये प्रभावी पहल।
- अटल आयुष्मान योजना में 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज।
- राज्य में निर्धन परिवारों को वर्ष में 3 सिलैन्डर निःशुल्क रीफिल की सुविधा।

दिल्ली में अभी नहीं लागू होगा ऑड-ईवन!

सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रभावशीलता की समीक्षा करने और आदेश जारी करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में ऑड-ईवन नियम लागू किया जाएगा: गोपाल राय

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल

दिल्ली सरकार ने बुधवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रभावशीलता की समीक्षा करने और आदेश जारी करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में ऑड-ईवन नियम लागू किया जाएगा।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार नियम की प्रभावशीलता निर्धारित करने के लिए शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान और दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा किए गए दो प्रमुख अध्ययनों के परिणाम प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी।

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने वाहन प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार के नियम की प्रभावशीलता पर सवाल उठाया और इसे ऑल ऑप्टिक्स कहा। मंत्री गोपाल राय ने पहले फ्लैगशिप योजना की घोषणा की थी, जो कारों को उनकी विषम या सम नंबर प्लेटों के आधार पर वैकल्पिक दिनों में संचालित करने की अनुमति देती है। जिसे 13 नवंबर से 20 नवंबर के बीच लागू किया जाएगा। शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान और एविडेंस फॉर पॉलिसी डिजाइन ने 2016 में सम-विषम प्रणाली के प्रभाव का विश्लेषण किया था। विश्लेषण के दौरान पाया था कि दिल्ली में जितने घंटों तक यह रहा, उसके दौरान पीएम2.5 के स्तर में 14-16 प्रतिशत की कमी देखी गई। हालांकि, जब उस वर्ष अप्रैल में योजना वापस लाई गई तो प्रदूषण में कोई कमी नहीं आई। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार दिल्ली में ऐप-आधारित टैक्सियों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को कनॉट प्लेस स्मॉग टॉवर को पूरी क्षमता से फिर से शुरू करने और राजधानी में प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों की पहचान करने के लिए एक अध्ययन फिर से शुरू करने के लिए आईआईटी कानपुर को शेष धनराशि जारी करने के निर्देश जारी किए हैं।

टाला

8 सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार दिल्ली में ऐप-आधारित टैक्सियों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया

कनॉट प्लेस में बंद पड़े स्मॉग टावर को फिर से चालू कर दिया

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

राजधानी के कनॉट प्लेस में बंद पड़े स्मॉग टावर को फिर से चालू कर दिया गया है। बढ़ते प्रदूषण पर रोकथाम के उपायों के तहत इसे फिर से शुरू किया गया है। बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस स्मॉग टावर को जल्द ही ठीक कराने के लिए सरकार को निर्देश दिए थे। कोर्ट का कहना था कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' श्रेणी में बना हुआ है। ऐसे में इसका चालू रहना जरूरी है। वहीं, दिल्ली सरकार ने बुधवार को कनॉट प्लेस स्थित स्मॉग टॉवर का निरीक्षण करने के लिए एक टीम भेजी। दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने बीते दिनों एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि स्मॉग टावर डीपीसीसी चेयरमैन अश्वनी कुमार के मनमाने फैसले के कारण बंद पड़ा है।

सरकार को नहीं दी जानकारी: उनका कहना था कि दिसंबर में पद संभालते ही अश्वनी कुमार ने स्मॉग टावर के संचालन में जुटी आईआईटी बॉम्बे और अन्य एजेंसियों की टीम के लिए फंड जारी करना बंद कर दिया। उन्होंने इसकी जानकारी सरकार को भी नहीं दी।

दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई का स्तर: वहीं, दिल्ली में वायु की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। दिल्ली में आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंच चुकी है।

साइट के मुताबिक, आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता (एक्यूआई) 999 दर्ज की गई। वहीं, आरके पुरम में 356, द्वारका 508, रोहिणी 309, नॉर्थ कैंपस 164 एक्यूआई दर्ज किया गया। एनसीआर में गुरुग्राम में 418, नोएडा सेक्टर 116 में 527, ग्रेटर नोएडा 539, गाजियाबाद में 374 दर्ज किया गया।

बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

यौन उत्पीड़न और बच्चों की तस्करी के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

सीमापुरी थाना पुलिस ने यौन उत्पीड़न और बच्चों की तस्करी के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में न्यू सीमापुरी निवासी नूर जहां, जहांगीर व अलाउद्दीन और आंध्र प्रदेश अनंतपुर निवासी रंगीपल्ली उर्फ ज्योति शामिल हैं। आरोपित जहांगीर घोषित अपराधी है, जिसके ऊपर पहले से 28 मामलों में प्राथमिकी पंजीकृत है। पुलिस चारों आरोपितों को पकड़ कर मामले की जांच कर रही है।

शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि आरोपित योजनाबद्ध तरीके से पीड़ितों को दिल्ली से आंध्र प्रदेश लेकर गए और वहां अवैध गतिविधियों को अंजाम देने के लिए मजबूर करते थे। एक पीड़िता ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और दिल्ली आकर आरोपितों के खिलाफ सीमापुरी थाने में प्राथमिकी पंजीकृत कराई। उसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर आरोपितों की तलाश शुरू की।

पीड़िता ने बताई पूरी कहानी: पीड़िता ने बताया कि आरोपित जहांगीर की पत्नी नूरजहां लगातार उनके घर आया करती थी। वह उनकी मां से उन्हें नौकरी करने के लिए अपने साथ भेजने को कहती थी। उनकी मां ने मना कर दिया तो उसने उनकी दादी से बात कर उन्हें अपने साथ ले जाने के लिए मना लिया। इसके बाद नूरजहां पीड़ित व उनके एक दोस्त को अपने साथ लेकर गई और अपने पति जहांगीर को सौंप दिया। जो उन्हें आंध्र प्रदेश के अनंतपुर ले गया और वहां उन्हें एक महिला को सौंप दिया। महिला दोनों को अवैध गतिविधियों को अंजाम देने के लिए मजबूर करने लगी, तो पीड़िता ने काम करने से मना कर दिया। इसके बाद मौका पाने पर पीड़िता वहां से भागकर दिल्ली आई और सीमापुरी थाने में 21 अगस्त को शिकायत दी।

शिकंजा

8 आरोपित जहांगीर घोषित अपराधी है, जिसके ऊपर पहले से 28 मामलों में प्राथमिकी पंजीकृत है

कुमार विश्वास के काफिले पर हमला, दी तहरीर

कार पर दोनों तरफ से टक्कर मारने की कोशिश की गई

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/गाजियाबाद

गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र में हरनंदी नदी के पास विख्यात कवि कुमार विश्वास के सुरक्षाकर्मियों और चिकित्सक डॉ. पल्लव बाजपेई भिड़ गए। वारदात के समय कुमार विश्वास अलीगढ़ जा रहे थे। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करके लिखा कि अलीगढ़ जाते समय वसुंधरा स्थित घर से जब निकला तो हरनंदी तट के पास किसी कार चालक ने साथ चल रहे सुरक्षाकर्मियों की कार में दोनों ओर से टक्कर मार कर हमला करने की कोशिश की। नीचे उतर कर सुरक्षाकर्मियों ने उस व्यक्ति को पूछताछ के लिए रोका तो उसने यूपी पुलिस के सिपाही व केंद्रीय बल के सुरक्षाकर्मियों पर भी हमला किया। पुलिस को रिपोर्ट की है।

डॉ. ने दी अलग तहरीर: वहीं, डॉ. पल्लव बाजपेई ने भी इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने लिखा है कि आरोग्य अस्पताल वैशाली से फ्लोरिस अस्पताल प्रताप विहार की ओर जा रहा था। पुलिस की गाड़ी ने पास मांगा तो दे दिया। उसके पीछे अपनी गाड़ी कर ली लेकिन उसे पीछे भी कार थी। उसने मेरी गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी रोक ली। उतर कर उससे बात की तो उसने बहस शुरू की। गाली-गलौज की।

झाड़ी में गिराकर पीटने का दावा: सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट की। चार-पांच लोगों ने मिलकर जमीन व झाड़ी में गिराकर पीटा। लात भी मारी।

जांच जारी

8 कार चालक ने साथ चल रहे सुरक्षाकर्मियों की कार में दोनों ओर से टक्कर मार कर हमला करने की कोशिश की

पांच मंजिला मकान में लगी आग, बच्ची घायल

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

दिल्ली के वेलकम इलाके में बुधवार तड़के 3.22 बजे उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक पांच मंजिला इमारत में आग लग गई। आग लगते ही इसकी सूचना पीसीआर कॉल पर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस 2 फायर ब्रिगेड, 2 एम्बुलेंस, 2 पीसीआर वैन और बीएसईएस कर्मचारी मौके पर तुरंत पहुंचे। शुरूआती में पाया गया कि जिस जगह आग लगी वह पांच मंजिला इमारत है। ग्राउंड फ्लोर पर संभावित शॉर्ट सर्किट के कारण पांच मोटरसाइकिल और एक साइकिल में आग लग गई थी। जानकारी के अनुसार, पांच साल की एक बच्ची के हाथ और पैर थोड़ा जल गए हैं। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार चल रहा है।

वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में: दिल्ली सरकार ने लगाया पड़ोसी राज्यों पर आरोप

नूराकुश्ती

8 आसपास के राज्यों में पटाखों पर प्रतिबंध लगाया जाए। भाजपा बयान देकर प्रदूषण को नियंत्रित करना चाहती है

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली भर में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। बुधवार सुबह को आनंद विहार में एक्यूआई 452, आरके पुरम में 433, ओखला में 426, पंजाबी बाग में 460, श्री अरबिंदो मार्ग में 382 शादीपुर में 413 और आईटीओ में 413 दर्ज किया गया। वहीं, शुक्रवार को सरकार सुप्रीम कोर्ट में पिछले ऑड ईवन की स्टडी रिपोर्ट दाखिल करेगी। इसके बाद अदालत के आदेश पर सरकार फैसला लेगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों की बैठक बुलाई। बैठक के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि मैं केंद्र से लगातार अपील कर रहा हूं कि मिलकर काम करना चाहिए। दिल्ली में हम लगातार ग्रैप के नियमों को लागू कर रहे हैं। लेकिन हमारी पड़ोसी सरकारें चुप्पी साधे बैठी हैं। मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब बैठकें होंगी और नियम लागू होंगे। मैं लगातार मांग कर रहा हूं कि हमारे आसपास के राज्यों में पटाखों पर प्रतिबंध लगाया जाए। भाजपा केवल बयान देकर प्रदूषण को नियंत्रित करना चाहती है। मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट पटाखों पर प्रतिबंध संबंधी आदेश का असर पड़ेगा। हम अगली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को ऑड-ईवन के बारे में पूरी जानकारी देंगे। खुले और बायोमास जलाने को रोकने के लिए 611 टीमों का गठन किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में कई निवासियों और यात्रियों ने सांस लेने में समस्याओं की शिकायत की और सरकार और संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए एक यात्री ने एएनआई को बताया, 'यह जहरीली हवा हमें सांस लेने में समस्या पैदा कर रही है। सरकार को हमें कुछ राहत दिलाने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।' भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक, मंगलवार को दिल्ली में प्रमुख सतही हवा दक्षिण-पश्चिम व उत्तर-पूर्व दिशाओं से चार से आठ किमी प्रति घंटे की गति से चली। दिन में धूप खिली और रात के तापमान में करीब 1.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़त हुई।

10 को बूंदाबादी के आसार

दिल्ली में 10 नवंबर को हल्की बूंदा बांधी के आसार हैं। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक 13 नवंबर तक सुबह धुंध छाया रह सकता है। साथ ही 10 नवंबर को मौसमी दिशाओं में बदलाव के कारण कुछ एक जगहों पर हल्की बूंदा-बांदी हो सकती है।

स्वरूप नगर इलाके में पड़ोसी ने युवक को चाकू से गोदा

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में शराब पीने के दौरान हुए विवाद के बाद पड़ोसी ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। घायल होने के बाद पीड़ित खुद ही घर पहुंचा। परिवारवालों ने लहूलुहान हालत में उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश कर रही है। मृतक की शिनाख्त गौरी शंकर के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ गली नंबर पांच में रहता था। परिवार में माता-पिता के अलावा पत्नी और दो बच्चे हैं। मृतक स्वरूप नगर थाने का घोषित बदमाश था और उसपर चार मामले दर्ज हैं। फिलहाल वह निजी गाड़ी चला रहा था। रविवार रात पुलिस को अंबेडकर अस्पताल से एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची।

घायल गौरी शंकर बयान देने के हालत में नहीं था।

पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। जांच में पता चला कि शाम पड़ोसी और अन्य साथियों के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया।

दम तोड़ा

8 परिवारवालों ने लहूलुहान हालत में उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसने दम तोड़ दिया

फैक्टरी कर्मचारी से सरेआम दो लाख की लूट

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के बोंटा पार्क के पास बीती रात लूट की एक और सनसनीखेज वारदात हुई। इसमें बाइक सवार बदमाशों ने एक फैक्टरी के कर्मचारी से दो लाख से ज्यादा की रकम लूटकर फरार हो गए। इस मामले में सिविल लाइंस थाना की पुलिस टीम ने एफआईआर दर्ज करके आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। डीसीपी मनोज कुमार मीणा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आनंद पर्वत में रहने वाले हरिप्रसाद ने पुलिस को लूट की इस वारदात के बारे में सूचना दी थी। वह आजादपुर की एक टॉय फैक्टरी के ओनर दीपक कुमार के लिए काम करता है। कलेक्शन करने के लिए कल साइकिल मार्केट गया हुआ था। मार्केट से आठ अलग-अलग शॉप से 2 लाख 8000 कलेक्ट करके अपने ओनर दीपक गुप्ता के घर कल्याण बिहार, मॉडल टाउन जा रहा था। रात करीब 7:45 बजे के आसपास जब वह रिज रोड, बंटा पार्क के पास पहुंचा तभी पल्सर बाइक पर सवार तीन बदमाश पहुंचे और उन्होंने स्कूटी के डिग्गी में रखा कैश लूट लिया। इस मामले में 392/34 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। लुटेरों की तलाश की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के अलावा टेक्निकल सर्विलांस की मदद ले रही है। शुरूआती छानबीन में पुलिस को यह भी लग रहा है कि कहीं ना कहीं लूट की इस वारदात में किसी जानकार का भी हाथ हो। क्योंकि जब कैश डिग्गी में रखा हुआ था तो उसकी स्पेसिफिक जानकारी बदमाशों तक कैसे पहुंची।

सीएम केजरीवाल ने की डीपीसीसी अध्यक्ष को निलंबित करने की सिफारिश

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार को तत्काल निलंबित करने की सिफारिश की। साथ ही, प्रदूषण कम करने के लिए बनाए गए स्मॉग टॉवर को जल्द शुरू करने की मांग की। दिल्ली सरकार के सूत्रों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने जनहित के मुद्दे से जुड़े स्मॉग टावरों को बंद करने को लेकर अश्विनी कुमार के फैसले पर सवाल उठाए। कोर्ट ने इस फैसले को हास्यास्पद बताया और डीपीसीसी अध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। साथ ही, इन टॉवरों को तुरंत चालू करने का निर्देश दिया। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली सरकार के प्रयास में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए उपराज्यपाल से शिकायत की। उन्होंने कहा कि ऐसे नौकरशाह पर कार्रवाई में तेजी लाएं। अश्विनी को तत्काल निलंबित करें। इससे पहले पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भी तत्काल निलंबन की मांग उठाई थी। उन्होंने कहा था कि अश्विनी ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए आईआईटी कानपुर के रियल टाइम सोर्स अपार्टमेंट अध्ययन का भुगतान रोक दिया है। यह कैबिनेट के फैसले का उल्लंघन है। वहीं, अन्य मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट और मंत्रिपरिषद के फैसले का उल्लंघन करते हुए स्मॉग टावरों के कामकाज को रोकने का आदेश दिया।

भारी वाहनों के लिए सख्ती से लागू हो नियम: दिल्ली में भारी वाहनों को लेकर जारी आदेश के बाद भी लापरवाही हो रही है। इसे लेकर परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि रात के समय भारी वाहन दिल्ली में आते हैं, जो सुबह तक रहते हैं। इनकी जांच में ढील दी जा रही है। सीमाओं पर वाहनों की सख्ती से जांच होनी चाहिए।

ऑनलाइन होगी कॉलेजों में पढ़ाई: दिल्ली में कॉलेज ऑनलाइन माध्यम से चलेंगे। इसे लेकर मंगलवार को जाकिर हुसैन कॉलेज व हंसराज कॉलेज ने आदेश जारी किया है जबकि कई कॉलेजों ने पहले ही आदेश जारी कर दिए थे।

यमुना किनारे छठ पूजा पर एनजीटी के प्रतिबंध को चुनौती देने पर हाईकोर्ट का सुनवाई से इनकार

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली में यमुना किनारे छठ पूजा मनाने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि एनजीटी ने यह प्रतिबंध यमुना में प्रदूषण रोकने के लिए लगाया है। ऐसे में यमुना में प्रदूषण को देखते हुए इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। दिल्ली सरकार ने 2022 में आदेश दिया था कि यमुना के किनारे छठ मनाई जाएगी, लेकिन यमुना प्रदूषित ना हो, इसका खास ध्यान रखा जाए और इसके लिए विशेष निगरानी टीम भी तैनात की गई थी। हर साल दिल्ली सरकार साफ सफाई समेत कई नियमों को लागू कर घाटों पर छठ पूजा की इजाजत देती रही है। दरअसल, यमुना में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए एनजीटी ने पहले से ही यमुना के घाटों पर छठ पूजा करने पर प्रतिबंध लगा रखा है। एनजीटी के इसी आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है।

शाहदरा जोन के बिल्डिंग विभाग का पूरा स्टाफ फरार

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने शाहदरा जोन के बिल्डिंग विभाग में चल रहे उगाही के खेल की बहुत पहले सूचना दे दी थी। मगर एमसीडी ने जांच करने की जहमत नहीं उठाई और एसीबी को इस तरह का कोई रैकेट नहीं चलने की बात कह दी। करीब सात महीने बाद जब एसीबी ने कलेक्शन एजेंट को गिरफ्तार किया तो इस खेल का खुलासा हुआ है। आरोपी रेवाड़ी निवासी महेश, जई राजेश मीणा और एई आपस में फेसटाइम एप बात करते थे। एसीबी ने आरोपी कलेक्शन एजेंट महेश को मंगलवार को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। इस मामले में जेई राजेश मीणा व एई फरार हैं। एसीबी जनरैल सिंह की टीम ने शाहदरा जोन के बिल्डिंग विभाग में दबिश दी। एसीबी टीम जब वहां पहुंची तो बिल्डिंग विभाग का पूरा स्टाफ फरार था। एसीबी पुलिस अधिकारियों के अनुसार विभाग में एक भी कर्मचारी नहीं था। एसीबी की दबिश से जोन में पूरी तरह हड़कंप मच गया था।

खुलासा

8 करीब सात महीने बाद जब एसीबी ने कलेक्शन एजेंट को गिरफ्तार किया तो इस खेल का खुलासा हुआ

10 साल से चल रहा था उगाही का खेल: एसीबी प्रमुख संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने बताया कि रैकेट पिछले 10 वर्ष से चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि रैकेट से जुड़े लोग करोड़ों रुपये वसूल चुके हैं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के जेई राजेश मीणा व एई के लिए कलेक्शन व उगाही करने के आरोप में गिरफ्तार एजेंट महेश ने पूछताछ में काफी सनसनीखेज खुलासे किए हैं। एसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एसीबी को मार्च महीने में इस रैकेट की जानकारी मिल गई थी। इसके बाद एसीबी ने इसके लिए दिल्ली नगर निगम को पत्र लिखकर जानकारी दी थी। पत्र में कहा गया था कि महेश नाम का एजेंट एमसीडी के अधिकारियों के पैसे एकत्रित कर रहा है, इस बात की शिकायतें मिल रही हैं। एसीबी ने महेश का मोबाइल नंबर भी निगम को दिया था।

मगर निगम ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। निगम ने एसीबी को जवाब दिया था कि महेश नाम के व्यक्ति का निगम अधिकारियों से कोई लेना-देना नहीं है। निगम अधिकारी किसी महेश को नहीं जानते।

संपादकीय

विषम परिस्थितियां जीवन की बड़ी परीक्षा

मनुष्य की विनम्रता और साहस सबसे बड़ा मनोबल होती है। कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे ' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है'

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है।

सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं।

मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है।

यमराज की पूजा का पर्व है धनतेरस

रमेश सर्राफ धमोरा

> दीपक को रोली से तिलक लगाकर अक्षत और मिष्ठान आदि चढाएं। इसके बाद इसमें कुछ दक्षिणा आदि रख दीजिए जिसे बाद में किसी ब्राह्मण को दे देवें। अब दीपक पर कुछ पुष्पादि अर्पण करें। इसके बाद हाथ जोडकर दीपक को प्रणाम करें और परिवार के प्रत्येक सदस्य को तिलक लगाएं। अब इस दीपक को अपने मुख्य द्वार के दाहिनी और रख दीजिए। यम पूजन करने के बाद अन्त में धनवंतरी पूजा करें। इस प्रथा के पीछे एक लोक कथा है। कथा के अनुसार किसी समय में एक राजा थे जिनका नाम हेम था। दैव कृपा से उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने जब बालक की कुण्डली बनाई तो पता चला कि बालक का विवाह जिस दिन होगा उसके ठीक चार दिन के बाद वह मृत्यु को प्राप्त होगा

धनतेरस का त्योहार दिवाली त्योहार के पहले दिन को दर्शाता करता है। यह त्योहार लोगों के जीवन में समृद्धि और स्वास्थ्य लाने के लिए माना जाता है और इसलिए इसे बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। दीपावली का प्रारम्भ धनतेरस से हो जाता है। धनतेरस पूजा को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोई बर्तन खरीदे। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दौरान अपने घर में 13 दीये जलाना चाहिए और अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। जिसमें से सबसे पहले दक्षिण दिशा में यम देवता के लिए और दूसरा धन की देवी मां लक्ष्मी के लिए जलाना चाहिए। इसी तरह दो दीये अपने घर के मुख्य द्वार पर एक दीया तुलसी महारानी के लिए एक दीया घर की छत पर और बाकी दीये घर के अलग-अलग कोने में रख देने चाहिए। माना जाता है कि यह 13 दीये नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माओं से रक्षा करते हैं।

धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है। वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी इसी दिन से प्रारम्भ होती है। इस दिन घरों को लीप-पोतकर, चैक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाहन किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस को चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावली, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए।

धनतेरस का दिन धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते है। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है।

धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है अथवा यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मारण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। हिन्दु धर्म की ऐसी मान्यता है कि यमराज और देवी यमुना दोनों ही सूर्य की सन्ताने होने से आपस में भाई-बहिन हैं और दोनों में बड़ा प्रेम है। इसलिए यमराज यमुना का स्नान करके दीपदान करने वालों से बहुत ही ज्यादा प्रसन्न होते और उन्हें अकाल मृत्यु के दोष से मुक्त कर देते है।

धनतेरस के दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता हैं। इस दीप को यमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है। रात को घर की स्त्रियां दीपक में तेल डालकर नई रूई की बत्ती बनाकर, चार बत्तियां जलाती हैं। दीपक की बत्ती दक्षिण दिशा की ओर रखनी चाहिए। जल, रोली, फूल, चावल, गुड़, नैवेद्य आदि सहित दीपक जलाकर स्त्रियां यम का पूजन करती हैं। चूंकि यह दीपक मृत्यु के नियन्त्रक देव यमराज के निमित्त जलाया जाता है, अतः दीप जलाते समय पूर्ण श्रद्धा से उन्हें नमन तो करें। साथ ही यह भी प्रार्थना करें कि वे आपके परिवार पर दया दृष्टि बनाए रखें और किसी की अकाल मृत्यु न हो। धनतेरस की शाम घर के बाहर मुख्य द्वार पर और आंगन में दीप जलाने की प्रथा भी है। धनतेरस को मृत्यु के देवता यमराज जी की पूजा करने के लिए संध्या के समय एक वेदी (पाट्टा) पर रोली से स्वास्तिक बनाइये। उस स्वास्तिक पर एक दीपक रखकर उसे प्रज्वलित करें और उसमें एक छिद्रयुक्त कोड़ी डाल दें। अब इस दीपक के चारों ओर तीन बार गंगा जल छिडकें।

दीपक को रोली से तिलक लगाकर अक्षत और मिष्ठान आदि चढाएं। इसके बाद इसमें कुछ दक्षिणा आदि रख दीजिए जिसे बाद में किसी ब्राह्मण को दे देवें। अब दीपक पर कुछ पुष्पादि अर्पण करें। इसके बाद हाथ जोडकर दीपक को प्रणाम करें और परिवार के प्रत्येक सदस्य को तिलक लगाएं। अब इस दीपक को अपने मुख्य द्वार के दाहिनी और रख दीजिए। यम पूजन करने के बाद अन्त में धनवंतरी पूजा करें। इस प्रथा के पीछे एक लोक कथा है। कथा के अनुसार किसी समय में एक राजा थे जिनका नाम हेम था। दैव कृपा से उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने जब बालक की कुण्डली बनाई तो पता चला कि बालक का विवाह जिस दिन होगा उसके ठीक चार दिन के बाद वह मृत्यु को प्राप्त होगा। राजा इस बात को जानकर बहुत दुखी हुआ और उन्होने राजकुमार को ऐसी जगह पर भेज दिया जहां किसी स्त्री की परछाई भी न पड़े। दैवयोग से एक दिन एक राजकुमारी उधर से गुजरी और दोनों एक दूसरे को देखकर मोहित हो गये और उन्होंने गन्धर्व विवाह कर लिया।

विवाह के पश्चात विधि का विधान सामने आया और विवाह के चार दिन बाद यमदूत उस राजकुमार के प्राण लेने आ पहुंचे। जब यमदूत राजकुमार प्राण ले जा रहे थे उस वक्त उसकी नवविवाहिता पत्नी का विलाप सुनकर उनका हृदय भी द्रवित हो उठा। परन्तु विधि के अनुसार उन्हें अपना कार्य करना पड़ा। यमराज को जब यमदूत यह कह रहे थे उसी वक्त उनमें से एक ने यमदेवता से विनती की। हे यमराज क्या कोई ऐसा उपाय नहीं है जिससे मनुष्य अकाल मृत्यु के लेख से मुक्त हो जाए।

दूत के इस प्रकार अनुरोध करने से यमदेवता बोले हे दूत अकाल मृत्यु तो कर्म की गति है। इससे मुक्ति का एक आसान तरीका मैं तुम्हें बताता हूं सो सुनो। कार्तिक कृष्ण पक्ष की रात जो प्राणी मेरे नाम से पूजन करके दीप माला दक्षिण दिशा की ओर भेट करता है। उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। यही कारण है कि लोग इस दिन घर से बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीप जलाकर रखते हैं। चूंकि यह समृद्धि का त्योहार है, इसलिए लोग अपने घरों को भी साफ करते हैं, उन्हें एक नया रंग देते हैं और कई तरह से सजाते हैं। धनतेरस हर किसी को समृद्ध और अच्छे स्वास्थ्य का एहसास कराता है। दीपावाली धन से ज्यादा स्वास्थ्य और पर्यावरण पर आधारित त्योहार है। दीपावली एक ऐसा त्योहार है जिसके अपने पर्यावरणीय निहितार्थ है। मौसम मे बदलाव और दीपपर्व मे घनिष्ठ सम्बन्ध है। इसे समझते हुए कृपया दीपावली पर पर्यावरण को नुकसान पहुचाने वाली गतिविधिया ना करे।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)

कविता

मुझे छोड़ने का इरादा न कर
कसम है तुझे जान ऐसा न कर

है कमजर्फ वो उस से शिकवा न कर
तू खुद अपने को यार रुसवा न कर

कहीं उस की अजमत न हो जाए कम
उसे इस कदर भी तू सोचा न कर

न हो जिस की ताबीर मुमकिन कभी
तू ऐसा कोई ख़्वाब देखा न कर

तेरे बिन गुजारूं गा कैसे हयात
खुदा के लिए मुझ को तन्हा न कर

सिवा तेरे कुछ और आए न ध्यान
अब इस दर्जा भी याद आया न कर

ये तुझ को मिली है न मिल पाए गी
तू हर वक़्त ही दुनिया दुनिया न कर

भला चाँद भी मुट्ठी में आए गा
तू बे फाएदा इतना उछला न कर

कभी तो खुशी से लगा कर गले
कि हर दिन ये नखरे दिखाया न कर

वो तेरा कभी भी न होगा "जकी"
वो परछाई है उस का पीछा न कर

जकी तारिक

मुख्यमंत्री नीतीश ने तो हद कर दी!

भारतीय राजनीति में छोटे-बड़े ऐसे कई नेता हुए हैं या हैं जिनकी जुबान का निशाना महिलाएं बनी हैं और फिर बवाल मचा है। बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तो हद कर दी । उन्होंने ऐसा कुछ बोला कि जनता सुन कर हैरान है । पहले आपको ऐसे ही अब तक कुछ दूसरे नेताओं की जुबान से निकले महिलाओं पर नेताओं के बिगड़े कुछ बोल वचन के बारे में बताते है फिर हम नीतीश कुमार पर आएंगे। किसी समय समाजवादी पार्टी प्रमुख स्व. मुलायम सिंह यादव ने एक रैली में कहा था, "जब लड़के और लड़कियों में कोई विवाद होता है तो लड़की बयान देती है कि लड़के ने मेरा बलात्कार किया। इसके बाद बेचारे लड़के को फांसी की सजा सुना दी जाती है। बलात्कार के लिए फांसी की सजा अनुचित है। लड़कों से गलती हो जाती है।" कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने भी महिलाओं पर कई बार विवादित बयान दिए है । एक पार्टी कार्यक्रम में उन्होंने जयंती नटराजन को 'टंच माल' कह दिया था। दिग्गी ने एक बार राखी सावंत पर टिप्पणी करते हुए कहा था अरविंद केजरीवाल और राखी सावंत जितना एक्सपोज करने का वादा करते हैं उतना करते नहीं हैं। उनके इस बयान पर राखी ने उन्हें 'सठिया गए हैं' कहकर झिड़का था। शरद यादव महिलाओं पर कई बार अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं। जेडीयू नेता शरद यादव ने बयान दिया था कि बेटियों की इज्जत से वोट की इज्जत बड़ी है, जिसके बाद सभी तरफ से इसका बयान का खंडन किया गया। शरद यादव ने साउथ की महिलाओं को लेकर कहा था, 'साउथ की महिला जितनी ज्यादा खूबसूरत होती है, जितना ज्यादा उसकी बॉडी।वह पूरा देखने में काफी सुंदर लगती है। वह नृत्य जानती है।' महिला आरक्षण विधेयक जब पहली बार संसद में रखा गया था तब उन्होंने कहा था कि, इस विधेयक के जरिए क्या आप 'परकटी महिलाओं' को सदन में लाना चाहते हैं। भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था, महिलाओं को ऐसा श्रृंगार करना चाहिए, जिससे श्रद्धा पैदा हो, न कि उत्तेजना। कभी कभी महिलाएं ऐसा श्रृंगार करती हैं, जिससे उत्तेजित हो जाते हैं लोग। बेहतर हैं कि महिलाएं लक्ष्मण रेखा में रहें। होली मिलन के एक कार्यक्रम में भाजपा नेता ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को 'महिलाओं का शौकीन' बताया था। छत्तीसगढ़ के कोरबा से भाजपा सांसद बंसीलाल महतो ने राज्य की लड़कियों के लिए ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसे लेकर उनकी काफी आलोचना हुई थी।

महतो ने छत्तीसगढ़ के खेल मंत्री भैयालाल राजवाड़े का नाम लेते हुए कहा था कि वो अक्सर बोला करते हैं कि अब बालाओं की जरूरत मुंबई और कलकत्ता से नहीं है, कोरबा की टूरी और छत्तीसगढ़ की लड़कियां टनाटन हो गई हैं।

विचार

मिलावटखोरी देश के लिये कलंक

निर्मल रानी

वैसे तो जब भी भारत में मनाये जाने वाले प्रमुख त्यौहार करीब आते हैं उस समय खाद्य सामग्री विशेषकर दूध,घी,पनीर में व इनसे बनी मिठाइयों में मिलावट की खबरें सुर्खियां बटोरने लगती हैं। परन्तु सच पूछिये तो यह पूरे देश का दुर्भाग्य है कि वह पूरे वर्ष मिलावटी खाद्य सामग्री का शिकार बना रहता है। खेतों में उगाई जाने वाली सब्जियों से लेकर फल तक सभी में रासायनिक तत्वों की भरमार रहती है। अनेक महानगरों व औद्योगिक नगरों में तो खेतों में सब्जियों की सिंचाई के लिये औद्योगिक कचरे व रसायन से युक्त जहरीला पानी तक इस्तेमाल किया जाता है। दूध के नाम पर तो 70 प्रतिशत से भी अधिक लोग जहर पी रहे हैं। यदि इन पर तुरंत नियंत्रण नहीं किया गया तो एक अनुमान के अनुसार 2025 तक देश की लगभग 87 प्रतिशत आबादी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की गिरफ़्त में होगी। जरा सोचिये कि जिस देश में दूध के उत्पादन से लगभग चार गुना ज्यादा प्रतिदिन दूध की खपत होती हो वहां शुद्ध दूध का प्रश्न ही कहाँ रह जाता है। होली दिवाली जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान स्वास्थ्य व खाद्य विभाग की टीमें थोड़ी बहुत मुस्तैदी दिखाती हैं जिसके चलते कुछ नाममात्र लोग नकली दूध,खोया,घी,मक्खन,दही या मिठाइयां आदि बनाते हुए पकड़े जाते हैं। कोई नहीं जानता कि जहर बेचने वाले इन दुष्ट मिलावटखोरों का जहर खा पी कर कितने लोग जानलेवा बीमारियां खरीद बैठे और कितने मौत की आगोश में समा बैठे। विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना,विश्वगुरु बनने की ललक,देश में धर्म व अध्यात्म के नाम का हिलोरें मारता हुआ समुद्र,पूरे देश में प्रवचन कताओं की भीड़,बुलेट ट्रेन दौड़ने की तैयारी जैसी तमाम बातें उस समय नाचते हुये मोर द्वारा अपना पैर देख लेने के समान हो जाती हैं जब इसी विकासशील भारत में हम मिलावट का बाजार सिर चढ़ कर बोलता हुआ देखते हैं। मिलावट खोर केवल दूध घी में ही मिलावट नहीं करते बल्कि यह आटा, बेसन, मसाले, कुट्टू का आटा, तेल, पनीर, मावा आदि सभी खाद्य सामग्री में मिलावट करते हैं। कैमरा मोबाईल के इस दौर में अब न तो यह सब केवल आशंकायें रह गयी हैं न ही अंदाजे। बल्कि इसी मिलावटखोर नेटवर्क में ही काम करने वाला कोई शख़्स जब इस भ्रष्ट व मिलावटखोर व्यवस्था से किन्हीं भी कारणों से स्वयं को अलग करता है वही व्यक्ति काम छोड़ने से पहले चुपके से इस मिलावटखोरी प्रकरण की पूरी वीडिओ तैयार करता है और खुद ही उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर देता है। फिर चाहे वह सब्जियों में जहरीले इंजेक्शन लगाकर रातोंरात सब्जी का आकर व वजन बढ़ाना हो या रासायनिक अथवा डिटर्जेंट दूध तैय्यार करना हो। नकली व जहरीली मिठाइयां बनाना हो। घोर गंदिगी के वातावरण में खाने पीने का सामान तैयार करना हो या खाद्य सामग्री तैयार करते समय उसमें सड़ी गली चीजों का प्रयोग हो। सब कुछ देश की जनता देखती रहती है। हद तो यह कि बाजारों में सरे आम चांदी और सोने का वर्क लगी मिठाईयां बेची जा रही हैं जिनमें न ही सोना है न ही चांदी बल्कि एल्युमीनियम जैसी घातक धातुओं को चांदी और सोने के वर्क के नाम पर पूरे देश में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। मिलावटखोरी रोकने वाले विभाग वैसे तो वर्ष भर निरंतर जांच पड़ताल करने व नमूने इकट्ठे करने के लिये गठित किये गए हैं। परन्तु इन में मिलावटी मिठाइयों व खाद्य सामग्रियों की जांच पड़ताल में तेजी या विभागीय सक्रियता त्यौहारों से कुछ दिन पहले ही नजर आती है। यही वजह है कि मिलावटखोरों के हौसले बुलंद रहते हैं और साल भर मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वाले लोगों के त्यौहारों के दौरान भी यह बाज नहीं आते। और इन्हीं त्योहारों के दिनों में वह मोटे नोट कमाते हैं। इस दौरान यदि खाद्य व स्वास्थ्य विभाग की टीम छापा मार कार्रवाई करती भी है और मिठाइयों या अन्य खाद्य सामग्रियों के सैंपल लेती भी है तो यह कार्रवाई एक लम्बी कानूनी प्रक्रिया से गुजरती है। अगर मामला लेदेकर रफा दफा नहीं भी हुआ तो सेम्पल की लैब रिपोर्ट आने तक इंतजार करना पड़ता है। जबतक रिपोर्ट नेगेटिव नहीं आती तब तक दुकानदार अपना संदिग्ध सामान बेच सकता है। गोया फिलहाल तो इस तरह की छापामार कार्रवाई केवल खानापूर्ति ही साबित होगी।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

बच्चों को मोबाइल फोन के चंगुल से बचाना

विजय गर्ग

जबकि डिजिटल युग सीखने और मनोरंजन के अवसर प्रदान करता है, हमारे बच्चों को इसमें शामिल होने से बचाना महत्वपूर्ण है सर्वव्यापी स्मार्टफोन अब संचार, मनोरंजन और ज्ञान का एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जो सभी उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहा है। हालाँकि, इस डिजिटल क्रांति के अप्रत्याशित परिणाम विशेष रूप से हमारी युवा पीढ़ी पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। जैसे-जैसे मोबाइल फोन हमारे पक्के साथी बनते जा रहे हैं, बच्चे तेजी से स्क्रीन के अनूठे आकर्षण का शिकार होते जा रहे हैं। परिवर्तन आश्चर्यजनक है, और परिणाम चिंताजनक हैं, जो माता-पिता और मनोवैज्ञानिकों दोनों को युवा दिमागों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव की जांच करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डिजिटल डॉन कहानी अक्सर मासूम इरादों से शुरू होती है. माता-पिता अपने बच्चों को मनोरंजन और शिक्षा का साधन प्रदान करने के उद्देश्य से स्मार्टफोन पेश करते हैं। हालाँकि, जो एक नेक इरादे वाले निर्णय के रूप में शुरू होता है वह जल्द ही बच्चों के लिए एक सर्व-उपभोग वाला शगल बन जाता है। समय के साथ, उनका दिन अंतहीन स्क्रॉलिंग, वर्चुअल गेम और वीडियो सामग्री के निर्माण से भर जाता है, एक प्रवृत्ति जिसने हमारे समाज में तूफान ला दिया है। डॉ. अल्वारो बिलबाओ, एक प्रसिद्ध मनोचिकित्सक, अपनी पुस्तक "अंडरस्टैंडिंग योर चाइल्ड्स ब्रेन" में इस स्क्रीन की लत से उत्पन्न होने वाले असंख्य मुद्दों पर प्रकाश डालते हैं। उनके शोध के अनुसार, छह वर्ष और उससे कम उम्र के बच्चे जो अपने स्मार्टफोन पर अत्यधिक घंटे बिताते हैं, उनकी याददाश्त में गिरावट आती है। ऐसे बच्चों में चिड़चिड़ापन, मोटापा, अवसाद, चिंता और ध्यान की कमी संबंधी विकार विकसित होने का भी अधिक खतरा होता है। उनका व्यवहार काफी अधिक अस्थिर है, जो उनके भीतर की भावनात्मक उथल-पुथल को दशार्ता है। हर घर में डिजिटल दुविधा स्मार्टफोन की लत शहरी और ग्रामीण सीमाओं को पार कर पूरे भारत के घरों में दिखाई दे रही है।

आज का उत्तराखंड है पुराणों का मानस खंड

डॉ घनश्याम बादल

9 नवंबर, 2000 को देश के सत्ताईसवें राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश से उत्तरांचल नाम से आज के उत्तराखंड का जन्म पहाड़ को पहचान व विकास में जान डालने के सपने के साथ हुआ, शुरू में केवल 10 जिले थे जो बाद में बढ़कर 13 हो गए इनमें से 7 गढ़वाल में, देहरादून, उत्तरकाशी , पौड़ी, नई टिहरी, चमोली, रूद्रप्रयाग और हरिद्वार और 6 कुमाऊँ मंडल में हैं जिनमें अल्मोड़ा, रानीखेत, पिथौरागढ़, चम्पावत, बागेश्वर और उधमसिंहनगर शामिल हैं जबकि और तीन जिलों की मांग पूरी करना अभी भी शेष है । उत्तराखंड पूर्व में नेपाल , उत्तर में चीन , पश्चिम में हिमाचल प्रदेश और दक्षिण में उत्तर प्रदेश से घिरा हुआ है।

इस क्षेत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां के धरातल पर भौगौलिक समाजवाद दिखाई देता है ,उत्तराखंड की संस्कृति संसार की सर्वश्रेष्ठ संस्कृतियों में मानी जा सकती है। इस भूमि की पवित्रता एवं प्राकृतिक विशेषता के कारण ही इसे **देवभूमि का नाम दिया गया है** ।

पुराणों में मानसखंडः पौराणिक ग्रन्थों में यह क्षेत्र मानसखण्ड के नाम से प्रसिद्व था। पौराणिक ग्रन्थों में उत्तरी हिमालय में सिद्ध गन्धर्व, यक्ष, किन्नर जातियों की सृष्टि और इस सृष्टि का राजा कुबेर को बताया गया है । कुबेर की राजधानी अलकापुरी (बद्रीनाथ से ऊपर) बताई जाती है। पुराणों के अनुसार राजा कुबेर के राज्य में आश्रम में ऋषि-मुनि तप व साधना करते थे। अंग्रेज इतिहासकारों के अनुसार हुण, सकास, नाग, खश आदि जातियाँ भी हिमालय क्षेत्र में निवास करती थी। पौराणिक ग्रन्थों में केदार खण्ड व मानस खण्ड के नाम से इस क्षेत्र का व्यापक उल्लेख है। इस क्षेत्र को देव-भूमि व तपोभूमि माना गया है।

धर्म कर्म का राज्यः उत्तराखंड में बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री चारों धाम भारतीय संस्कृति के समन्वय की अद्भुत मिसाल हैं, ये चारों धाम भारतवासियों के ही नहीं विश्व जनमास के श्रद्धा व विश्वास के धर्म स्थल हैं। यहाँ भिन्न- भिन्न प्रजातियों के पशु-पक्षी, गंगा, यमुना, काली, रामगंगा, भागीरथी, अलकनन्दा, कोसी, गोमती, टौंस, मंदाकिनी, धौली गंगा, गौरीगंगा, पिंडर , नयार आदि छोटी- बड़ी साफ सुथरी नदियां हैं।

न्यूज फ्लैश

बी एन ग्रुप ने नए वेरिएन्ट्स के लॉन्च के साथ अपने एडिबल ऑयल पोर्टफोलियो का किया विस्तार

नई दिल्ली। भारत में एडिबल ऑयल के प्रमुख निमार्ता बी एन ग्रुप ने सिम्प्ली फ्रैश एवं हेल्दी वैल्यू ब्राण्ड के तहत नए वेरिएन्ट्स के लॉन्च के साथ अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। नई पैकेजिंग में पेश किए गए ये नए वेरिएन्ट्स न सिर्फ ब्राण्ड की विजिबिलिटी बल्कि विजुअल अपील भी बढ़ाएंगे। इस अवसर पर बी एन ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अनुभव अग्रवाल ने कहा, ह्यह्यहम उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के सेहतमंद प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। हमारे एडिबल ऑयल पोर्टफोलियो का विस्तार इसी लक्ष्य की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। हम आगरा और गुजरात स्थित अपनी आधुनिक युनिट्स में सर्वोच्च गुणवत्ता के खाद्य तेल बनाते हैं। हम उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निरंतर इनोवेशन्स लेकर आते हैं। इसके अलावा आज के सजग उपभोक्ताओं के मूल्यों के अनुरूप हम स्थायित्व एवं पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर देते हैं। सिम्प्ली फ्रैश ब्राण्ड के तहत सोयाबीन, कॉटनसीड, ग्राउण्डनट और सनफ्लावर ऑयल शामिल है, वहीं हेल्दी वैल्यू ब्राण्ड में कच्ची घानी ऑयल शामिल है। सिम्प्ली फ्रैश एडिबल ऑयल्स को उनकी शुद्धता, ताजगी एवं समृद्ध फ्लेवर के लिए जाना जाता है। कंपनी प्रीमियम अवयवों और आधुनिक प्रोसेसिंग तकनीकों के साथ प्राकृतिक तेलों के गुणों को बरकरार रखते हुए, उपभोक्ताओं के लिए सेहतमंद और स्वादिष्ट विकल्प लेकर आती है। हेल्दी वैल्यू ब्राण्ड के कच्ची घानी ऑयल सेहत के लिए फायदेमंद हैं। इनके प्राकृतिक पोषण को बरकरार रखने के लिए इन्हें कोल्ड-प्रेस्ड तरीकों से प्रोसेस किया जाता है। ऐसे में अपने बेहतरीन स्वाद और न्यूनतम प्रोसेसिंग के चलते ये सेहत के प्रति सजग उपभोक्ताओं के लिए अच्छा विकल्प हैं। बी एन ग्रुप अपनी प्रभावी निर्माण क्षमता के साथ उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम है। आगरा और गुजरात में आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से कंपनी एडिबल ऑयल्स के कई वेरिएन्ट्स लेकर आती है जैसे सोयाबीन, कॉटनसीड, ग्राउण्डनट, सनफ्लावर और कच्ची घानी ऑयल। उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है कि हर वेरिएन्ट को गुणवत्ता पर नियन्त्रण रखते हुए पूरी सटीकता के साथ तैयार किया जाए। गुणवत्ता, इनोवेशन और स्थायित्व के लिए बी एन ग्रुप की प्रतिबद्धता ने इसे खाद्य तेलों के उद्योग में भरोसेमंद नाम बना दिया है। नया पोर्टफोलियो उपभोक्ताओं को सेहतमंद और स्वादिष्ट विकल्प उपलब्ध कराने के कंपनी के समर्पण की पुष्टि करता है।

टर्टल वैक्स इंडिया ने थ्रॉटल के साथ साझेदारी की

नई दिल्ली। टर्टल वैक्स, आईएनसी., एक पुरस्कार विजेता शिकागो स्थित कार केयर कंपनी, ने आज आजादपुर, नई दिल्ली में थ्रॉटल के साथ साझेदारी में एक और को-ब्रांडेड कार-केयर स्टूडियो के लॉन्च की घोषणा की; जो आर-54, गोपाल पार्क, आजादपुर में स्थित है। अल्ट्रा-मॉडर्न टर्टल वैक्स डिटेलिंग तकनीकों और अत्यधिक योग्य और प्रशिक्षित सेवा कर्मियों की एक टीम से लैस, यह टर्टल वैक्स कार केयर स्टूडियो विशेष रूप से कार उत्साही लोगों के व्यक्तिगत पसंद को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई कार डिटेलिंग सेवाओं और उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है। थ्रॉटल दिल्ली में कार की देखभाल और डिटेलिंग में वर्षों का कौशल उपलब्ध कराता है। कार केयर स्टूडियो के ग्राहक टर्टल वैक्स के दुनिया के पसंदीदा डिटेलिंग उत्पादों जैसे हाइब्रिड सॉल्यूशंस और हाइब्रिड सॉल्यूशंस प्रो द्वारा पेटेंट ग्राफीन तकनीक के साथ दिए गए पेशेवर परिणामों का अनुभव करेंगे। साजन मुरली पूर्वांगरा, मैनेजिंग डायरेक्टर, टर्टल वैक्स कार केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने लॉन्च पर बात करते हुए कहा, हमने दिल्ली-एनसीआर में कार केयर में बढ़ती रुचि देखी है और यहां आजादपुर में एक और कार केयर स्टूडियो खोलने का फैसला किया है। इस ऑल-न्यू स्टूडियो के साथ, हमारा लक्ष्य राज्य भर में सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास प्रीमियम गुणवत्ता वाली कार डिटेलिंग सेवा प्रदान करना है। हमें विश्वास है कि थ्रॉटल के साथ हमारी साझेदारी हमें क्षेत्र में अच्छी कार केयर सेवाएं और लाभ प्रदान करने में सक्षम बनाएगी । हमें अपने डीलर नेटवर्क पर गर्व है और आने वाले वर्षों में इसे मजबूत करना जारी रखेंगे और देश के टियर टू और टियर थ्री शहरों में भी मौजूद रहेंगे।" सुमित मित्तल ,थ्रॉटल के मालिक , ने नए सहयोग पर बात करते हुए कहा, "थ्रॉटल में हम इनोवेशन में उत्कृष्टता प्रदान करने का प्रयास करते हैं और ग्राहकों की खुशी की दिशा में काम करते हैं। हम कार केयर में ग्लोबल लीडर के साथ साझेदारी करने और उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित हैं और हमें विश्वास है कि टर्टल वैक्स के साथ यह सहयोग हमें नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और यहां कार प्रेमियों को अच्छी सेवा देगा ।"

भारतीय निर्यातक अमेजॅन ग्लोबल सेलिंग पर बम्पर हॉलिडे शॉपिंग सीजन के लिए तैयार

नोएडा। अमेजॅन ने आज घोषणा की कि उसके अमेजॅन ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम पर भारतीय निर्यातक वार्षिक ब्लैक फ्राइडे और साइबर मंडे (बीएफसीएम) बिक्री कार्यक्रमों के दौरान दुनिया भर के ग्राहकों के लिए लाखों 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए तैयार हैं। इस वर्ष ग्राहकों के पास खरीदारी के लिए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक दिनों का समय होगा। भारतीय निर्यातकों ने 17 नवंबर को शुरू होने वाली और 27 नवंबर को समाप्त होने वाली बिक्री कार्यक्रम के लिए अमेजॅन की वैश्विक वेबसाइटों पर 50,000 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च किए हैं। वैश्विक स्तर पर अमेजॅन के ग्राहक भारत भर के निर्यातकों के परिधान, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल, कार्यालय उत्पाद, आभूषण, सौंदर्य और फर्नीचर होम और किचन, एसटीईएम खिलौने सहित विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों को देख सकेंगे।

ब्लैक फ्राइडे और साइबर मंडे वैश्विक स्तर पर छुट्टियों के मौसम की शुरूआत को चिह्नित करने वाली महत्वपूर्ण घटनाएं हैं और इस समय ग्राहक घर पर उपयोग के लिए और दोस्तों और परिवार को उपहार देने के लिए वस्तुओं की तलाश में होते हैं। अमेजॅन इंडिया के वैश्विक व्यापार निदेशक, भूपेन वाकणकर ने कहा, बीएफसीएम बिक्री के साथ शुरू होने वाला वैश्विक छुट्टियों का मौसम हमेशा अमेजॅन ग्लोबल सेलिंग पर भारतीय निर्यातकों के लिए महत्वपूर्ण विकास अवधि रहा है। हजारों भारतीय निर्यातकों द्वारा विश्व स्तर पर ग्राहकों के लिए भारत में निर्मित विशाल उत्पादों का प्रदर्शन करने के साथ, हमारा मानना है कि 2023 बीएफसीएम बिक्री और छुट्टियों का मौसम हमारे कार्यक्रम में विक्रेताओं की वृद्धि में तेजी लाने में मदद करेगा।

'जनसंवाद में आये आवेदनों पर गंभीरता से हो काम'

लापरवाही करने वाले अफसरों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही, शिकायतों पर मुख्यमंत्री कार्यालय की सीधी नजर

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन

हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन के चीफ कमीश्नर टीसी गुप्ता ने बुधवार को स्थानीय जिला सचिवालय में जनसंवाद कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दो टूक चेताया कि जनसंवाद में आने प्रत्येक आवेदन/शिकायत पर अधिकारी गम्भीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि लापरवाह अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान राइट टू सर्विस कमीशन के चीफ कमिश्नर टीसी गुप्ता ने कहा कि जनसंवाद में आने वाले प्रत्येक आवेदन/शिकायत पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा बारिकी से मोनिटरिंग की जा रही है। खानापूर्ति करते हुए शिकायतों/आवेदनों को बिना ठोस कारण खारिज करने वाले अधिकारी यह जान लें कि जनसंवाद कार्यक्रम प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री की आमजन की शिकायतों/आवेदनों के समाधान के लिए शुरू किए गए हैं। आयोग के चीफ कमिश्नर टीसी गुप्ता ने ऑनलाइन पोर्टल खोलकर दिखाते हुए कई विभागों के अधिकारियों से बिना किसी ठोस कारण के आवेदनों को खारिज करने का कारण पूछा ही इसके साथ ही उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को ना केवल लताड़ लगाई बल्कि लोगों की पीड़ा समझकर संवेदना से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रमों के दृष्टिगत पानीपत में उनकी यह पहली समीक्षा बैठक है इसलिए केवल चेताया जा रहा है, अगली बैठक में किसी भी अधिकारी की लापरवाही दिखी तो कड़ी से कड़ी करवाई की अनुशंसा की जाएगी। इसलिए सभी अधिकारी सचेत होकर और संवेदना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनसंवाद में आने वाले प्रार्थी की संतुष्टि करना होना चाहिए नाकि खानापूर्ति। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा फोन करके प्रार्थी से बात की जाती है। उन्होंने कहा कि खानापूर्ति करने वाले अधिकारी को पैनल्टी भी लगाई जाएगी जोकि उनके वेतन से काटी जाएगी। इस दौरान आयोग के सचिव दीपक ने जनसंवाद में आने वाले आवेदनों/शिकायतों के सम्बंध में मुख्यमंत्री कार्यालय में की जाने वाली कार्यवाही के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पानीपत के उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने आस्वसत किया कि पानीपत जिले के जनसंवाद कार्यक्रमों में आने वाले आवेदनों/शिकायतों पर गम्भीरता से कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि वे भी इस मामले में लगातार नज? रखेंगे। इससे पूर्व जिला सचिवालय पहुंचने पर टीसी गुप्ता का उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया एवं अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

समीक्षा बैठक के दौरान आयोग के चीफ कमिश्नर टीसी गुप्ता ने राइट टू सर्विस अधिनियम के तहत सरल पोर्टल पर आने वाली शिकायतों एवं उनके निपटान सम्बन्धी मामलों की समीक्षा भी की। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, एसडीएम पानीपत मनदीप, एसडीएम समालखा अमित कुमार, सीटीएम राजेश सोनी और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे

उमर के कोर्ट में सरेंडर करने के कुछ घंटे बाद मिली जमानत

टीम एक्शन इंडिया/मऊ

पूर्वांचल के बाहुबली मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी ने बुधवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। कुछ ही घंटे में उसे न्यायालय से जमानत भी मिल गई है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव-2022 प्रचार के दौरान एक मंच से मुख्तार के बड़े बेटे अब्बास और छोटे बेटे उमर अंसारी ने भड़काऊ भाषण दिया था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन में मुकदमा दर्ज किया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद अब्बास ने कुछ दिन बाद सरेंडर कर दिया था जबकि उमर अंसारी पिछले 19 माह से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया था। बुधवार को कोर्ट में गुपचुप तरीके से उमर अंसारी ने एमपी-एमएलए कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। उमर अंसारी के वक्त अधिवक्ता लियाकत अली ने बताया कि इनके ऊपर 2022 विधानसभा चुनाव के दरमियान तीन मुकदमे दर्ज किए गए थे। दो मुकदमे कोतवाली थाना में तो एक दक्षिण टोला थाना क्षेत्र में दर्ज हुआ था। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर मऊ के अपर मुख्य न्यायाधीश कोर्ट से जमानत स्वीकार कर ली गई है। दो मुकदमे में जमानत मिली है और एक मुकदमा उत्तम न्यायालय ने क्वैश कर दिया।

'कार्तिक माह के त्यौहारों को धूमधाम से मनाएगी मंदिर समिति'

मन्दिर श्री ठाकुर द्वारा कल्याण नगर सेवा समिति की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ निर्णय

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत

मन्दिर श्री ठाकुर द्वारा कल्याण नगर के प्रांगण में बुधवार को मन्दिर समिति प्रधान पवन तनेजा व महासचिव मा. प्रेम नारंग की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मंच संचालन सचिव महेंद्र बत्रा ने किया ।

समिति प्रधान पवन तनेजा ने बताया कि मन्दिर समिति कार्तिक माह के त्यौहारों को बड़े धूमधाम से मनाएगी। दीपावली पर्व के बाद मंगलवार 14 नवम्बर को गोवर्धन पूजा के उपरांत दोपहर को अन्नकूट के भण्डारे का आयोजन किया जाएगा । महिला मण्डली की अगुवाई में शनिवार 18 नवम्बर से रविवार 26 नवम्बर तक प्रभातफेरियों का आयोजन किया जाएगा । महिलाएं अल सुबह घर घर जाकर सनातन धर्म की अलख जगाकर जागरूकता लाने का बीड़ा उठाएंगी ।

मन्दिर समिति महासचिव मा. प्रेम नारंग ने कहा कि 26 नवम्बर को कन्या भ्रूण हत्या रोकने के आठवें संकल्प के साथ तुलसी शालिग्राम का विवाह किया जाएगा । कल्याण नगर, बत्रा कॉलोनी, ऋषि नगर में ढोल नगाड़ों की थाप पर शालिग्राम की बारात निकाली जाएगी ।

इस मौके पर पण्डित रवि कुमार शर्मा, राकेश बत्रा, रमेश मानकटालिया, अशोक पुरी, सोनू कालड़ा, अंकुर चावला, महिला मण्डली प्रधान द्रौपदी थरेजा, वन्ती बत्रा आदि सदस्य मौजूद रहे ।

दीपोत्सव 2023 : शहर में 23 स्थानों पर होगा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या

योगी सरकार दीपोत्सव को भव्य और दिव्या बनाने में जुटी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस ऐतिहासिक आयोजन का शहर के विभिन्न हिस्सों में लाइव टेलीकास्ट भी कराया जाएगा। इसके लिए अयोध्या में लगभग 23 स्थानों पर एलईडी टीवी स्थापित किये जाएंगे। इनके जरिए आयोजन के दौरान होने वाले विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण होगा।

इन स्थानों पर लगाई जाएंगी एलईडी टीवी: राम की पैड़ी पर 2, चौधरी चरण सिंह मूर्ति के पास 1, अशर्फी भवन 3, तुलसी उद्यान 2, राजसदन 1, जानकी महल 1, कनक भवन 1, साकेत विद्यालय 1, अयोध्या रेलवे स्टेशन 1, सहादतगंज तिराहा 1, सहादतगंज हनुमानगढ़ी 1, गुप्तारघाट 1 के अलावा बाईपास बस स्टैण्ड 1, साकेत पेट्रोल पम्प के पास 1, श्रीराम चिकित्सालय के ऊपर भवन पर 1, मोहबरा बाजार 1, टेढ़ीबाजार 1 सहित अन्य स्थानों पर एलईडी टीवी लगाई जाएंगी। साथ ही साथ सूचना निदेशालय में पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से जनपद में होर्डिंग्स आदि भी लगने शुरू हो गये हैं। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया है कि मेलाधिकारी, रेजीडेंट मजिस्ट्रेट, उपनिदेशक सूचना आदि को निर्देश दिया कि मानक के अनुसार होर्डिंग्स आदि की स्थापना की जाय। मुख्य स्थान जैसे-रामकथा पार्क, राम की पैड़ी, सरयू आरती स्थल एवं नयाघाट से मुख्य मार्गो पर भी मानक के अनुसार होर्डिंग्स आदि की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुये भी मानक के अनुसार होर्डिंग्स आदि की स्थापना की जाय।

मेरठ में पैरा एशियन गेम्स के खिलाड़ियों का सम्मान

मेरठ: डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर मेरठ में बुधवार को पैरा एशियन गेम्स 2023 में भाग लेने वाले मेरठ के खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों के जज्बे की जमकर सराहना की गई। पैरा ओलंपिक एसोसिएशन तथा डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पैरा एशियन गेम्स-2023 में भाग लेने वाले मेरठ के रजत पदक विजेता जैनब खातून, फातिमा, प्रीति पाल एवं रवि को सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी दीपक मीणा, अश्विनी गुप्ता तथा डीएवी स्कूल यूपी जोन मेरठ की रीजनल ऑफिसर डॉ. अल्पना शर्मा ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती: वीरेंद्र कादियान

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर

गोवा में आयोजित 37वें नेशनल गेम्स में सुपर हैवी वेट 125 केजी में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे पहलवान आशीष पहल का गन्नौर फ्लाईओवर के नीचे पहुंचने पर बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने मेडल विजेता को माला पहना कर सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। पहलवान आशीष पहल को खुली जीप में बैठाकर ढोल-नगाड़ों बजा बाइकों के काफिले के साथ गुमड़ गांव तक लाया गया। यहां उनकी जीत पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि वीरेंद्र कादियान ने पहलवानों को पूरी लग्न से मेहनत करने की सलाह देते हुए कहा कि मेहनत करने वाले की कभी हार नहीं होती। पहलवान अगर मेहनत और धैर्य के साथ मेहनत करें तो कोई भी मेडल या प्रतियोगिता वे भी जीत सकते है। वहीं, पहलवान आशीष पहल ने बताया कि उनके पिता फूला पहलवान सर्कल कबड्डी के अच्छे खिलाड़ी रहे है। वे हाल में चंडीगढ़ पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। उनकी प्रेरणा पाकर वह खेलों में अच्छा करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ खेल खेले। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र पहल,वीरेंदर पहल, राजेराम, भरतु, अनिल पहलवान, कुलदीप सिंह, वीरेंद्र पहलवान, रविंद्र पहल, राजेश पहलवान, साहब सिंह, सतबीर, रामबीर आदि मौजूद रहे।

'समाज में परिवर्तन लाना है तो महिलाओं को शिक्षित करना जरूरी'

समारोह

8 राजभवन में बाराबंकी के गांव चैनपुरवा कायाकल्प फाउंडेशन नारी शक्ति सम्मान समारोह संपन्न

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि समाज में परिवर्तन लाना है तो महिलाओं को शिक्षित करना जरूरी है। बुधवार को राजभवन में बाराबंकी के गांव चैनपुरवा कायाकल्प फाउंडेशन नारी शक्ति सम्मान समारोह संपन्न हुआ। बाराबंकी के चैनपुरवा गांव में निवासी अवैध शराब बनाने के कार्य में संलिप्त थे। चैनपुरवा कायाकल्प फाउंडेशन के तहत तत्कालीन पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविंद चतुर्वेदी के नेतृत्व में गांव की महिलाओं की दशा में बदलाव लाते हुए उन्हें विभिन्न रोजगारपरक और आय सृजन के कार्यक्रमों में शामिल कर सामाजिक बदलाव लाया गया। इसी क्रम में बुधवार को राजभवन में इन महिलाओं को सम्मानित किया गया है। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह हम सबके लिए प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर है। वर्षों से चले आ रहे अवैध शराब के व्यवसाय से चैनपुरवा गांव को निकालने की अनूठी पहल है। महिलाओं के आय सृजन के लिए विभिन्न रोजगारपरक व्यवसायों में उन्हें संलग्न कर समाजिक बदलाव लाने के लिए जनपद के तत्कालीन एसपी डॉ. अरविंद चतुवेर्दी एवं पूरी टीम को राज्यपाल ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन लाना है तो महिलाओं को पढ़ना पड़ेगा। उन्हें शिक्षा प्रदान करनी पड़ेगी। आज महिलाएं आगे आई हैं और महिलाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों से उनके पति भी जुड़े हैं। राज्यपाल ने महिलाओं को बाल विवाह व दहेज प्रथा का बहिष्कार करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने कहा कि एक भी बेटी अनपढ़ न रहे। संविधान में भी 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों के निःशुल्क शिक्षण की व्यवस्था है। इस क्रम में उन्होंने उम्मीद संस्था का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने भिक्षावृत्ति में संलग्न बच्चों को शिक्षा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि समाजिक परिवर्तन के लोगों को तैयार करना, उनमें विश्वास पैदा करना और समझाना कठिन होता है। ऐसे लोगों का विश्वास जीतना महत्वपूर्ण है। चैनपुरवा गांव की महिलाओं द्वारा बीज वैक्स के माध्यम से दीपक बनाने के कार्य की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि दीपक जलता है तो प्रकाश होता है, अंधेरा दूर होता है।

मेरठ-करनाल नेशनल हाईवे 709ए पर शुरू हुई टोल वसूली

टीम एक्शन इंडिया/मेरठ

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नेशनल हाईवे पर वाहन फरार्टा भर रहे हैं। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और रैपिड रेल का पहला सेक्शन चालू होने के बाद अब मेरठ-करनाल नेशनल हाईवे 709ए पर भी बुधवार से टोल वसूली शुरू हो गई। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हरियाणा और पंजाब जाना आसान हो गया है। शामली और मुजफ्फरनगर जनपद से होकर गुजर रहे मेरठ-करनाल नेशनल हाईवे 709ए को बनाने का कार्य पूरा हो चुका है। इस नेशनल हाईवे के जरिए उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब आपस में जुड़ गए हैं। इस नेशनल हाईवे पर बुधवार से वाहनों से टोल वसूली शुरू हो गई। मेरठ जनपद में भूनी गांव में आठ लेन का टोल प्लाजा बनाया गया है। इसमें तीन लेन आने और तीन लेन जाने के वाहनों के लिए निर्धारित की गई है। टोल वसूली का जिम्मा मुजफ्फरनगर की वीकेएम कंपनी को दिया गया है। टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के लोगों को टोल में छूट के लिए पास जारी किए जाएंगे। इस नेशनल हाईवे से प्रतिदिन 15 हजार वाहन गुजरते हैं, जिनमें दस हजार व्यावसायिक और पांच हजार निजी वाहन शामिल है। पहले इस नेशनल हाईवे पर दो नवम्बर से टोल वसूली शुरू होनी थी, लेकिन कागज पूरे नहीं होने पर टोल वसूली रोक दी गई थी। टोल मैनेजर नवीन हुड्डा के अनुसार, टोल फीस की सूची प्लाजा पर लगा दी गई है। सुबह आठ बजे से वाहनों से टोल शुल्क वसूलने का काम शुरू हुआ।

इस दौरान वाहन चालकों की टोल कर्मचारियों से कहासुनी हुई। पहले दिन टोल प्लाजा पर वाहनों का जाम लगा रहा। स्थानीय लोगों द्वारा वाहन पास बनवाने के लिए भी टोल प्लाजा पर भीड़ लगी रही। इस नेशनल हाईवे से गुजरने वाले कार, जीप, वैन आदि हल्के वाहनों से 80 रुपए टोल लिया जाएगा।

बढ़ रहे प्रदूषण के स्तर को लेकर उपायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

दिशा-निर्देश

8 अगर जिला में कहीं भी आदेशों की पालना नहीं हो रही है तो सख्त कार्रवाई की जाए

टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी

नारनौल। एनसीआर क्षेत्र में बढ़ रहे प्रदूषण के स्तर को लेकर उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने लघु सचिवालय में जिला के अधिकारियों की बैठक ली। डीसी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग के निर्देश अनुसार अधिकारी ग्रेप-4 के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। अगर जिला में कहीं भी आदेशों की पालना नहीं हो रही है तो सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करें तथा आदेशों की अवहेलना होने पर तुरंत जुमार्ना लगाएं। डीसी ने कहा कि खराब एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के कारण एनसीआर क्षेत्र में ग्रेप-4 लागू होते ही खनन, क्रेशर तथा अन्य निर्माण तथा तोड़फोड़ गतिविधियां पूरी तरह से बंद हैं। इन आदेशों की सख्ती से पालन की जाए। उन्होंने कहा कि एक्यूआई के 450 या उससे ऊपर पहुंचने से कम से कम तीन दिन पहले ग्रेप के चरण 4 के तहत राजमार्ग, सड़क, फ्लाईओवर, ओवर ब्रिज, पावर ट्रांसमिशन, पाइपलाइन आदि सार्वजनिक परियोजनाओं में भी निर्माण एवं तोड़फोड़ गतिविधियों पर प्रतिबंध लगता है। हांलांकि जिला में फिलहाल एयर क्वालिटी इंडेक्स 280-90 के बीच चल रहा है, किंतु एनसीआर क्षेत्र होने के कारण यहां भी इन सभी गतिविधियों पर रोक रहेगी।

सॉलिड वेस्ट में आग लगने पर कटेगा चालान

टीम एक्शन इंडिया/नारनौल

उपायुक्त ने कहा कि जिला में कहीं भी कूड़ा, पते तथा अन्य किसी भी प्रकार के सॉलिड वेस्ट पर आग लगाने पर जुमार्ना लगाया जाएगा। कोई भी नागरिक इन गतिविधियों में शामिल मिलता है तो अधिकारी उस पर तुरंत कार्रवाई करें। संबंधित नगर परिषद तथा नगरपालिका के अधिकारी लगातार फील्ड में रहेंगे तथा इस संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद व पालिका के ठोस, निर्माण एवं तोड़फोड़ और खतरनाक कचरे का नियमित उठाव सुनिश्चित करना होगा ताकि उनके अवैध डंपिंग को रोका जा सके।

पटाखे फोड़ने पर रखी जाए निगरानी

टीम एक्शन इंडिया/नारनौल

डीसी ने कहा कि जिला में कहीं भी अवैध पटाखों की बिक्री नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वह यह सुनिश्चित करें कि नियमों के खिलाफ कहीं भी पटाखे न फोड़े जाएं। उन्होंने संबंधित नगर परिषद द्वारा नगर पालिका के अधिकारी तथा एसएचओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि वह अपने अधिकार क्षेत्र में यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके क्षेत्र में अंधाधुंध पटाखों का प्रयोग ना हो। जो भी पटाखे फोड़ रहे हैं, उनसे यह पूछा जा सकता है कि वे पटाखे कहां से लाए हैं।

निगम आयुक्त ने सम्पत्ति कर शाखा की ली समीक्षा बैठक

नई प्रॉपर्टी आईडी बनाने व आपत्तियों का तेजी से समाधान करने के दिए निर्देश

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने सम्पत्ति कर से जुड़ी रिकवरी और एन.डी.सी. पोर्टल पर आ रही आपत्तियों की स्थिति जानने के मकसद से बुधवार को सम्पत्ति कर शाखा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 में ज्यादा से ज्यादा रिकवरी करने तथा आपत्तियों के मामलों को जल्दी निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सम्पत्ति आंकलन के नोटिस बंट जाने के बाद आपत्तियां बढ़ रही थी, परंतु कुल मिलाकर 500 से

नीचे आपत्तियां आ गई है, इसके लिए उन्होंने शाखा को अच्छा कार्य करने पर बधाई दी। मीटिंग में अतिरिक्त आयुक्त गौरव कुमार भी मौजूद रहे। नई प्रॉपर्टी आई.डी. बनाने के मामलों को जल्द निपटाएं अधिकारी- उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एन.डी.सी. पोर्टल पर नई प्रॉपर्टी आई.डी. बनाने की करीब 200 आपत्तियां दर्ज हैं, इन पर अधिक तवज्जों देकर इन्हें शीघ्र अति शीघ्र निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी लक्ष्य लेकर इस काम को करें और ऐसी आपत्तियों को जल्द 100 से नीचे लाया जाए। उन्होंने कर अधीक्षक गगनदीप सिंह को निर्देश दिए कि तहसीलदार शाखा में केवल क्षेत्र परिवर्तन के केस भेजे जाएं, श्रेणी परिवर्तन के मामले वह स्वयं निपटाएं। इसके लिए अधिनस्थ कर्मचारियों को फील्ड विजिट में भेजा जाए। आपत्तियां लंबित न रखें अधिकारी- निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी अपने पास आपत्तियों को लंबित न रखे। सेवा का अधिकार नियम के तहत सभी आपत्तियों का समाधान करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी-कर्मचारी आपत्तियों को लंबित रखेगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस कर्मचारी के पास ज्यादा आपत्तियां आ रही हैं, वह अतिरिक्त समय लगाकर उनका निपटान करे। उन्होंने नायब तहसीलदार राम कुमार को भी निर्देश दिए कि वह आपत्तियों का साथ-साथ निपटारा करते रहें। अपने पास लंबित न रखें।

जेसीआई की लेडीज विंग ने बच्चों को वितरित की खाद्य सामग्री

करनाल/टीम एक्शन इंडिया।
जेसीआई करनाल एलीट की महिला सदस्यों ने आज एक हरियाणा पब्लिक स्कूल गीता कॉलोनी में एक प्रोजेक्ट किया। लेडीज विंग की चेयरपर्सन विधि गोयल द्वारा आज का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जेसीआई एलीट की महिला सदस्यों का मुख्य उद्देश्य समाज में किसी न किसी प्रकार से सहायता हो सके। इसी क्रम में आज गरिमा नाम से एक प्रोजेक्ट किया, जिसमें हरियाणा पब्लिक स्कूल जो पिछले काफी समय से किन्नर अदिति शर्मा द्वारा चलाया जा रहा है, जिसमें 50 से अधिक बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। यहाँ पर स्कूल में न तो रंगाई तक नहीं थी, बैठने के लिए बेंच भी खस्ता हाल में थे। जेसीआई की लेडीज विंग द्वारा पिछले दिनों में स्कूल में पूरा रंगाई करवाई गई। बच्चों के बैठने के लिए बेंचेस, खेलने के लिए पार्क में लगे झूलों की साफ सफाई करवाई गई।

न्यूज फ्लैश

महापौर ने शहरवासियों व निगम कर्मचारियों को दीपावली की दी अग्रिम शुभकामनाएं

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
महापौर रेनू बाला गुप्ता ने शहरवासियों तथा नगर निगम के तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान उन्होंने निगम कार्यालय में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को मिठाई व बधाई प्रेषित करते हुए सभी के स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा भी मौजूद रहे। शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं त्यौहार- महापौर ने इस अवसर पर सभी शहरवासियों व कर्मचारियों को दीपावली और आगामी त्यौहारों की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्यौहार हमें न केवल एक सूत्र में बांधने का काम करता है, अपितु सभी को अपनी सनातन संस्कृति और उसके महत्व से रूबरू भी कराता है। महापौर ने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार से जुड़ा दीपावली पर्व अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और मृत्यु से अमरत्व की ओर से अभिमुख होने की प्रेरणा मनुष्य में जगाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें संकल्प और निष्ठा का भी संदेश देता है। इसके साथ ही उन्होंने सभी से अपील भी की है कि सभी नागरिक स्वयं और अपने परिवार का ध्यान रखते हुए शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से इन त्यौहारों को मनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा भी दीपावली पर्व पर अच्छी पहल की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के ग्रामीण व शहरी इलाकों के सभी सफाई कर्मचारी, चौकीदार और ट्यूबवेल ऑप्रेटर्स को मिठाई के लिए 501 रुपये भेजे जाएंगे।

विमुक्त एवं घुमंतु समाज को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए इंद्री में कैंप आज

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
विमुक्त एवं घुमंतु समाज को हरियाणा सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए 9 नवम्बर को प्रातः 10 बजे खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय इंद्री में कैम्प आयोजित किया जाएगा। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि शिविर के माध्यम से घुमंतु जाति से संबंधित परिवारों के आधार कार्ड, वोटर कार्ड तथा परिवार पहचान पत्र बनाए जाएंगे और इनके लिए सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं बारे विस्तृत जानकारी दी जाएगी। सरकार की योजनाओं के लिए पात्र परिवारों के आवेदन करवाने भी सुनिश्चित किए जाएंगे, ताकि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि 9 नवम्बर को आयोजित होने वाले शिविर में समाज के सभी वर्गों को कल्याण विभाग की योजनाओं बारे जागरूक करते हुए पात्र परिवारों को आवेदन करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। उन्होंने आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग शिविर में पहुंचकर सरकार की योजनाओं का लाभ लें।

आधुनिक हुआ चीनी मिल का एप

सोनीपत: दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत गन्ना उत्पादकों को आधुनिक सुविधाए प्रदान करने पर अग्रणी भूमिका निभाने में कामयाब हो रहा है। कुशल इंजीनियर व प्रबंधन की कड़ी मेहनत के चलते गन्ना उत्पादकों के लिए चीन मिल एप गत वर्ष पहले तैयार किया था। उक्त एप को ओर आधुनिक बनाया गया है। गन्ना उत्पादक घर बैठे अपना टोकन बुक कर पायेगा। उसके हिसाब से घर से गन्ना लेकर चीनी मिल में पहुंचेगें। एप पर टोकन सुविधा उपलब्ध होने से गन्ना उत्पादकों की समय की बचत हो पायेगी। वहीं मिल प्रबंधन की तरफ से वर्ष 2023-24 पेराई सत्र के लिए गन्ना उत्पादकों के साथ करार किया है। जिसको लेकर नवंबर 10 तक किसानों से अपत्तियां मांगी गई है।
बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित चीनी मिल की तरफ से गन्ना उत्पादकों को सुविधा देने के लिए गत वर्षो पहले एप तैयार किया था। प्रदेश में चीनी मिल पहला ऐसा मिल था जहां उक्त एप के जरिए गन्ना उत्पादक मिल में डालना शुरू किया। उसके बाद चौ. देवीलाल चीनी मिल आहुलाना सहित अन्य मिलों को उक्त एप की सुविधा को शुरू किया गया था। उक्त एप में किसान को अपनी पर्ची, वार्ड में ट्रालियों की संख्या, गन्ने का सर्वे, पेराई के आकड़े, पुरानी पर्ची जमा करने, भुगतान, बाहरी गनना क्रय-केंद्र की सुविधा दी गई थी। जिसके बाद से किसान घर बैठे अपने फोन पर उक्त सुविधाओं का लाभ उठा पा रहा था। मिल प्रबंधन की तरफ से किसानों की सुविधा बेहत्तर करने के लिए एप पर खुद ही टोकन बुक करने की सुविधा को शुरू किया। जिसका ट्रायल हो चुका है। पेराई सत्र वर्ष 2023-24 में उक्त सुविधा का लाभ गन्ना उत्पादक ले सकेगें।
गन्ना उत्पादकों के साथ बॉड फाइनल, उत्पादकों से मांगी **आपत्तियां-**
चीनी मिल सोनीपत के अंतरग्रस्त आने वाले गन्ना उत्पादकों के साथ वर्ष 2023-24 में 33 लाख 50 हजार गन्ने के बॉड का करार हुआ है। मिल प्रबंधन की तरफ से गन्ना उत्पादकों से आगामी दस नवंबर तक आपतियां दर्ज करने की तारीख दी है। उसके बाद उक्त करार को फाइनल रूप दे दिया जायेगा। जरूरत के हिसाब से मिल प्रबंधन किसानों से गन्ना लेगा। चीनी मिल सोनीपत में तैनात इंजीनियर राकेश कुमार की तरफ लाखों रुपये कीमत से तैयार होने वाले उक्त एप को फ्री में तैयार कर गन्ना उत्पादकों को सौगात देने का काम किया था। उसके बाद उक्त एप को चौ. देवीलाल चीनी मिल में भी प्रयोग किया जा रहा है। एप से जिले के गन्ना उत्पादकों को फायदा पहुंचा था।

ग्राम पंचायतों के लिए हुआ संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन

विभिन्न ग्राम पंचायतों के 56 ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिवों ने लिया भाग

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
हरियाणा शाखा कार्यालय ने, पंचायती राज विभाग के सहयोग से, बुधवार को ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में योजनाओं के लिए विभिन्न सरकारी खरीद के क्रियान्वयन के लिए भारतीय मानकों का उपयोग करने के लिए ग्राम पंचायतों के लिए एक संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में करनाल जिले के ब्लॉक नीलोखेड़ी की विभिन्न ग्राम पंचायतों के 56 ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिवों ने भाग लिया। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, ब्लॉक नीलोखेड़ी नरेंद्र ने बताया कि ग्राम प्रधानों को बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की गई कि कैसे बीआईएस मानक कृषि, उद्योग और उपभोक्ता संरक्षण सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्हें सरकारी खरीद में इन मानकों के पालन के महत्व के बारे में भी बताया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सार्वजनिक धन का उपयोग कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से किया जा सके। उन्होंने ग्राम प्रधानों को ्यठ्ठश2 ङ्घशह्लह्- स्ह्लड्डठ्ठस्रड्डह्मस्र सुविधा के बारे में भी अवगत कराया और दिखाया कि अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए प्रासंगिक भारतीय मानकों की पहचान करने के लिए इस सुविधा तक कैसे पहुंचें और इसका उपयोग कैसे करें। कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों को महत्वपूर्ण मानकों वाली सूचनाप्रद ग्राम पंचायत पुस्तिकाओं के प्रभावी उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हें बीआईएस मानक चिह्न की प्रामाणिकता को सत्यापित करने और गैर-अनुपालन के मामले में शिकायत दर्ज करने की सुविधा के लिए बीआईएस केयर ऐप की विशेषताएं भी प्रदर्शित की गईं।

गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी के अब 15 नवंबर तक बनावा सकते हैं वोट

करनाल/टीम एक्शन इंडिया।
हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव के लिए अब 15 नवंबर तक नए वोट बनवाए जा सकते हैं। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि गुरुद्वारा निर्वाचन हरियाणा की ओर से 15 नवंबर तक नए वोट बनवाने का समय निर्धारित किया है। इस अवधि में कोई भी नया मतदाता स्वयं को एच.एस.जी.पी.सी. के मतदाता के रूप में पंजीकृत करवा सकता है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची व नामों के पंजीकरण के लिए जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। मतदाता सूची में नामों के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र ग्रामीण क्षेत्र में पटवारी और शहरी क्षेत्र में नगर निगम व नगरपालिका समिति के सचिव के पास निशुल्क उपलब्ध हैं।

सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता के तीसरे चरण की परीक्षा की तैयारियां पूरी

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल कार्यकाल में बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए बच्चों के बीच सडक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन कराया जा रहा है। इस संबंध में डीएसपी यातायात सोनू नरवाल के नेतृत्व में यातायात थाना की टीम ने जिला शिक्षा अधिकारी के साथ मिलकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस बारे में डीएसपी यातायात सोनू नरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे करनाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी जिलों में यातायात को लेकर सडक सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता का

आयोजन करवाया जा रहा है। इससे पहले दिनाक 13 अक्तूबर को इस क्विज कम्पीटीशन के पहले स्तर की परीक्षा का स्कूल स्तरीय आयोजन करवाया जा चुका है। पहले स्तर की परीक्षा तीन लेवल पर हुई थी । पहले लेवल में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी, लेवल 2 में कक्षा 6 से 8, लेवल 3 में कक्षा 9वी से 12वी व कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया था। पहले स्तर की परीक्षा में सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के करीब दो लाख बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें से करीब साढ़े चार हजार बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी और जिन्होंने 27 अक्टूबर को ब्लॉक स्तर पर दूसरे चरण की परीक्षा में भाग लिया था।
उन्होंने बताया कि अब 9 नवंबर को दूसरे चरण की परीक्षा में पास होने वाले करीब 60 बच्चें जिला स्तर पर ओपीएस विद्या मंदिर सेक्टर 13 करनाल में सुबह 11 बजे आयोजित होने वाली तीसरे चरण की क्विज प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेंगे।

छात्राओं ने लगाई मनमोहक प्रदर्शनी, प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

केवीए डीएवी महाविद्यालय में दो दिवसीय उद्यमशील दीपावली मेला आयोजित

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
केवीए डीएवी महाविद्यालय में दो दिवसीय उधमशील दिवाली मेला का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. तरविंद्रजीत कौर चेयरपर्सन होम साइंस विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र और कॉलेज प्राचार्य मीनू शर्मा ने दीपशिखा प्रज्जवलित करके किया।
मुख्य अतिथि ने छात्राओं की कला की खूब सराहना की और कहा कि छात्राओं को रोजगार प्राप्ति के काबिल बनाना ही शिक्षा का मौलिक अधिकार है। इस अवसर

पर होम साईंस बीएसी फैशन डिजाइनिंग, बीवाक फैशन टैक्नालॉजी, फूड साईंस क्वालिटी कंट्रोल और कॉस्मेटोलोजी की छात्राओं ने अर्न व्हाइल यू लर्न स्कीम के अंतर्गत अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
छात्राओं ने विभिन्न स्टाल लगाए, जिसमें दीया मेकिंग, रंगोली, कलर तोरन, हैंड मेड ज्वेलरी, ऊनी वस्त्र, बैड शीट्स, शगुन लिफाफे, जूट बैग, जैल कैंडल आदि की प्रदर्शनी लगाई। छात्राओं द्वारा कैकेटेरिया का भी आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेजस्टाफ और छात्राओं के लिए दही भल्ले, जलजीरा, बेल पुरी, गोलगप्पे, चॉकलेट्स, बिस्कुट, शनेक्स और विभिन्न प्रकार की मिठाईयां बनाई गई। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता, ज्वेलरी मेकिंग, थाली डेकोरेशन और टाई एंड डाई का भी आयोजन किया गया। समापन समारोह में कॉलेज प्रिंसिपल ने गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष लखविंद्र कौर, अध्यापिकाओं और छात्राओं को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्राध्यापिका मनी, हिमानी, रेणुका, सुष्मिता, प्रीती, रीना, अमनदीप, शैली, रिया, रीना गुप्ता, नवनीत कौर आदि शामिल रहे।

'निरोगी हरियाणा योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना'

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा निरोगी हरियाणा योजना की शुरूआत की गई है। जिसके अंतर्गत राज्य में रहने वाले का बिल्कुल मुफ्त में मेडिकल चेकअप किया जा रहा है, ताकि नागरिकों के स्वास्थय की जांच समय-समय पर हो और किसी भी गंभीर बीमारी के बारे पता चलने पर मरीज को समय पर इलाज मिल सकें। उसके लिए एक भी पैसा आपको देने की जरूरत नहीं है और न ही आपको हॉस्पिटल के चक्कर लगाने की जरूरत है। बल्कि इस योजना के तहत आवेदन कर कर अपना मुफ्त में चेकअप करवा सकते हैं।
निरोगी हरियाणा योजना क्या है - डीसी अनीश यादव ने कहा कि निरोगी हरियाणा योजना हरियाणा सरकार के द्वारा संचालित एक जनहितकारी योजना है। योजना के तहत राज्य में रहने वाले नागरिकों का मुफ्त में मेडिकल चेकअप किया जा रहा है। ताकि अगर कोई गंभीर बीमारी निकले का इलाज निशुल्क किया जा सके। इसके अलावा योजना के माध्यम से राज्य के रहने वाले नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधित सुविधा का लाभ देना ही योजना का प्रमुख लक्ष्य है।
मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा निरोगी हरियाणा योजना को हरियाणा में लागू करने का मुख्य उद्देश्य राज्य आने वाले नागरिकों को मुफ्त में मेडिकल चेकअप देना है। ताकि अगर उन्हें कोई गंभीर बीमारी है तो उनका इलाज निशुल्क किया जा सके। योजना के तहत राज्य के नागरिकों को उपचार के लिए 6 भागों में विभाजित किया गया है।

कैब बुक करने गाड़ी, मोबाइल व नकदी लूटने का आरोप

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
कुंडली थाना क्षेत्र में गाजियाबाद से कैब बुकिंग करने के बाद चालक से गाड़ी, नकदी, डेबिट कार्ड व कागजात लूटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित चालक पहले गाजियाबाद उसके बाद दिल्ली थानों को चक्कर काटता रहा। पीड़ित ने मामले की शिकायत कुंडली पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। उत्तर प्रदेश आगरा युसुफपुर हाल में गाजियाबाद के खोडा निवासी पंकज बघेल ने बताया कि वह अपनी वैगन-आर कार को कैब में चलाते है। वह 5 नवंबर की देर शाम को गाजियाबाद स्थित शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन के बाहर खड़े थे। इसी दौरान तीन युवक उनके पास आए। उन्होंने दिल्ली के बुराड़ी के लिए उनकी कार को बुक किया था। वह कैब को लेकर बुराड़ी के लिए चल पड़े। जब वह रास्ते में पहुंचे तो इसी दौरान एक युवक ने उनकी कनपटी पर पिस्तौल अड़ा दी।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले डायल 112 ईआरवी पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

करनाल/टीम एक्शन इंडिया।
जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन लगातार अच्छा कार्य किया जा रहा है। राज्य आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र, पंचकुला द्वारा प्रत्येक माह में राज्य के सभी जिलों में से डॉयल 112 पर तैनात पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर बेस्ट परफॉर्मर ऑफ द मंथ चुनकर सम्मानित किया जाता है और उनके कार्य को सफलता की कहानियां - हरियाणा 112 की पुस्तिका में प्रकाशित किया जाता है। इस सूची में जिला करनाल की

थाना रामनगर की डॉयल 112 ईआरवी-429 पर तैनात पुलिसकर्मी एसआई सतीश कुमार, एसपीओ जयकुमार और एसपीओ रामपाल सिंह को अच्छा कार्य करने के लिए जुलाई माह के लिए बेस्ट परफॉर्मर ऑफ द मंथ और थाना घरौंडा की डॉयल 112 ईआरवी-416 पर तैनात पुलिसकर्मी एसआई बीरबल, एसपीओ प्रदीप और एसपीओ विजयपाल को अच्छा कार्य करने के लिए सितंबर माह के लिए बेस्ट परफॉर्मर ऑफ द मंथ के लिए चुना गया है। जिला की इन दोनों ईआरवी पुलिसकर्मियों के अच्छे कार्यों की कहानी राज्य आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र पंचकुला द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पुस्तिका सफफता की कहानियां-हरियाणा 112 में प्रकाशित की जाएगी।
इस अवसर पर डीएसपी यातायात सोनू नरवाल द्वारा दोनों ईआरवी के पुलिसकर्मियों को एसइआरसी, पंचकुला द्वारा सम्मानित होने पर आज अपने कार्यालय पर बुलाकर बधाई दी गई और सभी को आगे भी इसी तरह समर्पण भाव से आमजन की सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया।

शेखपुरा बस्ती के रास्ते की समस्या का हल देखने पहुंचे विधायक

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
मेरठ रोड पर शुगर मिल के पास स्थित शेखपुरा बस्ती के लोगों को आ रही रास्ते की समस्या का हल देखने के लिए विधायक हरविंद्र कल्याण अधिकारियों के साथ कालोनी में पहुँचे। गौरतलब है कि करनाल-मेरठ राष्ट्रीय राजमार्ग के फोरलेनिंग के बाद शुगर मिल के नजदीक गाँव शेखपुरा जागीर की सीमा मे पडने वाली कॉलोनी का रास्ता बंद हो गया था। मेरठ रोड फोर लेन निर्माण में आवर्धन नहर पर नया पुल बनने के बाद उस स्थान पर सडक की चौड़ाई कम होने के कारण शेखपुरा बस्ती का मेन सडक से संपर्क कट गया क्योंकि सडक की पूरी चौड़ाई में

पुल का निर्माण हो गया है तथा जहां से लोग कालोनी में जाते थे वहाँ पर पुल की ऊँची रिटेनिंग वाल बन गई है। रास्ता ना होने की वजह से काफी समय से कालोनीवासी इस समस्या को झेल रहे हैं, क्योंकि उनके पास मेरठ रोड पर जाने के लिए कोई भी रास्ता नहीं बचा है। हालाँकि इसको लेकर विधायक कल्याण ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में भी इस मांग को रखा हुआ है। ज्ञात हो कि मेरठ रोड की चौड़ाई कम होने के कारण पुल के साथ स्थित कॉलोनीवासीयों के लिए सडक पर आने जाने या वाहनों के आवागमन के लिए कोई भी रास्ता नहीं बचा है जिसके चलते वहाँ के लोगों प्रशासन व विधायक हरविंदर कल्याण से स्थायी समाधान होने तक इस समस्या का कोई वैकल्पिक हल निकालने की माग करते आ रहे हैं।
विधायक कल्याण ने कुछ महीने पहले भी इस मौके का अधिकारियों के साथ मुआयना किया था तथा उसके बाद इस समस्या के समाधान के लिए सरकार के माध्यम से एक प्रस्ताव राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को भी भिजवाया है, ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा वहाँ पर कुछ जमीन का अधिग्रहण करके एक सर्विस लेन का निर्माण करवाया सके। बीते दिनों करनाल रिंग रोड के शिलान्यास समारोह के दौरान भी जहां विधायक कल्याण द्वारा केंद्रीय सडक राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के सामने भी इस रास्ते का प्रावधान करवाने का प्रस्ताव रखा था, वहीं अस्थाई समाधान के लिए विधायक कल्याण ने कॉलोनी के साथ लगते किसानों से भी संपर्क किया, ताकि लोगों की समस्या का हल निकल सके।
साथ ही विधायक कल्याण ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से चर्चा करके उस जमीन मे से आवर्धन नहर तक अस्थाई रास्ता मुहैया कराने का प्रस्ताव बनाया ताकि कालोनी के लोग उस रास्ते से आवर्धन नहर से होते हुए मेरठ रोड पर आना जाना कर सकें।

नम्बरदारों ने अपनी मांगों को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

करनाल/टीम एक्शन इंडिया।
करनाल तहसील से जुड़े नम्बरदारों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में काफी संख्या में शामिल नम्बरदारों ने नम्बरदार एकता जिंदाबाद के नारे लगाकर जिला सचिवालय परिसर में अपनी आवाज को बुलंद किया। प्रदर्शन की अगुवाई करनाल तहसील अध्यक्ष व नम्बरदार रेशम सिंह ने की। प्रदर्शन के दौरान नंबरदार एसोसिएशन करनाल ने अपनी मांगों व समस्याओं का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अभिनव मेहता

को सौंपा।
इस अवसर पर किसान नेता व नम्बरदार रतनमान ने विशेष तौर पर भाग लिया। रतनमान ने कहा कि नंबरदारों की मांगों को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल से भेंट की जाएगी। उन्होंने कहा कि नम्बरदार का पद एक सम्मानीय पद है, जिसे किसी भी कीमत पर नम्बरदारी प्रथा को खत्म न किया जाएं।
उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जब तक नंबरदारों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक नंबरदारों का संघर्ष जारी रहेगा।

उपमुख्यमंत्री के समक्ष उठाई बाईपास बनाने की मांग

टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना
महेंद्रगढ़
जेजेपी के युवा हल्का प्रधान रविंद्र गागड़वास व समाजसेवी रामनिवास पाटोदा ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मुलाकात कर बाईपास का निर्माण करने तथा महेंद्रगढ़ से वाया बवानियां-भोजावास रोड़ को फोरलेन करने की मांग उठाई। उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि बाईपास व फोरलेन मार्ग को लेकर विभाग के अधिकारियों बातचीत की जाएंगी तथा जल्द ही इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएंगी। रविंद्र गागड़वास व रामनिवास पाटोदा ने बताया कि महेंद्रगढ़ से वाया डुलाना, मेघनवास चौक, खेड़ा, बवानियां, सुंदरह, भोजवास, गोमला, नांगल मोहनपुर, भैरू का बास, कुड मार्ग की लंबाई 40 किलोमीटर है। यह मार्ग चार विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों गांवों को

जोड़ता है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर करीब सात साल से पहले सड़क का निर्माण कराया गया था। अब यह मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। टूटी सड़क के चलते करीब 50 गांवों के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रहीं है। इस मार्ग के फोरलेन बनने से महेंद्रगढ़ शहर पूर्व दिशा से भी राजस्थान से सीधा लिंक हो जाएगा। इस मार्ग का 152 डी ग्रीन कॉरिडोर से एचएन-11 रेवाड़ी-नारनौल व कैंटर डिपो राजस्थान राज्य के काठूवास तथा मनेठी में बनने वाले एम्स से सीधा जुड़ाव हो जाएगा और यह सबसे छोटा मार्ग होगा। दशकों से पिछडेपन का सेहरा लिए इस इलाके को भी विकास कार्यो में प्रगति मिलेगी। इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र में उद्योग धंधे भी स्थापित होंगे और पिछड़ापन भी

आश्वासन

8 बाईपास का निर्माण करने तथा महेंद्रगढ़ से वाया बवानियां-भोजावास रोड़ को फोरलेन करने की मांग उठाई

दूर होगा तथा क्षेत्र के बेरोजगारों को भी रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। क्षेत्र को पर्याप्त परिवहन सुविधा भी मिलेगी। वर्तमान स्थिति में मार्ग की दशा वर्तमान में यह सड़क 18 फुट का है जिसका निर्माण छह साल पहले हुआ था। इस समय यह मार्ग पूरी तरह से जर्जर अवस्था में हैं। इस मार्ग पर लगातार भारी वाहन का आवगमन बढ़ने तथा रोड की चौड़ाई कम होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने शहर के बाहर से बाईपास निकालने की भी मांग रखी। उन्होंने बताया कि बवानियां में आयोजित मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम में भी यह मांग रखी गई थी। मुख्यमंत्री के विभाग के अधिकारियों को बाईपास के एजिबिलिटी चेक करने आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारियों ने बाईपास का प्रपोजल बनाकर भेज दिया गया हैं। सरकार की ओर से इसकी मंजूरी का इंतजार हैं। उन्होंने बताया कि यह बाईपास रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ मार्ग को नारनौल दादरी स्टेट हाईवे जुडेगा। विभाग के प्रपोजल के अनुसार बाईपास के निर्माण में 70 करोड़ की लागत आएंगी। जिसमें 40 करोड़ से भूमि का अधिग्रहण होगा वहीं 30 करोड़ रुपये की लागत से बाईपास का निर्माण किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आश्वासन दिया है कि बाईपास के निर्माण को जल्द मंजूरी दी जाएंगी।

'एनुअल स्पोर्ट्स मीट ऐंथूशिया में छात्रों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।
प्रयास इंटरनैशनल में जोश उमंग उत्साह के साथ वार्षिक खेलोत्सव 'एनुअल स्पोर्ट्स मीट ऐंथूशिया 2023' का धूमधाम से आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजीके महेंद्र कुमार टोकस व गेस्ट ऑफ ऑनर कमांडेंट नरेंद्र सिंह ने शिरकत की। विद्यालय में पधारने पर अतिथियों का तिलक लगाकर वैदिक रीति से स्वागत करते हुए विद्यालय के प्रबंधनिदेशक डॉ. संजय जैन व अमित बत्रा, प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मलिक, रजिस्ट्रार डॉ.मनोज ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर विधिवत्त रूप से अभिनंदन किया। स्कूल के छात्रों द्वारा एरोबिक डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए प्राचार्य कृष्ण कुमार मलिक ने उनके बहुआयामी एवं व्यक्तित्व के बारे में विस्तृत परिचय दिया। स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन ने सभी खिलाड़ियों को खेल-शपथ दिलवाई ।इसके उपरांत आज के मुख्य अतिथि ने खेल-मशाल का प्रज्वलन किया।

स्कूल के हेडबॉय काव्य जैन ने मशाल को थामकर अन्य ध्वजवाहकों के साथ पूरे ट्रैक का चक्कर लगाया व मशाल को खेल परिसर में स्थापित किया। इसके उपरांत खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गईं।
मुख्य अतिथि डीआईजी महेंद्र कुमार टोकस ने खेलों के महत्त्व पर प्रकाश डाला और बताया कि खेलों के कारण ही आज यहाँ तक पहुँचा हूँ। उन्होंने पुरानी कहावत 'खेलोगे कूदोगे होगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब ' का पूर्णरूप से खंडन करते हुए कहा कि अब समय बदल चुका है। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आपको अपना भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर है। विद्यालय में इस तरह के खेल उत्सव का आयोजन करने पर उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।
अपने संबोधन का समापन उन्होंने 'जय धाकड़ हरियाणा' के स्लोगन के साथ किया। ब्लॉक, जिला, राज्य स्तर के विभिन्न खेलों में विद्यालय के विजेताओं को मुख्य अतिथि ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। रजिस्ट्रार डॉ.मनोज, निर्देशिका डॉ.सुनीरा जैन व रुचिका बत्रा , प्रबंध निदेशक अमित बत्रा ने अपने संबोधन में खेल और शिक्षा दोनों के महत्त्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मलिक, सीनियर कोऑर्डिनेटर डॉ. अभिलाषा कार्यक्रम के सफल आयोजन पर मुख्य अतिथि, विद्यालय प्रबंधन, विद्यालय के सभी अध्यापकों ,विद्यार्थियों एवं अन्य कर्मचारियों का धन्यवाद किया।
खेलोत्सव 'एनुअल स्पोर्ट्स मीट ऐंथूशिया में इन खिलाड़ियों ने बाजी मारी: खेलोत्सव 'एनुअल स्पोर्ट्स मीट ऐंथूशिया में इन खिलाड़ियों ने बाजी मारी , 100 मीटर रेस में सीनियर्स गर्ल्स मनप्रीत, साक्षी, ख्वाहिश , 100 मीटर रेस सीनियर्स बॉयस तन्मय, प्रवीण, नैतिक 200 मीटर रेस सीनियर्स गर्ल्स मनप्रीत, साक्षी, अक्षु 200 मीटर रेस सीनियर्स बॉयज , चक्षु, तन्मय, वंश रंगा 400 मीटर रेस सीनियर्स गर्ल्स मनप्रीत, साक्षी, अक्षु 400 मीटर रेस सीनियर्स बॉयज चक्षु, नैतिक, दक्ष ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया।

न्यूज फ्लैश

अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद: डॉ नवीन नैन भालसी फिर बने हरियाणा प्रदेश संयोजक

पानीपत/कमाल हुसैन
अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद द्वारा तीन राज्यों के प्रदेश संयोजकों की नियुक्ति करते हुए डॉ नवीन नैन भालसी (पानीपत) को हरियाणा का प्रदेश संयोजक पद पर दुबारा नियुक्त किया गया।
इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के संयोजक रामावतार पलसानियां व परमेशवर कलवानियां का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया है। हरियाणा प्रदेश सम्पूर्ण विश्व के जाट समाज का रोल मॉडल व गौरव रहा है,हरियाणा प्रदेश की पूरी जाट समाज कीं सरदारी को एकजुट करने व हमारे महापुरुषों के इतिहास को जन-जन तक पहुँचाने के हर वक़्त प्रयासरत रहता हूँ,आगे भी रहूँगा। हम जल्द ही पूरे हरियाणा प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय जाट संसद की कार्यकारिणी बनाएँगे,सभी 22 ज़िला संयोजकों की नियुक्ति करेंगे। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने पूरे हरियाणा प्रदेश के जाट समाज के संगठनों से आह्वान किया है सभी को एकजुट होकर समाज को संगठित करने के लिए प्रयासरत रहकर एक प्रदेश स्तरीय मीटिंग का आयोजन करते समाज सुधारक नियम बनाने व हमारे महापुरुषों के इतिहास को आने वाली नई पीढ़ी तक ले जाने के साथ साथ हमारे समाज में फैली कुरीतियाँ को दूर करने के प्रदेश स्तरीय मीटिंग करने की बहुत ज्यादा जरूरत है।

अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान आयोजित हुआ

सोनीपत:
डॉ बी आर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत में 'वकीलों और पेशेवर नैतिकता का विनियमन' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ।
जिसमें सीनियर काउंसिल सुप्रीम कोर्ट एवं भारत सरकार के अधिवक्ता डॉ प्रवीण सिंह ने वक्तव्य दिया। डॉ प्रवीण ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम कानून के क्षेत्र में पेशेवर नैतिकता के बारे में बात करते हैं, तो हमारा संबंध कानून के अभ्यास में शामिल व्यक्तियों और कानूनी क्षेत्र में लगे सभी लोगों के आचरण से संबंधित नैतिक कोड से होता है। कानूनी पेशे का प्रत्येक सदस्य न्याय प्रशासन के प्रति कर्तव्य के साथ-साथ न्यायालय के प्रति भी सर्वोपरि कर्तव्य रखता है। ऐसी स्थितियों में जहां कर्तव्यों का टकराव हो सकता है, न्याय प्रशासन के प्रति यही कर्तव्य दूसरों पर हावी रहता है। न्याय व्यवस्था में नैतिकता का विशेष ध्यान रखने पर उन्होंने जोर दिया। डॉ सिंह ने कुलपति प्रोफेसर डॉ अर्चना मिश्रा की नेतृत्व क्षमता और शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय का भ्रमण भी किया, जहां उन्होंने छात्रों के कानूनी शोध और विद्वता के लिए उपलब्ध कराए गए संसाधनों की प्रशंसा की। उन्होंने वकीलों के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हुए वकीलों के अधिनियम और बीसीआई नियमों का गहराई से विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कानूनी पेशे की नैतिक जिम्मेदारियों की महत्वपूर्णता को समझाया जिससे छात्रों को सफल कानूनी प्रैक्टिस के मार्गदर्शन सिद्धांतों पर एक नया दृष्टिकोण मिला। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) अर्चना मिश्रा ने पाठ्यक्रम में व्यावहारिक ज्ञान को अकादमिक सीखने के साथ एकीकृत करने की महत्वता पर बल दिया। उन्होंने कहा कानून के छात्रों के लिए विधि के व्यावहारिक पक्षों का अनुभव प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है और डॉ सिंह के अमूल्य सत्र ने इस उद्देश्य में बहुत योगदान दिया है। हमारा विश्वविद्यालय एक समग्र शैक्षिक वातावरण प्रदान करने के लिए समर्पित है जो कि सैद्धांतिक और व्यावहारिक कानूनी कौशल दोनों को विकसित करता है। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर आशुतोष ने कार्यक्रम की सफलता पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की. उन्होंने कहा डॉ सिंह के विचारों ने हमारे छात्रों की कानूनी पेशे की समझ को गहराई से समृद्ध किया है। हम इसी तरह के और अधिक समृद्धिकरण वाले सत्र आयोजित करने के इच्छुक हैं जो हमारे मिशन के अनुरूप हैं, जिसमें सर्वांगीण कानूनी पेशेवरों का विकास किया जा सके। हम बार काउंसिल ऑफ इंडिया के मानकों के अनुरूप अकादमिक प्रोग्राम करवा रहे है जो कि विश्वविद्यालय की ग्रेडिंग में उपयोगी होंगे. असिस्टेंट प्रोफेसर नवनीत कृष्णा एवं सौरभ अरोड़ा द्वारा सफलतापूर्वक समन्वित किया गया।

प्रदूषण मुक्त दीपावली बनाने के लिए रैली निकाल कर किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया/राई ।
न्यू टैगोर उच्च माध्यमिक विद्यालय खेवड़ा में बिना पटाखों और प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने के लिए स्कूल के छात्रों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को स्कूल प्रबंधक सुरेश कुमार शर्मा व प्राचार्या अनिता गहलावत ने बच्चों को शपथ दिलाई और समझाया कि अबकी बार मनाये प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाए ओर संरक्षित करे हरियाली । इसके बाद दिलबाग सिंह व अन्य अध्यापकों के मार्गदर्शन में पूरे

जोश के साथ विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली गाँव खेवड़ा, जाट जोशी, लिबासपुर, चौहान जोशी, पलड़ा, पलड़ी ,नई बसौदी, नांदनौर, दिपालपुर, जाजल आदि में आम जनता को प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने के लिए जागरूक किया। स्कूल प्रबंधक सुरेश कुमार शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि समृद्धि के पर्व दीपावली पर आतिशबाजी करने की परंपरा है, लेकिन पटाखों की वजह से एक ही दिन में पर्यावरण प्रदूषण का स्तर चरम पर पहुंच जाता है, अब पर्यावरण को लेकर चिंतित लोग आतिशबाजी परहेज करने को जागरूक हो रहे हैं। दीपावली पर्व खुशियों का इस पर्व पर लोग धूम-धड़ाके में जमकर आतिशबाजी की जाती है। इससे पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। साथ वायु और ध्वनि प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। पर्यावरण और सेहत को ध्यान में रखते हुए हमें प्रदूषण मुक्त दीपावली मनानी चाहिए।

अधिकारों के प्रति जागरूक किया

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत
महाविद्यालय के लीगल लिटरेसी सेल (कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ) द्वारा ' मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता' विषय पर व्याख्यान का आयोजन करवाया गया. कार्यक्रम के अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यकारी प्रभारी अरुण कुमार ने की. कार्यक्रम का संयोजन और संचालन डॉ. मीना देवी व ललिता ने किया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुख्य वक्ता के तौर पर अधिवक्ता गुलशाद अली चौहान (अध्यक्ष- अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग.सदस्य- अनुशासन कमेटी बार काउंसिल पंजाबऔर हरियाणा,चंडीगढ़) ने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के विषय में जानकारी दी. साइबर क्राइम के प्रति बच्चों को सचेत किया तथा उनसे निपटने की कानूनी प्रक्रिया को समझाया।. इस अवसर पर अधिवक्ता दीपक त्यागी, बार एसोसिएशन, अधिवक्ता नंदकिशोर गौड़, बार एसोसिएशन सोनीपत ने विद्याथीर्यों को नशे से दूर रहने का आवाहन किया। इस मोके पर संदीप कुमार भी उपस्थित रहे।

'आयोग से रखो आस नहीं करेंगे निराश, आशाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास'

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
सेवा का अधिकार आयोग हरियाणा के मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता ने आम जन का आह्वान किया कि वे आयोग से आस रखें उन्हें निराश नहीं करेंगे। लोगों की आशाओं पर खरा उतरने के लिए पूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले हैं। सोनीपत में 6 नवंबर, 2023 का आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि अंत्योदय सरल केंद्र में करीब 25 लाख 47 हजार 928 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 25 लाख 29 हजार 900 में सेवाएं प्रदान की गई। जबकि ऑटो अपील सिस्टम (आस) के तहत 35135 लोगों ने अपील की जिनमें से 34955 का समाधान किया जा चुका है। सेवा का अधिकार आयोग हरियाणा के संयोजन में लघु सचिवालय में बुधवार को संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश से अवगत करवाया कि जनसंवाद मे आने वाले लोगों के हर आवेदन को पूरा करवाया जाए। इस दिशा में आयोग कार्यरत है। इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे जनसंवाद में आने वाले लोगों के कामों को पूरा करवायें, जिसके लिए सभी औपारिकताओं को भी स्वयं पूर्ण करवायें।
अधिसूचित सेवाओं की आम जन को समय पर उपलब्धता के लिए मुख्यमंत्री प्रतिबद्ध हैं, जिसके लिए सेवा का अधिकार आयोग कार्यरत है। अब आयोग को जनसंवाद का काम भी सौंपा गया है, जिसके तहत हर जिले में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

विश्व रेडियोग्राफी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना
महेंद्रगढ़। स्थानीय नागरिक अस्पताल में बुधवार को विश्व रेडियोग्राफी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्टॉफ सदस्य ने सर विलहम कॉनरैड रॉटजन पर चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। एसएमओ मोनू यादव ने कहा कि आधुनिक एक्सरे का आविष्कार 8 नवम्बर, 1895 में हुआ था। इसके अविष्कारक सर विलहम कॉनरैड रॉटजन के सम्मान में हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। रेडियोलॉजिकल सिस्टम से अंदरूनी सिस्टम बीमारी का पता लगाने में मदद मिलती हैं।

विधायक ने जनसवांद कार्यक्रम में सुनीं लोगों की समस्याएं

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)
यमुनानगर से विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सुना और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान से सम्बंधित जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो समस्याएं स्थानीय स्तर की है उनका समाधान जिला प्रशासन के अधिकारी त्वरित गति से करें और जो मुख्यालय से सम्बंधित है उन पर भी जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर जल्द निवारण की कार्यवाही अमल में लाएं। विधायक घनश्याम दास गांव पतरहेड़ी, बड़ी बस्सी, बड़ागांव में आयोजित

जनसंवाद कार्यक्रमों में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस अवसर पर एसडीएम सी.जयाशारधा, भाजपा जिला प्रधान राजेश बतौरा, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र राणा, भाजपा शहजादपुर मंडल प्रधान संजीव गुर्जर, भाजपा नारायणगढ़ मंडल प्रधान रणदीप सिंह बांका सैनी, डीएनटी बोर्ड के सदस्य अशोक पाल, भाजपा नेता अशोक साहनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व भाजपा पदाधिकारी व गांववासी मौजूद रहे।
उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम में आई सभी समस्याओं को वे मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे। उन्होंने कहा कि अन्तोदय की भावना के साथ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले,इस बात को ध्यान में रख कर काम किया गया है।
विधायक ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों से सीधा संवाद करके उनकी समस्याओं को जानना व उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी देना है।जिससे कि पात्र लोग योजनाओं का लाभ उठा सके।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश सशक्त हुआ है तथा भारत की साख विश्व पटल पर मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की छवि एक विश्व नेता के रूप में उभरी है, जिससे देश के मान-सम्मान में वृद्धि हुई है।

किसी भी विभाग की शिकायत जन संवाद पोर्टल पर करवाएं दर्ज: डीसी

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)
उपायुक्त डा.शालीन ने कहा कि जन संवाद पोर्टल के तहत जिस भी प्रार्थी की जिला स्तर पर जिस भी विभाग से सम्बन्धित कोई भी समस्या या शिकायत है, सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उसका बेहतर समन्वय बनाकर निपटान करना सुनिश्चित करें और उसकी रिपोर्ट भी पोर्टल पर अपलोड करवाएं। इसके साथ-साथ विकास कार्यों संबधी जो मांग है, उसकी फिजिबलिटी चैक करते हुए विकास कार्यों संबधी एस्टीमेट तैयार कर उसे भी तैयार करवाकर तुरंत भेंजे और इसकी रिपोर्ट पोर्टल पर भी अपलोड करवाएं। पोर्टल पर अपलोड करते हुए सम्बन्धित अधिकारी रिमार्कस भी लिखना सुनिश्चित करें। उपायुक्त आज अपने कार्यालय में जनसंवाद पोर्टल के तहत जो शिकायतें एवं समस्याएं हैं, उनके निपटान बारे सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक ले रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जन संवाद पोर्टल की गतिविधि पर स्वयं मुख्यमंत्री नजर रखते हैं, इसलिए जिस विभाग से सम्बन्धित कोई भी शिकायत या समस्या इस पोर्टल पर है तो सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उस समस्या या शिकायत का निपटान तीव्र गति से करवाएं। जिला स्तर पर जो भी शिकायत इस पोर्टल पर है, वह शून्य होनी चाहिए यानि समस्या का निपटान होना चाहिए। बैठक के दौरान उन्होंने पंचायत विभाग, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, स्कूल एजुकेशन, राजस्व विभाग, एचएसवीपी व अन्य विभागों से सम्बन्धित जनसंवाद पोर्टल पर जो शिकायतें जिला स्तर की थी, उनका निपटान करने बारे उन्हें निर्देश दिये। इसके साथ-साथ उन्होंने बैठक में यह भी कहा कि कोई भी शिकायत ओवरडयू नही होनी चाहिए।
बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, सीईओ जिला परिषद महावीर प्रसाद, एचएसवीपी से सम्पदा अधिकारी रोहित कुमार, कार्यकारी अभियंता एम.एस. राणा, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

समस्या को लेकर डिपो होल्डरों ने एफएसओ को सौंपा ज्ञापन

ऑनलाइन अलोकेशन में सभी डिपो धारकों को रशन कम प्राप्त हो रहा

टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना
महेंद्रगढ़। राशन डिपो होल्डरों ने बुधवार को अपनी समस्या को लेकर एफएसओ ध्यान सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। डिपो होल्डर यूनियन के प्रधान महावीर सिंह ने बताया कि ऑनलाइन अलोकेशन में सभी डिपो धारकों को रशन कम प्राप्त हो रहा है। परिवार पहचान पत्र से बीपीएल कार्ड बन रहे, इसलिए सभी डिपो पर राशन वस्तु कम पड़ जाती है। इसलिए राशन डिपो पर अलोकेश बढ़ाई जाए। इसके अलावा पीओएस

मशीन पुरानी तथा 2जी नेटवर्क होने के कारण मशीन नहीं चलती है तथा मशीन हैंग हो जाती है। इस कारण राशन डिपो पर भीड़ अधिक हो जाती है। इसलिए मशीनों में तुरंत प्रभाव से सुधार किया जाए। पीओएस मशीन में सभी राशन वस्तुएं अंगूठा लगवाने से पहले व राशन कार्ड डालते ही शो होनी चाहिए। इसलिए मशीन के सॉफ्टवेयर में सुधार किया जाए। पीओएस मशीन में अंगूठा सभी राशन वस्तुओं के लिए एक टाइम ही लगाया जाए, दो-तीन बार अलग-अलग वस्तुओं का अंगूठा लगवाने पर कार्ड होल्डर का एक बार अंगूठा आ जाता है तथा दोबारा अंगूठा नहीं आने पर कार्ड होल्डर डिपो होल्डर के साथ झगड़ा करने पर उतारू हो जाता है।
डिपो धारकों को पीओएस मशीन में नेटवर्क, सॉफ्टवेयर तथा 2जी मशीन होने के कारण ई-केवाईसी करने में असमर्थ है। इसलिए ई-केवाईसी डिपो होल्डर के कार्य क्षेत्र से बाहर है, यह ई-केवाईसी करवाने की जिम्मेदारी कार्ड होल्डर से स्वयं द्वारा करवाई जाए।

भूमित दहिया नौकायन खेल में जिले का नाम कर रहे रोशन

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
गोपालपुर गांव का होनहार खिलाड़ी भूमित दहिया नौकायन खेल में जिला का नाम रोशन कर रहा है। उसने हाल ही में गोवा में संपन्न हुई 37वें राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया है। भूमित दहिया के पिता धर्मबीर सिंह ने बताया कि उनका बेटा पिछले चार सालों से इस खेल में अथक मेहनत कर रहा है। वह अभी तक राष्ट्रीय स्तर पर चार पदक इस खेल में ले चुका है। भूमित ने गोवा में इस साल अक्तूबर-नवंबर में आयोजित हुए 37वें राष्ट्रीय खेलों में गोल्ड मेडल हासिल किया था।

उत्तराखंड टिहरी में आयोजित हुई ओपन नेशनल चैंपियनशिप में दो गोल्ड मेडल लिए। इसी प्रकार नौकायन में वर्ष 2022 में आयोजित हुई 33 वीं नेशलन चैंपियनशिप में भूमित ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया था। ग्रामवासियों ने भूमित की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई है।

सच्चे मन से करनी चाहिए प्रभु की भक्तिः सुरेन्द्र खर्ब

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
दिल्ली के भलस्वा डेरी स्थित राजीव नगर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर कथा वाचक ऋषिकेश पांडे ने सभी को श्रीमद् भागवत कथा के महत्व की जानकारी दी। इस मौके पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब के अलावा प्रमोद सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि हम सभी को प्रभु की भक्ति सच्चे मन से करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। इस मौके पर सन्त कुमार परिक्षित, प्रेमलता, गीता देवी, डॉ. लता देवी, वेद प्रकाश चौहान, शिवयान, रघुवीर, अनिल कुमार , रिचपाल सिंह, शंकर लाल गुप्ता, रामवीर, दुर्ग पाल फौजी, रामवीर हलवाई, दिनेश पंडित, गौरव कपूर, हिमांशु शर्मा, हिमान्शु भारद्वाज, राहुल पंडित नारायण पाण्डेय, हिमान्शु पाचाल, रवि पांचाल, राजेश गुप्ता, विनय गुप्ता, रोहित गुप्ता, ब्रिजेश मिश्रा, इन्द्रपाल, राकेश, हरकेश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

दिल्ली सरकार का निर्णय समय पर उठाया गया उचित कदमः वत्स

वत्स ने कहा

8 समाजसेवी दयानन्द वत्स ने दिल्ली सरकार के निर्णय की सराहना की और कार्यों को भी सराहा।

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
प्रशिक्षित शिक्षक संघ दिल्ली और नेशनल एजुकेशनल मीडिया नेटवर्क और नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली में खराब वायु गुणवत्ता और भारी प्रदूषण के कारण दिल्ली सरकार द्वारा शीतकालीन अवकाश समय से पहले करने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे छात्रों और शिक्षकों के हित में उठाया गया उचित और सराहनीय कदम बताया है। वत्स ने कहा है गैस चैंबर बनी दिल्ली में स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की दृष्टि से शिक्षा मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम लाखों अभिभावकों के लिए राहत भरी खबर है।

मानव सेवा संस्थान ने लगाया 71वां स्वास्थ्य शिविर

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
मानव सेवा संस्थान ट्रस्ट व श्री खाटू श्याम आराधना मण्डल (द्वादशी वाले) के तत्वावधान में जेएमडी टैंट जापानी पार्क में 71वां मेडिकल कैम्प आयोजित किया। जिसमें तमाम पदाधिकारी व अन्य लोगों ने भाग लिया। कैंप में आये हुए भारी संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस मौके पर मानव सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने बताया कि यह हमारा 71वां निःशुल्क कैंप था। हमारे संस्थान का प्रयास रहता है कि हम अधिक से अधिक शिविर लगाकर लोगों की मदद कर सके। श्री यादव ने डाक्टरों का धन्यवाद भी किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर से लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं उनके घर के समीप ही मिल जाती है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखे।

लाल कृष्ण आडवाणी को जन्मदिन की बधाई देते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल व अन्य।

दिल्ली में घोर प्रदूषण के कारण स्कूल बंद करने का आदेश दमघोटु है : जीएसटीए

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
दिल्ली में रिकॉर्ड तोड़ दमघोटु प्रदूषण के कारण शिक्षा निदेशालय द्वारा स्कूल बंद करने के आदेशों की फेरिस्त में तीसरी किश्त के अनुसार नौ नवंबर से अठारह नवंबर तक कहने को नौ दिन के लिए सर्दियों की छुट्टियों के बदले स्कूल बंद करने का फरमान जारी किया है। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजयवीर यादव ने इस आदेश पर ब्यान जारी करते हुए कहा की पिछले एक सप्ताह में तीन बार आधे अधूरे आदेश दिये गए जिसमें प्रिंसिपल के स्तर से बच्चों को बुलाने के लिखित आदेश दिये गए हैं। पीछे से जिला स्तर के अधिकारियो ने प्रिंसिपलों को फोन पर मौखिक आदेश देकर बच्चों को बुलाने के लिए बाध्य किया। अब नौ दिन की घोषित छुट्टियों में पाँच दिन की दिवाली त्यौहार की छुट्टी है, बचे चार दिन तो उनके लिए शीतकालीन छुट्टियों का हवाला दे दिया। इस आदेश से ऐसा प्रतीत होता है की जैसे बच्चों ने बीस दिन छुट्टियों के लिए गुहार लगाई हो और विभाग ने चार दिन की छुट्टियों का ऐलान कर सर्दियों की छुटियो को साथ जोड़ दिया। यह आदेश सरकार की संवेदनहीनता को दशार्ता हैं। गौरतलब है कि यदि विगत पाँच वर्षों के रिकॉर्ड को देखा जाए तो सर्दियों की छुट्टियों को शीत लहर के चलते हर वर्ष एक एक सप्ताह बढ़ाया गया है।

शालीमार बागः सभी को करना चाहिए पौधारोपणः राजकुमार चौधरी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र सहित दिल्ली के कई इलाको में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है लोग कई तरह बीमारियों से जूझ रहे हैं। हम सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाना चाहिए जो प्रदूषण के हानिकारक प्रभाव को कम करने में मदद करेंगा। हम सभी को अपने घर में भी कुछ पौधे लगाने चाहिए जो हवा को शुद्ध रखते हैं। उक्त बातें युवा समाजसेवी राजकुमार चौधरी ने कही।
श्री चौधरी ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और पेड़-पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे जहां एक ओर हमें शुद्ध हवा देते है वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें।

प्रदूषण से बचना है तो घर से बेवजह न निकलें बाहरः संगीता चौधरी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
देश की राजधानी दिल्ली में सर्दी की शुरूआत अभी ठीक से नहीं हो पाई हैं, कि उससे पहले वायु प्रदूषण का स्तर बहुत खराब हो गया है। एक्यूआई खराब होने से राजधानी में सुबह हो या शाम, घर से बाहर निकलना लोगों का मुश्किल हो गया है, खासकर बुजुर्ग और कम उम्र के बच्चों के लिए। जियो खुशहाल ह्यूमन राइट्स संस्था कि संस्थापिका संगीता चौधरी ने बताया कि दिल्ली में खराब वायु प्रदूषण की वजह से राजधानी के आम लोग ही नहीं बल्कि मॉर्निंग वॉकर्स भी परेशान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सर्दियां अभी शुरू भी नहीं हुई है, लेकिन प्रदूषण का स्तर पहले से काफी ज्यादा बढ़ गया है, इसका हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ हैं।

कैसे करें बचाव
खिड़कियों और दरवाजों से जहरीले प्रदूषक घर में प्रवेश कर जाते हैं, इसलिए इन्हें बंद रखें। इसके अलावा धूल में या घर की ज्यादा साफ-सफाई का काम करने से भी बचें।
एअर प्यूरीफायर लगाएंः सांस से जुड़ी बीमारियों से परेशान लोगों को डॉक्टर घर में एयर प्यूरीफायर लगाने की सलाह देते हैं। प्यूरीफायर में कई तरह के फिल्टर होते हैं, जो अशुद्ध हवा को घर से बाहर निकालने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह जीवाणुओं को भी घर से बाहर निकालकर अंदर की हवा को शुद्ध बनाता है।

वार्ड-62 में पार्कों की हालत खस्ता, जनता परेशान

टीम एक्शन इंड़िया/ नई दिल्ली
त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 62 में स्थित निगम के कई पार्कों की हालात खस्ता है, जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। वार्ड 62 के एम ब्लॉक के पास निगम के पार्क की हालत काफी खराब हो गई हैं, और स्थानीय लोग गंदगी से परेशान है। आलम यह है कि पार्क में जगह-जगह गंदगी का अंबार है। कई बार इलाके के लोग सफाई को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं, बावजूद इसके स्थानीए निगम पार्षद किशन बैमाड़ व निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं हैं।
क्या कहते हैं स्थानीए निवासीः स्थानीय निवासी दीपक ने बताया की लगभग एक माह से पार्क में कोई सफाई कर्मचारी नहीं आया हैं, जिसके चलते पार्क में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ हैं, वहीं उन्होंने यह भी बताया की सफाई को लेकर यहां के लोग इकठ्ठे होकर कई बार पार्षद के पास गए थे, उन्होंने यह आश्वासन देकर हमें वापिस भेज दिया कि जल्द इन पार्कों की सफाई करवा दी जाएगी।
वहीं स्थानीय निवासी राम कुमार ने बताया कि पार्क की चारों तरफ की दीवारे टूटी हुई हैं और न तो माली आता हैं। जिसके चलते पार्कों की हालात दयनीय हो गई और प्रशासन को इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए।

पर्यावरण बचाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा करें पौधारोपणः राजेंद्र यादव

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
जैसे-जैसे हम विकास की ओर अग्रसर हो रहें हैं और विकास के नाम पेड़ पौधों को तेजी से काटा जा रहा हैं, जिसके चलते आक्सीजन की समस्या से प्रत्येक व्यक्ति को जूझना पड़ रहा है। इसका एक मात्र स्थाई उपाय पौधारोपण करना है, प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने और इसकी देखभाल भी अपनी संतान की भांती करनी चाहिए। राजेन्द्र यादव ने बताया कि पौधारोपण से पर्यावरण साफ, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ यह हमारे लिए कई प्रकार से लाभकारी सिद्ध होता है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है, और हमारे द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमारी आने वाली पीढ़ी को मिलेगा। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। पौधरोपण सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ्य है। पौधे जब बड़े होते हैं तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए आक्सीजन देते हैं,इसे गंभीरता से समझना होगा और हर व्यक्ति को जनहित व देशहित में पौधारोपण करने का संकल्प लेना होगा।

रक्तदान होता है महादान, इसलिए सभी करें रक्तदानः बलराम

नई दिल्ली। त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित रानी बाग में रहने वाले व मैत्री आरडब्ल्यूए के सचिव बलराम चावला ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें जितनी रक्त की आवश्यकता है, उतनी मात्रा में लोग रक्तदान नहीं कर रहे हैं।
निश्चित रूप से रक्तदान करें तथा लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, वहीं उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर अस्पताल ब्लड बैंक से ब्लड प्राप्त किया जा सकता है।

जी. बी. पंत हॉस्पिटल सीएण्डडी यूनियन के हुए चुनाव संपन्न

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
जी. बी. पंत हॉस्पिटल सीएण्डडी यूनियन (राजि.) की चुनाव प्रक्रिया में अस्पताल के समस्त कर्मचारियों ने अपना वोट देकर विकास सारस्वत और रविंद्र कुमार को भारी बहुमत से विजयी बनाया। उक्त जानकारी एनपीएचए के अध्यक्ष विजय कुमार ने दी। उन्होंने आगे बताया कि इस चुनाव में ग्रुप सी-डी के 466 कर्मचारियों ने मतदान किया। चुनाव अधिकारी फिरोज खान द्वारा विकास सारस्वत को अध्यक्ष और रविन्द्र कुमार को महासचिव पद के लिए विजयी घोषित किया गया। कार्यकारिणी में घोषित सदस्य उपाध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार, मुकेश कुमार, धरमजीत, निरंकार सिंह, महेंद्र कुमार तथा सहसचिव पद पर आशीष डोगरा, लोकेश कुमार, प्रदीप पाल, आदिल हुसैन, धर्मेन्द्र कुमार और कोषाध्यक्ष पद पर जीवन सिंह नेगी, प्रचार सचिव पद पर मनोज कुमार और रविंद्र कुमार को कार्यालय सचिव चुना गया। चुनाव अधिकारी की घोषणा के बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष विकास सारस्वत ने अपनी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं कर्मचारियों की हर समस्या को ध्यान से सुनने, उसे यूनियन के समक्ष निवारण हेतू लाने और उस पर सकारात्मक हल निकालने के लिए अपनी टीम के साथ एकजुट होकर समाधान करने के लिए कटिबद्ध रहूंगा और कर्मचारियों के रुके हुए कामों को जल्द पूरा कराऊंगा। एनपीएचए दिल्ली के अध्यक्ष विजय कुमार ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए कहा कि आज सरकार/प्रशासन यूनियनों को खत्म करने के नए-नए तरीके अपना रहा है। सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों जैसे आउटसोर्सिंग, निजीकरण, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के नाम पर कर्मचारियों की छंटनी जैसी नीतियों के खिलाफ जुझारू यूनियन और कर्मचारियों का एकजुट होना बहुत जरूरी है। रिक्त पड़े पदों को भरा नहीं जा रहा है, कर्मचारियो की भर्ती नहीं हो रही है जिसके कारण काम का बोझ बढ़ रहा है। सभी कर्मचारी यूनियनों को सरकार और प्रशासन की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर, रणनीति बनाकर उनका सामना करते हुए आंदोलन की राह पर चलना होगा।

योगासन खेल प्रतियोगिता में पदक जीतकर हरियाणा के खिलाड़ियों ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया

टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) 37 वें राष्ट्रीय खेलों में योगासन खेल का आयोजन जीएमसी एथैलैटिक स्टेडियम, बम्बोलिम, गोवा में 5 नवम्बर 2023 से किया जा रहा है । भव्य उद्घाटन समारोह में राज्यसभा की माननीय सदस्या एवं भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्षा पी. टी. उषा ने शिरकत की, जो सबके लिए गौरव की बात है । राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा टीम के कुल 14 योगासन खिलाड़ी अलग-अलग इवेंट्स में भागीदारी कर मैडल प्राप्त कर रहे हैं । ट्रेडिशनल इवेंट में हरियाणा के भिवानी जिला के अभिषेक ने रजत एवं आर्टिस्टिक सिंगल में जींद जिला के अभिषेक ने कांस्य पदक जीतकर हरियाणा का गौरव बढ़ाया है । हरियाणा योग आयोग की ओर

से कुरुक्षेत्र के अधिकृत प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि हरियाणा योग आयोग के कर्मठ चेयरमैन एवं योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य इस समय भी खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए स्वयं गोवा में मौजूद हैं और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ- साथ उन्हें योगासन खेल के उज्जवल भविष्य के बारे भी अवगत करवा रहे हैं । ऑनलाइन बोलते हुए डॉ जयदीप आर्य ने कहा कि अब योगासन खेल को ओलंपिक तक लेकर जाने का सपना शीघ्र साकार होता दिखाई दे रहा है । योगासन खेल को खेलो इंडिया, राष्ट्रीय खेलों, पुलिस गेम्स, सीबीएसई गेम्स, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में तो सम्मिलित कर ही लिया गया है, योगासन खिलाड़ियों को केंद्र सरकार द्वारा ग्रुप-सी की भर्ती में योगासन स्पोर्ट्स कोटा भी प्रदान किया गया है और कैश अवार्ड से भी सम्मानित किया जाता है । साथ ही पुलिस एवं पैरामिलिट्री फोर्सिज में भी योगासन के राष्ट्रीय स्तर के विजेता खिलाड़ियों को पदोन्नति दी जा रही है । हरियाणा प्रदेश खेलों में अव्वल रहता है और अब जब योगासन को भी खेलों में सम्मिलित कर लिया गया है तो यकीनन योगासन खिलाड़ी भी हरियाणा का नाम रोशन करेंगें । राष्ट्रीय खेलों के लिए चयनित खिलाड़ियों की तैयारियों के लिए पूर्व में हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा कैंप लगाया गया ।हरियाणा के योगासन खिलाड़ी रोहित, अभिषेक, अर्जुन, ऋषभ, अमित, राहुल, करण, अभिषेक, देवी, कोमल, स्नेहलता, भतेरी, मनीषा एवं सोनू अलग झ अलग इवेंट्स में राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भाग ले रहे हैं ।हरियाणा योग आयोग को योगासन खेल के संवर्धन का कार्य विधानसभा एक्ट के माध्यम से सौंपा गया है और हरियाणा योग आयोग अपने ऊजार्वान अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य के प्रयासों एवं मार्गदर्शन में योग, प्राकृतिक चिकित्सा के साथ-साथ योगासन खेल के संवर्धन व प्रचार- प्रसार का कार्य भी बखूबी कर रहा है ।

ऑटो व ई रिक्शा पर यूनिक कोड स्टीकर लगाने का काम लगातार जारी

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)
पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस द्वारा आटो व ई-रिक्शा पर यूनिक कोड युक्त स्टीकर लगाने का काम लगातार जारी है। गौरतलब है कि कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा ऑटो व ई-रिक्शा पर कोड युक्त स्टीकर लगाये जा रहे हैं। इस स्टीकर पर आटो चालक व संचालक की पूर्ण जानकारी दर्ज है। यह डाटा डायल 112 के साथ भी सांझा किया जाएगा ताकि आटो में कोई अपराध हो तो उसकी तुरन्त पुलिस को शिकायत दी जा सकें । पुलिस के पास पूरा रिकार्ड होगा जिसके आधार पर तुरन्त कार्यवाही होगी।थाना यातायात शहर थानेसर प्रभारी निरीक्षक ने माननीय पुलिस महानिदेशक हरियाणा के के

निदेर्शानुसार व पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-निर्देश में जिला के सभी ऑटो तथा ई-रिक्शा पर यूनिक कॉड युक्त स्टीकर लगाए जा रहे हैं । दिनांक 5 अक्टूबर 2023 से शुरू हुए इस अभियान में अबतक 2 हजार से ज्यादा ऑटो और ई रिक्शा पर यूनिक कॉड युक्त स्टीकर लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही जिला के तमाम ऑटो व ई-रिक्शा पर स्टीकर लगा दिए जायेंगे। उन्होंने ऑटो चालको से भी अनुरोध किया अपने डॉक्यूमेंट जमा करवाकर अपने ऑटो पे स्टीकर लगवाएं। आटो व ई-रिक्शा चालक अपना रजिस्ट्रेशन अपने एरिया थाना में करवा सकते हैं। वहां पर सभी डॉक्यूमेन्ट चैक किये जाएगें जिसके सभी डॉक्यूमेन्ट पूरे होगें उसे रजिस्टर्ड कर एक नम्बर अलॉट कर दिया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

स्कूल स्टेट लॉन टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के खिलाड़ियों ने जीते पदक

सोनीपत: 2 नवंबर से 4 नवंबर 2023 तक पंचकुला में आयोजित हरियाणा स्कूल स्टेट लॉन टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के होनहार टेनिस खिलाड़ियों ने सोनीपत का प्रतिनिधित्व करते हुए बालक वर्ग अंडर- 19 के फाइनल मैच में फरीदाबाद की टीम को 6-1, 6-2 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही अंडर-14 बालक वर्ग के फाईनल मैच में रोहतक से 2-6, 2-6 के स्कोर के साथ खेलते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया, अरन्तया, पुष्कर, अर्जुन राठी, तनिष्क, रिदम चावला, निशांत, शिवम, आर्यन ने बहुत ही बेहतर खेल प्रदर्शन करते हुए कुल 5 स्वर्ण व 1 रजत पदक प्राप्त किया। गतवर्ष भी अंडर-19 आयुवर्ग में सोनीपत की टीम विजेता थी। खिलाड़ियों की जीत पर अभिभावकों ने इस जीत का श्रेय स्कूल प्रशासन को दिया। प्रतियोगिता में राज्यभर से लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया।

डीएचबीवीएन देगा कर्मचारियों को 2000 रुपए 'दिवाली टोकन गिफ्ट'

फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सी और डी श्रेणी के सभी कर्मचारियों को दिपावली त्यौहार के उपलक्ष्य में टोकन गिफ्ट मिलेगा। प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि बिजली वितरण निगम ने रुपये 2000/- का 'दिवाली टोकन उपहार' देने का फैसला किया है। सभी सी और डी श्रेणी के समानांतर पात्र कर्मचारियों को दिपावली त्यौहार के उपलक्ष्य में टोकन गिफ्ट के रूप में 2000 रुपए की राशि दी जाएगी। दिवाली-2023 टोकन उपहार का भुगतान कर्मचारियों के सीधे बैंक खातों में किया जाएगा, जो एक नवंबर 2023 तक सेवा में हैं। उन्होंने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के लगभग 16000 कर्मचारियों को यह दीवाली टोकन गिफ्ट की राशि दी जाएगी। इसमें बिजली निगम के सभी सी और डी श्रेणी के रेगुलर और अनुबंधित, एचकेआरएनएल के माध्यम से लगे हुए कर्मचारी, कॉन्ट्रैक्ट बेस, पार्ट टाइम, डीसी रेट के सभी ऑन रोल कर्मचारियों को शामिल किया गया है। वित्त निदेशक रतन कुमार वर्मा ने बताया कि इस बारे सभी डीडीओ एवं कार्यकारी अभियंता को यह सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि सभी पात्र कर्मचारियों को दिवाली टोकन उपहार का भुगतान दिवाली से पहले ही जारी कर दिया जाए।

नगाड़ा की थाप पर थिरक रहे हैं सूरजकुंड दिवाली उत्सव में आने वाले पर्यटकों के पैर

फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। सूरजकुंड प्रथम दीपावली उत्सव में सुभाष नगाड़ा पार्टी चाँदहट जिला पलवल ने दीपावली उत्सव में अपने नगाड़ो की थाप से दर्शकों को थिरकन पर मजबूर कर दिया। फरीदाबाद के विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं ने भी नगाड़े की थाप पर ठुमके लगाए। ब्रज लोकगीत कान्हा बरसाने में आ जइयो बुला गई राधा प्यारी ब्रज रसिया पर नगाड़ा की थाप के साथ झांझ-मंजीरा- खड़ताल के साथ दर्शक थिरकने लगे और नाच कूद कर मेले का आनंद उठाया। इस अवसर पर नगाड़ा पार्टी में नगाड़ा वादक सियाराम व विजय राम, झांज वादक किशन रणधीर, समय वीर, श्याम चरण, चिमटा वादक व खड़ताल वादक सुभाष नृत्य कलाकार सीताराम तथा विजेंद्र इत्यादि नगाड़ा पार्टी ने अपनी कला का प्रदर्शन कर मेले में धूम मचाई। साथ ही सपेरा बीन पार्टी के कलाकार आने-जाने वाले राहगीरों को नाचने के लिए लालायित कर रहे हैं। सुमित नाथ बिन पार्टी मोडबंद बदरपुर ने दादा पर्दा गांव के समय की खानदानी परंपरा को निभाते हुए अपनी बिन पार्टी कि कला का-सुंदर प्रदर्शन कर मेले में आए दर्शको को तीन बिन वादकों ने फिल्मी सॉन्ग नगीना तथा नागिन धुनो पर थीरकने पर मजबूर कर दिया। दर्शकों ने बिन, ढोल, तुंबा, खड़ताल व चिमटा बजाकर मचाई धमाल।

48 किलोग्राम पटाखों सहित आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद,(हरपाल सिंह यादव)। डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना एनआईटी प्रभारी सुशीला की टीम के द्वारा अवैध पटाखों को सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी मनीष कुमार उर्फ कन्हैया फरीदाबाद की एनआईटी का रहने वाला है। आरोपी को थाना पुलिस टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना एनआईटी के एरिया में परचून की दुकान से काबू किया है। आरोपी से मौके पर 48.640 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए है।

केयू के वाणिज्य विभाग में दिवाली मेले का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा बुधवार को दिवाली मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का आयोजन प्रोफेसर तेजेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में विभाग के छात्रों और छात्राओं द्वारा किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर महावीर नरवाल द्वारा गणेश जी और लक्ष्मी माता को पुष्प अर्पित करके किया गया। मेले में छात्रों और छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स और गेम्स सहित रामायण और महाभारत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पहला

राउंड विभाग के प्रोफेसर्स के लिए रखा गया जिसमें विभाग के सभी प्रोफेसर्स ने भाग लिया। प्रो. अजय सुनेजा और डा. रश्मी चौधरी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बाजी मारी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दूसरा राउंड छात्रों और छात्राओं के लिए रखा गया। छात्रों और छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मेले में यूनिवर्सिटी के दूसरे विभागों के छात्र और छात्राएं उपस्थित रहे और मेले का भरपूर आनंद लिया। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर महावीर नरवाल ने छात्रों और छात्राओं को मेले के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

समारोह

8 विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर महावीर नरवाल ने छात्रों और छात्राओं को मेले के सफल आयोजन के लिए बधाई दी

इस अवसर पर विभाग के प्रो सुभाष चंद, प्रो अजय सुनेजा, प्रो तेजेन्द्र शर्मा, डॉ. रश्मी चौधरी, डा. आशीष सांगवान और विभाग के शोधकर्ता उपस्थित रहे। मेले को सफल बनाने में विभाग के विद्यार्थी मीनल गुलाटी, कोमल, राहुल, संदीप, निकिता आदि की विशेष भूमिका रही।

गोपालपुर गाँव के खिलाड़ी ने राष्ट्रीय खेलों में जीता स्वर्ण पदक

खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी
गोपालपुर खरखौदा जिला सोनीपत के होनहार खिलाड़ी भूमित दहिया नौकायन खेल में जिले का नाम किया रोशन । उसने हाल ही में गोवा में संपन्न हुई 37वें राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया है। भूमित दहिया के पिता धर्मबीर सिंह ने बताया कि उनका बेटा पिछले चार सालों से इस खेल में अथक मेहनत कर रहा है। वह अभी तक राष्ट्रीय स्तर पर चार पदक इस खेल में ले चुका है। भूमित ने गोवा में इस साल अक्तूबर-नवंबर में आयोजित हुए 37वें राष्ट्रीय खेलों में गोल्ड

मेडल हासिल किया था। उत्तराखंड टिहरी में आयोजित हुई ओपन नेशनल चैंपियनशिप में 2 गोल्ड मेडल जीते हैं। इसी प्रकार नौकायन में साल 2022 में आयोजित हुई 33 वीं नेशलन चैंपियनशिप में भूमित ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया था। ग्रामवासियों ने भूमित की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई है।

4 किलो 20 ग्राम गांजा सहित 2 आरोपियो को किया अरेस्ट

फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी जोगिन्द्र की टीम ने गांजा की तस्करी करने वाले 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में सुनिल उर्फ सन्नी और राहुल उर्फ कालू का नाम शामिल है। आरोपी सुनिल एनआईटी का तथा आरोपी राहुल गांव मुजेडी की शिव कालोनी का रहने वाला है।

उच्चतर शिक्षा परिषद के चेयरमैन डा. कैलाश चंद्र का किया स्वागत

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) हरियाणा उच्चतर शिक्षा परिषद के नवनियुक्त चेयरमैन डा. कैलाश चंद्र शर्मा के कुरुक्षेत्र आगमन पर श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के शिष्टमंडल ने उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सभा के मुख्य सलाहकार जयनारायण शर्मा के नेतृत्व में इस प्रतिनिधिमंडल में प्रधान श्याम सुंदर तिवारी, प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा, आचार्य नरेश, सेवानिवृत्त एसडीओ रवि प्रकाश, पूर्णचंद थानेदार, राजीव अच्चू स्वामी, राजकुमार काला, पंडित मोहन गौतम, प्रवीण गौतम, सुखदेव शर्मा शामिल रहे। सभा के प्रतिनिधिमंडल ने कैलाश चंद्र शर्मा को सभा के कार्यालय में आने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि वे शीघ्र ही सभा के निमंत्रण पर कुरुक्षेत्र आएंगे। सभा के मुख्य सलाहाकार जयनारायण शर्मा तथा प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा ने कहा कि डा. कैलाश चंद्र शर्मा एक उच्च कोटि के विद्वान हैं। चयन समिति में डा. शर्मा का चेयरमैन के पद पर चयन करके बड़ा ही सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए उन्होंने चयन समिति का भी आभार जताया। उन्होंने आशा प्रकट की कि डा. कैलाश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में हरियाणा के विश्वविद्यालयों में शिक्षा का स्तर और अधिक सुधरेगा तथा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्र लाभ उठाकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सभा की ओर से विद्वान प्रबुद्धजनों को हमेशा सम्मान दिया जाता है।

डा. शर्मा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर रहते हुए अनेक नए आयाम स्थापित किए। उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय के नाम अनेक उपलब्धियां रही। उनकी इन्हीं उपलब्धियों को देखते डा. कैलाश चंद्र शर्मा को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है और श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा इससे बेहद खुश है।

निमंत्रण

8 जयनारायण तथा प्रधान महासचिव रामपाल ने कहा कि डा. कैलाश चंद्र शर्मा एक उच्च कोटि के विद्वान हैं

कॉलेज में पुलिस ने दी डायल 112 की जानकारी

खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी
बुधवार को खरखौदा शहर के कन्या कालेज, बस स्टैंड व पिपली के शहीद सिंह राजकीय महाविद्यालय में खरखौदा पुलिस से थाना प्रभारी सुनील कुमार व अतिरिक्त थाना प्रभारी महेश कुमार ने पहुँचकर छात्राओं को डायल 112 की जानकारी दी और इसकी एप भी उनके माबाइल में डाउनलोड करवाई। इस दौरान खरखौदा थाना प्रभारी सुनील कुमार, अतिरिक्त इंस्पेक्टर महेश कुमार व सब इंस्पेक्टर मंजू ने छात्राओं को डायल-112 के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि छात्राओं एवं शिक्षक महिलाओं इस एप के साथ ही डायल 112 का भी आपात स्थिति में प्रयोग करा चाहिए। इस दौरान 112 ऐप इंस्टाल करवाई गई और इसे आपरेटर करने बारे बताया

गया। साइबर क्राइम और बचाव बारे बताया गया। महिलाओं को जागरूक कर उन्हें 112 एप और हेल्पलाइन नंबर-1091 और 181 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान इंस्पेक्टर महेश कुमार ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति गलत व्यवहार करता है तो बेझिझक पुलिस को शिकायत दें। इसके लिए उन्हें कहीं भी जाने की आवश्यकता नहीं है। युवतियों को बस अपने मोबाइल से 112 एप का प्रयोग करना है। इसके चंद मिनट बाद पुलिस की टीम उनके पास होगी। इस एप की विशेष बात यह है कि आप इस पर रजिस्ट्रेशन के बाद पूरे प्रदेश में कहीं भी यदि अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है तो इसमें दिए गए लाल बटन को प्रयोग कीजिए। जल्द से जल्द डीएसआरएएफ के सबसे नजदीकी प्वाइंट से आपको सहायता पहुंचाई जाएगी। इसके अतिरिक्त महिला हेल्पलाइन नंबर 8818000108 पर भी कॉल कर सकते हैं। वहीं एप को प्रयोग करने के लिए बैलेस, नेटवर्क व इंटरनेट की भी आवश्यकता नहीं है।

'शिकायतों का समाधान विभागों के अधिकारी समय पर पूरा करना करें सुनिश्चित'

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं, सभी मंत्रीगण, सभी सांसद गण और सभी विधायक गण जन समस्याओं के निदान के लिए जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इन जन संवाद कार्यक्रमों में आने वाली शिकायतों को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जन संवाद पोर्टल पर मुख्यमंत्री/ सीएमओ कार्यालय द्वारा अपलोड किया जा रहा है। जिस विभाग की जो भी शिकायतें जन संवाद पोर्टल पर अपलोड की गई हैं उस विभाग के जिला अधिकारी प्रतिदिन बारिकी से जांच करें और समय पर निपटारा सुनिश्चित करें। जिस

विभाग का जिला अधिकारी जन संवाद पोर्टल पर आई शिकायत का निपटारा समय पर नहीं करेगा उस विभाग के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार को सिफारिश की जाएगी। डीसी विक्रम सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद में जन संवाद कार्यक्रमों में आई शिकायतों की समीक्षा बैठक में अधिकारियो को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राइट टू सर्विस कमीशन के चीफ कमीशनर टीसी गुप्ता को जन संवाद पोर्टल का नोडल अधिकारी लगाया गया है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि इसी प्रकार सीएम विंडो पर आई

दिशा-निर्देश

8 सभी विभागों की एक-एक करके जानकारी लेकर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

शिकायत पर भी मुख्यमंत्री स्वयं निगरानी कर रहे हैं। जिस विभाग की जो भी शिकायत सीएम विंडो पर लम्बित है उन्हें निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि आरटीएस पर पेंडिंग शिकायतों पर भी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। फरीदाबाद जिला आरटीएस में पिछले जनवरी माह में प्रदेश में नंबर वन पर था। सभी अधिकारी प्रतिदिन आरटीएस से संबंधित शिकायतों का पोर्टल पर चेकिंग करके उन्हें निपटाना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह ने जन संवाद कार्यक्रमों के जरिये जन संवाद पोर्टल पर अपलोड की गई शिकायतों की एक-एक करके बिजली निगम, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर, राजस्व,जिला विकास एवं पंचायत विभाग, एचएसवीपी सहित सभी विभागों की जानकारी ली। वहीं सीएम विंडो में भी सभी विभागों की एक-एक करके जानकारी लेकर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। मीटिंग में एडीसी आनंद

बुजुर्ग महासिंह ने एयर राइफल सीनियर मैन में जीता रजत, एसीपी ने किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । अंगदपुर जौहड़ी यूपी में हुई पांचवीं एकलव्य स्पोर्ट्स शूटिंग चैंपियनशिप में खुबडू गांव के 81 वर्षीय बुजुर्ग महासिंह ने रजत पदक जीता है। विजेता महासिंह का गन्नौर के एसीपी गोरखपाल राणा व सनौली गांव के सरपंच संजय त्यागी ने स्वागत करते उन्हें बधाई दी। बुजुर्ग महासिंह ने बताया कि 3 से 6 नवंबर के बीच हुई इस चैंपियनशिप में एयर राइफल सीनियर मैन में रजत पदक जीता है। महासिंह बड़ैत स्थित गायत्री रायफल क्लब में कोच कपिल शर्मा की देखरेख में निशनेबाजी का अभ्यास कर रहे है। इससे पहले भी करणी सिंह शूटिंग रेंज पर हुई प्री स्टेट हरियाणा शूटिंग चैंपियनशिप

में स्वर्ण पदक जीत कर स्टेट चैंपियनशिप में अपनी जगह सुनिश्चित की थी। इस स्टेट चैंपियनशिप में उन्होंने 50 मीटर प्रोन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। एसीपी गोरखपाल राणा ने बुजुर्ग महासिंह को उनकी उपलब्धी के लिए बधाई देते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से महासिंह प्रतियोगिताओं में लगातार मेडल जीत रहे हैं उससे लगता है कि वह जल्द ही अतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी खेलते हुए देश का नाम रोशन करेंगे।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 09 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

बीकानेर में हवा में प्रदूषण चिंता करने लायका

बीकानेरः बीकानेर के लिए चिंता की बड़ी खबर है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने बीकानेर को देश के उन शहरों में माना है जिनकी हवा में प्रदूषण चिंता करने लायक हो चुका है। इसके लिए बाकायदा निर्देश जारी कर तुंरत उपचार करने को कहा है। इस उपचार की रिपोर्ट भी मांगी है। एनजीटी की इस रिपोर्ट और आदेश के बाद बीकानेर जिला प्रशासन से लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तक हरकत में आ गया है। प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने आनन-फानन में फैक्ट्रियों की जांच शुरू की है। तीन दिन में छह फैक्ट्रियां बंद कर दी है। इनके पास लाइसेंस नहीं था। इसके साथ ही प्रदूषण रोकने के पूरे इंतजाम भी नहीं है। इसके साथ ही पांच और फैक्ट्रियों को नोटिस भी दिया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ प्रदीप असनानी का कहना है, एक ओर जहां औद्योगिक प्रदूषण रोकने के प्रयास शुरू हुए हैं वहीं दूसरी ओर बीकानेर में प्रदूषण का बड़ा कारण है पर्यावरण में उड़ती रेत। इस डस्ट पार्टीकल के कारण ही यहां की आबोहवा खराब हो रही है। ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उन सभी विभागों को चिट्ठी लिखी है जो निर्माण और स्वच्छता से जुड़े हैं। खासतौर पर नगर निगम को चिट्ठी लिखकर बीकानेर की सड़कों पर पानी का छिड़काव करने को कहा है। पीडब्ल्यूडी, यूआईटी, पीएचईडी आदि विभागों को लिखा है कि निर्माण के दौरान सामग्री पर पानी छिड़कें ताकि डस्ट नहीं उड़े। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस कार्रवाई की पूरी जानकारी एनजीटी को भेजी है। वहां 10 नवंबर को फिर से सुनवाई है।

लॉ फर्म को जीएसटी नोटिस पर रोक, भारत सरकार से जवाब तलब

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लॉ फर्म के खिलाफ जी एस टी नोटिस पर रोक लगा दी है और भारत सरकार से तीन हफ्ते में जवाब मांगा है। याचिका की अगली सुनवाई 7 दिसम्बर को होगी। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर तथा न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने गौतमबुद्धनगर की मेसर्स आनंद एण्ड आनंद ला फर्म की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता जे के मित्तल व शुभम अग्रवाल एवं भारत सरकार के अधिवक्ता कृष्णा अग्रवाल ने बहस की।
याची अधिवक्ता का कहना था कि अधिवक्ताओं व अधिवक्ता फर्म को जी एस टी से छूट प्राप्त है। इसके बावजूद याची लॉ फर्म को जी एस टी एक्ट के तहत 1 सितम्बर 23 को कारण बताओ नोटिस दी गई है।

अयोध्या में सरकारः श्रीरामलला का आशीर्वाद लेगी योगी कैबिनेट

अयोध्या में योगी सरकार की कैबिनेट बैठक आज, रामलला का पूजन कर प्रदेश के विकास के लिए कई अहम फैसले लेगी सरकार

मिशन 2024

8 सीएम योगी अयोध्या में लगभग 4 घंटे के लिए कैबिनेट की बैठक में शामिल होने आ रहे हैं

टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या
मिशन 2024 को साधने के लिए मोदी-योगी सरकार धार्मिक सांस्कृतिक राष्ट्रवाद व विकास के मुद्दों पर काम कर रही है। 11 नवंबर को अयोध्या में भव्य दीपोत्सव से पहले योगी सरकार की पूरी कैबिनेट अयोध्या में बैठेगी। सीएम योगी अयोध्या में लगभग 4 घंटे के लिए कैबिनेट की बैठक में शामिल होने आ रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री सहित उनकी कैबिनेट के मंत्रीगण अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव की तैयारियों का भी जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री लगभग 11 बजे रामकथा पार्क पहुंचेंगे। इसके बाद मंत्रिमण्डल के सहयोगियों के साथ हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन करेंगे। वहीं से श्री राम जन्मभूमि परिसर का पूजन एवं श्री राम लला विराजमान मंदिर में पूजा आदि करेंगे। मुख्यमंत्री योगी लगभग 12 बजे अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में मंत्रिमंडल परिषद की बैठक करेंगे। उत्तर प्रदेश के इतिहास में योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री हैं जो प्रदेश की राजधानी के बाहर कैबिनेट की बैठक करते रहे हैं। वर्ष 2019 में कुम्भ मेला के दौरान प्रयागराज में भी मंत्रिपरिषद की बैठक की गयी थी। तब मंत्रिमण्डल के सभी सदस्यों ने संगम में पुण्य स्नान भी किया था। इसके अलावा काशी में भी कैबिनेट की बैठक संपन्न हो चुकी है। इसी कड़ी में अब भगवान श्रीरामलला की जन्मभूमि अयोध्या में योगी कैबिनेट की बैठक होगी। कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के दो दर्जन से ज्यादा वरिष्ठ मंत्री मौजूद रहेंगे। इसके अलावा प्रदेश के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र के संयोजन में सभी प्रमुख विभागों के अपर मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव भी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के पुलिस महानिदेशक तथा सूचना निदेशक भी अयोध्या में मौजूद रहेंगे। कैबिनेट बैठक में लिए जाने वाले निर्णयों की जानकारी बैठक की समाप्ति के बाद रामकथा पार्क में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान दी जाएगी।

प्राचीन मंदिरों की पुण्यगाथा की मिलेगी जानकारी

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ
श्रीराम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन भव्य मंदिर तेजी से आकार ले रहा है। आगामी 22 जनवरी को पांच शताब्दी बाद भगवान श्रीराम अपने नव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। देश ही नहीं दुनियाभर में फैले करोड़ों सनातनियों की आस्था भगवान श्रीराम के मंदिर से जुड़ी है। माना जा रहा है कि श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित इजाफा होगा। आस्थावान अपने प्रभु श्रीराम के मंदिर में दर्शन करने पहुंचेंगे। इसे देखते हुए योगी सरकार अयोध्या को सर्वसुविधायुक्त शहर के रूप में डेवलप कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में अयोध्या में मंदिर संग्रहालय के निर्माण को लेकर भी कवायद तेज हो गई है। इस संग्रहालय के आकार लेते ही अयोध्या में केवल श्रीराम का भव्य मंदिर ही आस्थावानों के केंद्र में नही होंगा, बल्कि मंदिर संग्रहालय के जरिए भारत के सभी प्राचीन बड़े मंदिरों के दर्शन भी अयोध्या में हो सकेंगे।
मशहूर वास्तुकार वृंदा सुमाया की देखरेख में होगा निर्माणः सनातन धर्म के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठापित करने का महाअभियान मोदी-योगी सरकार में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में योगी सरकार देशभर के मंदिरों की गौरवगाधा को प्रदर्शित करने वाला विशाल संग्रहालय बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रभु श्रीराम की नगरी आयोध्या में किया जाना है। सरयू किनारे तकरीबन 50 एकड़ में बनने वाले मंदिर संग्रहालय के लिए जमीन की तलाश तेज हो गई है। इस भव्य मंदिर संग्रहालय का निर्माण देश की मशहूर वास्तुकार वृंदा सुमाया की देखरेख में होगा। हाल ही में सुमाया और उनकी टीम ने सरयू तट पर जमथरा में चिह्नित तीन स्थलों और रामपुर हलवारा में चिह्नित एक स्थल का जायजा लिया है। इन चिह्नित स्थलों में से एक स्थल का चयन मंदिर संग्रहालय के निर्माण के लिए किया जाएगा।
युवा पीढ़ी को मंदिरों की उपयोगिता बताएगी योगी सरकारः भारतीय मंदिरों का महात्म्य और उनकी शानदार वास्तुकला को दर्शानेवाले इस विशिष्ट संग्रहालय का निर्माण करने के पीछे योगी सरकार की मंशा है कि इनके जरिए सनातन संस्कृति के महत्व से दुनिया खासकर युवाओं को परिचित कराया जाए।
किसी मंदिर का किसी खास स्थान पर क्यों निर्माण हुआ और उनके निर्माण के पीछे का दर्शन क्या रहा, इसके बारे में युवा पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से ही अयोध्या में मंदिर संग्रहालय का निर्माण होगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को उत्तराखंड स्थित भू-बैकुंठ धाम पहुंचकर भगवान बदरी-विशाल के दर्शन किए। बदरीनाथ धाम आगमन पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपति की अगुवानी की।

'राजस्थान में कांग्रेस के साथ किया समझौता'

टीम एक्शन इंडिया/बागपत
राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने खेकड़ा के गांधी इंटर कॉलेज में इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास किया' वहीं पैरा ओलंपिक खिलाड़ी अंकुर धामा के परिजनों को बधाई देकर मोमेंटो भेंट किया बुधवार को चौधरी जयंत सिंह खेकड़ा में पहुंचे' सर्वप्रथम उन्होंने मोहल्ला रामपुर निवासी पैरा ओलंपिक खिलाड़ी अंकुर धामा के आवास पर पहुंचकर उसके परिजनों को अंकुर धामा की इस सफलता के लिए बधाई दी' इसके बाद गांधी इंटर कॉलेज में पहुंचकर खिलाड़ियों के लिए सांसद निधि से करीब 60 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इंडोर निर्माण के लिए शिलान्यास किया' जनसभा में बोलते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ओलंपिक खेलों का आयोजन करना चाहते हैं। मैं इसका विरोध करता हूं, क्योंकि कॉमनवेल्थ गेम इंडिया में उन पर मोटा पैसा खर्च किया गया था।

उत्तराखंड में पेड़ों पर बेरहमी से चल रही आरी

अवैध कटाई

8 71.05 प्रतिशत वन भूभाग वाले उत्तराखंड के जंगलों में हरे पेड़ों पर आरी चलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून
पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील 71.05 प्रतिशत वन भूभाग वाले उत्तराखंड के जंगलों में हरे पेड़ों पर आरी चलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत विभाग से मिली जानकारी इसकी तस्दीक करती है। इसके मुताबिक वर्ष 2010-11 से वर्ष 2019-20 तक की अवधि में पेड़ों के अवैध कटान के 10762 मामले दर्ज किए गए। इस दृष्टि से देखें तो हर साल औसतन 1076 मामले आ रहे हैं। इस परिदृश्य के बीच विभाग की कार्यशैली भी प्रश्नों के घेरे में है। 'जंगल में मोर नाचा किसने देखा, वनों के अवैध कटान के सामने आ रहे प्रकरणों को देखते हुए वन विभाग पर यह कहावत एकदम सटीक बैठती है। आरक्षित व संरक्षित वन क्षेत्रों में घुसकर वन माफिया निरंतर अपनी कारगुजारियों को अंजाम दे रहा है, लेकिन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लग पाती। राज्य के जंगलों में पेड़ कटान के मामले इसकी गवाही दे रहे हैं।
नहीं थमा अवैध कटान का क्रमः सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी पर गौर करें तो 2016-17 से 2019-20 की अवधि के दौरान मामले कुछ कम अवश्य हुए, लेकिन यह भी सही है कि अवैध कटान का क्रम थम नहीं पाया है।

आरक्षण पर मराठा-ओबीसी में तकरार

टीम एक्शन इंडिया/मुंबई
महाराष्ट्र में आरक्षण को लेकर मराठा-पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के बीच विवाद बढ़ता दिखाई दे रहा है। एनसीपी (अजित गुट) के नेता व खाद्य आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल मराठा समाज को कुनबी मराठा का प्रमाणपत्र देने पर भड़क उठे। वहीं, राज्य के ओबीसी नेताओं ने गोलबंदी शुरू कर दी है। महाराष्ट्र सरकार सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संदीप शिंदे समिति के माध्यम से अभिलेखों की जांच पड़ताल कर कुनबी मराठा का प्रमाणपत्र जारी कर रही है। छगन भुजबल कह रहे हैं कि कुनबी के नाम पर मराठा समाज के लोगों को पिछले दरवाजे से आरक्षण का प्रमाणपत्र बांटकर ओबीसी आरक्षण को हड़पा जा रहा है। हम अलग से मराठा आरक्षण का समर्थन करते हैं, लेकिन ओबीसी घटकों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। इसको लेकर मंगलवार को मुंबई में भुजबल के सरकारी आवास पर ओबीसी नेताओं की बैठक हुई, जिसमें सभी ने भुजबल के रुख का समर्थन किया।

जयपुर सीरियल ब्लास्टः बरी आरोपितों को थाने में लगानी होगी हाजिरी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
सुप्रीम कोर्ट ने 2008 के जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले में राजस्थान हाई कोर्ट की ओर से बरी किए गए चार लोगों की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के उस आदेश में संशोधन करने से इनकार कर दिया है, जिसमें हाई कोर्ट ने आरोपितों को संबंधित थाने में रोज हाजिरी लगाने का आदेश दिया गया था। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने ट्रायल कोर्ट से सभी रिकॉर्ड तलब करते हुए मामले की अगली सुनवाई जनवरी में नियत करने का आदेश दिया। राजस्थान हाई कोर्ट ने इस मामले में चारों दोषियों को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि राज्य सरकार इस मामले में पुख्ता सबूत नहीं पेश कर सकी। सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई को सशर्त आदेश दिया था कि इनके खिलाफ अभी दूसरे मामले का ट्रायल चल रहा है, इसलिए वे रिहा नहीं होंगे। कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश पर पूर्ण रोक लगाने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले के जांच अधिकारियों के खिलाफ जांच और अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने आरोपितों की रिहाई से पहले जमानत बांड से संबंधित हाई कोर्ट की शर्तों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सभी आरोपितों को अपना पासपोर्ट राजस्थान पुलिस के पास जमा करना जरूरी है। कोर्ट ने कहा था कि अगर आरोपित राजस्थान एटीएस के दफ्तर में रिपोर्ट करने में विफल रहता है, तो राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट जाने के लिए स्वतंत्र है। जयपुर में 13 मई, 2008 में हुए सीरियल ब्लास्ट के मामले में ट्रायल कोर्ट ने 18 दिसंबर, 2019 को चार दोषियों को फांसी की सजा सुनाई थी। ट्रायल कोर्ट के फैसले को राजस्थान हाई कोर्ट मैं चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने 29 मार्च को दिए आदेश में चार दोषियों को बरी कर दिया था। 2008 में हुए ब्लास्ट में 71 लोगों की मौत हुई थी।

आदेश

8 ट्रायल कोर्ट से सभी रिकॉर्ड तलब करते हुए मामले की अगली सुनवाई जनवरी में नियत करने का आदेश दिया

गंगोत्री धामः तीर्थयात्रियों की संख्या नौ लाख के पार

टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी
यह पहला अवसर है जब चारधाम यात्रा में तीर्थ यात्रियों का हुजूम उमड़ा है। 2023 की चारधाम यात्रा ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं। खासकर इस बार गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भी तीर्थयात्रियों की संख्या का नया रिकॉर्ड बना है। गंगोत्री धाम में तीर्थयात्रियों की संख्या का आंकड़ा नौ लाख के पार पहुंच गया है, जबकि यमुनोत्री धाम में 7.33 लाख से अधिक तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं। इससे तीर्थ पुरोहितों सहित चारधाम यात्रा से जुड़े व्यापारी और व्यवसायी काफी खुश हैं।
गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट होंगे बंदः गंगोत्री धाम के कपाट 14 नवंबर और यमुनोत्री धाम के कपाट 15 नवंबर को बंद होने हैं। ऐसे में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रियों की संख्या और अधिक बढ़ सकती है। इस बार गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुले थे, जिसके बाद चारधाम यात्रा ने रफ्तार पकड़ी।
टूट गए सारे रिकॉर्डः वर्षा काल के दौरान राजमार्ग अवरुद्ध रहने के दौरान कुछ दिन तीर्थ यात्रा बाधित हुई।

रिकॉर्डतोड़

8 गंगोत्री धाम के कपाट 14 नवंबर और यमुनोत्री धाम के कपाट 15 नवंबर को बंद होने हैं

बंगाल में एनआईए का ऑपरेशन, एक गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता
मानव तस्करी मामले की पड़ताल के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में अभियान चलाया। सूत्रों के मुताबिक इस सिलसिले में बारासात से एक शख्स को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा ठाकुरनगर समेत अलग-अलग इलाकों से दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने ठाकुरनगर के हाजरातला के आनंद पाड़ा में छापेमारी की। सुबह से लेकर करीब साढ़े 10 बजे तक एक घर में तलाशी अभियान चला कर वहां से विकास सरकार नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

'प्रत्येक परिवार एक रोजगार यह हमारा संकल्प'

टीम एक्शन इंडिया/राजगढ़
प्रत्येक परिवार एक रोजगार यह हमारा संकल्प है, लाड़ली बहना योजना जिंदगी बदलने का अभियान है, मेरा संकल्प है कि हर बहन की जिंदगी खुशहाली से भर दूंगा। गरीब परिवार के बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सीएम राइज स्कूल बना रहे हैं ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सके। यह बात मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बुधवार को ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नारायणसिंह पंवार के पक्ष में नगरपालिका कॉम्पलेक्स ब्यावरा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले उन्होंने जिले के खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र के जीरापुर और राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चाटूखेड़ा में जनसभा को संबोधित किया। सीएम शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि पीएम आवास योजना का जिन्हें लाभ नहीं मिला है, वह चिंता न करें। लाड़ली बहना योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मेरी बहनों, यह जिंदगी बदलने की योजना है, बहनों तुम चिंता मत करो तुम्हारे लिए मेरे पास पैसों की कोई कमी नही है, पैसों का इंतजाम होते ही यह राशि 1250 से 1750 और बढ़ाकर तीन हजार रुपए तक ले जाउंगा। त्योहार की खरीदी के लिए बहनों के खाते में समय से पहले ही राशि डलवा दी गई है, इस योजना से परिवार में मेरी बहनों का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार के बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सीएम राइज स्कूल बनेंगे साथ ही कहा कि ब्यावरा विधानसभा में दस सीएम राइज स्कूल बनाने का वादा करता हूं।

मंजूरी योगी सरकार ने कृषि क्षेत्र की कई योजनाओं के लिए कुल रुपए 5713 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी

बंजर और बीहड़ जमीन को उपजाऊ बनाने के लिए फंड जारी

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ
प्रदेश में किसानों की आय को दोगुना करने के लिए योगी सरकार संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन की ओर से कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं के लिए 5713.02 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है। अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी के अनुसार बंजर और बीहड़ भूमि के उपचार के लिए चल रही पं दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, मृदा स्वास्थ्य सुदृढ़िकरण सहित प्रदेश के दो कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत 4519.00 लाख रुपए, मृदा स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण के लिए रुपए 671.96 लाख रुपए, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 50 लाख रुपए, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 22.06 लाख और बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में टाइप-5 के आवासों के निर्माण के लिए 450.00 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। बता दें कि प्रदेश के किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ शीघ्र तथा निर्बाध रूप से मिले इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लगातार मॉनीटरिंग की जाती है। कृषि यंत्रों के वितरण, दलहन-तिलहन के मिनीकिट वितरण तथा उर्वरक उपलब्धता को लेकर भी मुख्यमंत्री की ओर से अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये जाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के कृषि मंत्री की ओर से किसानों के लिए जारी शासन की योजनाओं की समीक्षा की गई है।

आय दोगुना

8 मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के कृषि मंत्री की ओर से किसानों के लिए जारी शासन की योजनाओं की समीक्षा की

सोनभद्र और सहारनपुर में लाखों की अवैध विदेशी शराब जब्त

लखनऊः दीपावली के पर्व पर अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के फलस्वरूप सरकार को बड़ी सफलता मिली है। जनपद सोनभद्र और सहारनपुर में लाखों रुपये की अवैध विदेशी शराब पकड़ी गई है। इसकी अनुमानित कीमत 65 लाख रुपये बताई जा रही है। दरअसल मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने 5 नवंबर को समूचे उत्तर प्रदेश में दीपावली पर्व के दृष्टिगत अवैध शराब के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने का आदेश जारी किया था।

'कांग्रेस को वोट देना मतलब बाबर-औरंगजेब को समर्थन देना'

टीम एक्शन इडिया/खंडवा
कमलनाथ अपने आपको हनुमान जी का भक्त बताते हैं। अगर कमलनाथ जी हनुमान जी के भक्त हैं तो उन्होंने और कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण में रोड़े क्यों अटकाए। कमलनाथ जी के पास तो खुद का हेलीकॉप्टर है, राम भगवान के दर्शन करने क्यों नहीं गए। जन्मदिन पर मंदिर के आकार के आकार का केक काटा गया। कमलनाथ जी और कांग्रेस पार्टी चुनावी हिंदू है। कांग्रेस का यह हिंदुत्व हमें ठुकराना होगा। यह बात असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने खंडवा जिले के पंधाना में भाजपा प्रत्याशी छाया मोरे के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। सरमा ने कहा कि कांग्रेस को वोट देने का मतलब अब बाबर और औरंगजेब जैसे लोगों को देश में समर्थन देना है। सरमा ने खंडवा में भी जनसभा को संबोधित किया।
राम मंदिर कांग्रेस का कभी नहीं हो सकताः असम के मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि कांग्रेस कहती है राम मंदिर बीजेपी का नहीं है। हम कहते हैं हिंदुओं की आस्थाओं का है लेकिन राम मंदिर कभी कांग्रेस का नहीं हो सकता क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा मंदिर निर्माण में रोड़ा अटकाया।
राम मंदिर को प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी और मनमोहन सिंह तक बनवा सकते थे, लेकिन नहीं बनवाया। यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आकर करना पड़ा। सरमा ने कहा कि मैं पहले कांग्रेस में था और मध्यप्रदेश आना-जाना लगा रहता था।

कांग्रेस निशाने पर

8 राम मंदिर को नेहरू से लेकर राजीव गांधी और मनमोहन सिंह तक बनवा सकते थे, लेकिन नहीं बनवाया